मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 10:30 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 नवंबर 2024
वर्ष 4, अंक 284, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो 14

बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन 13

## चैंपियंस ट्रॉफी पर नहीं हो पाया निर्णय



- पीसीबी को हाइब्रिड मॉडल मंजूर नहीं, टूर्नामेंट न होने की स्थिति में हो सकता भारी नुकसान
- आज आईसीसी ले सकती है बड़ा फैसला समाधान निकलने तक जारी रहेगी बैठक

**दुबई/कराची।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कार्यकारी बोर्ड की चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर बुलाई गई आपात बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई क्योंकि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल में इस प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं करना चाहता है। बैठक शनिवार को फिर से होगी। बैठक संक्षिप्त रही क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने स्पष्ट किया कि भारतीय टीम को पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बावजूद उन्हें हाइब्रिड मॉडल मंजूर नहीं है। हाइब्रिड मॉडल के अनुसार भारतीय टीम प्रतियोगिता के अपने मैच किसी अन्य स्थान पर खेलती। आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देश के अधिकारी और बोर्ड के सदस्य ने कहा कार्यकारी बोर्ड की आज संक्षिप्त बैठक हुई। सभी पक्ष 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के सकारात्मक समाधान के लिए काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि बोर्ड शनिवार को फिर से बैठक करेगा और समाधान निकलने तक इसे जारी रखेगा।

### पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

इस बीच दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के रुख को दोहराया कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से जब नियमित संवाददाता सम्मेलन में भारतीय टीम के चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा बीसीसीआई ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं हैं और इसलिए यह संभावना नहीं है कि टीम वहां जाएगी। नकवी ने बैठक में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया क्योंकि वह पाकिस्तान का पक्ष रखने के लिए गुरुवार से दुबई में डटे हुए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह बैठक में ऑनलाइन सम्मिलित हुए। शाह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। यह पता चला है की हाइब्रिड मॉडल को एकमात्र समाधान के रूप में देखा जा रहा है और अगर टूर्नामेंट को स्थगित किया जाता है तो पीसीबी को 60 लाख डॉलर के मेजबानी शुल्क और गेट राजस्व से हाथ धोना पड़ेगा।

# राज कुंद्रा-शिल्पा शेट्टी के घर प्रवर्तन निदेशालय का छापा

## कानपुर, गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापेमारी, मामला पोर्नोग्राफी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कानपुर

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा समेत कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की। मामला अश्लील कंटेंट (पोर्नोग्राफी) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का है, जिसे लेकर मुंबई के अलावा उत्तर प्रदेश में करीब 15 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।

इस छापेमारी का उद्देश्य मोबाइल एप्लिकेशन और अन्य माध्यमों से अश्लील कंटेंट बनाने के साथ इसके प्रसार, खरीद-फरोख्त में संदिग्धों की भूमिका का राजफाश करना है। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को कानपुर, कुशीनगर समेत कई जिलों में ईडी ने छापेमारी की। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राजकुंद्रा बड़े कारोबारी हैं। राज कुंद्रा के खिलाफ ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की टीम राजकुंद्रा प्रोडक्शन का काम देखने वाले कर्मचारियों और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। राजकुंद्रा के एक करीबी अतुल श्रीवास्तव को गोरखपुर से ईडी ने हिरासत में लिया। अतुल के पडरौना बैंक खाते से लेन-देन के शक में जांच की जा रही है। सॉफ्टवेयर कंपनी चलाने वाले अतुल के पडरौना स्थित घर में पिता प्रमोद श्रीवास्तव और मां से पूछताछ की गई। राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी और मनी लांड्रिंग के मामले में राज प्रोडेक्शन का काम संभालने वाले अरविंद श्रीवास्तव के कानपुर में श्यामनगर स्थित सदन अपार्टमेंट के फ्लैट पर भी सुबह 8.30 बजे ईडी ने छापेमारी की। अरविंद मौके पर नहीं मिला, लेकिन टीम ने उसके पिता नर्वदा श्रीवास्तव से पूछताछ की। देर शाम 7 बजे तक पूछताछ और छानबीन जारी थी। अरविंद कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद पत्नी हर्षिता के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभाल रहा था। सूत्रों ने बताया कि अरविंद की पत्नी हर्षिता के बैंक खाते में मई 2019 से 2021 के बीच 2 करोड़ 33 लाख 222 रुपये आए थे। इसी के बाद हर्षिता और अरविंद की जांच चल रही है। वर्ष 2021 में मुंबई पुलिस ने एक लड़की की शिकायत पर कुंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने पोर्न फिल्म बनाने के ठिकाने पर छापेमारी की और कुंद्रा समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया था। ताजा कार्रवाई में ईडी ने 27 नवंबर को नोटिस दिया था।

### 40 प्रतिष्ठानों पर आयकर की छापेमारी जारी

**लखनऊ/कानपुर :** आयकर विभाग की टीम कानपुर की एक बड़ी इस्पात कंपनी समेत उनसे जुड़े 40 से अधिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर रही है। कानपुर के साथ ही उन्नाव, हमीरपुर, गाजियाबाद, नोएडा समेत कई शहरों में आयकर टीमें जांच करती रहीं। कंपनी संचालक के आवास, अलग-अलग शहरों में संचालित फैक्ट्रियों के अलावा कारोबार से जुड़े कई व्यापारियों के ठिकानों पर भी टीमें पहुंचीं। टैक्स चोरी, मुखौटा कंपनियां व खरीद-फरोख्त में बड़ी गड़बड़ियों के साक्ष्य मिलने की सूचना है।

## एक नजर

### संसद की कार्यवाही 2 दिसंबर तक स्थगित

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद, जबकि लोकसभा की बैठक दोपहर 12:10 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। अब कार्यवाही 2 दिसंबर को शुरू होगी।

### मप्र में करंट लगने से जंगली हाथी की मौत

**सतना।** मध्यप्रदेश के मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के कुंआ गांव में करंट लगने से एक जंगली हाथी की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार 11 केवी की विद्युत लाइन के तार के छू जाने के कारण गुरुवार की रात एक जंगली हाथी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार हेतु हाथी को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

### नौसेना ने पकड़ा 500 किग्रा क्रिस्टल मेथ

**मदुरै।** भारतीय और श्रीलंकाई नौसेनाओं ने एक संयुक्त अभियान में अरब सागर में श्रीलंकाई ध्वज वाले दो मछली पकड़ने वाले जहाजों से लगभग 500 किग्रा क्रिस्टल मेथामफेटामाइन जब्त किया। शुक्रवार को आधिकारिक बयान में कहा गया कि नौसेना ने मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में करीब 500 किग्रा नशीला पदार्थ जब्त किया गया।

# निचली अदालत मस्जिद सर्वे पर आगे न बढ़े

## संभल विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट जाने को कहा, तब तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण विवाद के मामले शुक्रवार को जिला अदालत से कहा कि वह हाईकोर्ट में सुनवाई होने तक कोई कार्यवाही न करे। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने और राज्य सरकार को इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने प्रदेश सरकार को उस क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया, जहां भारी पथराव के दौरान पांच उपद्रवियों की पिछले दिनों मौत हो गई थी। पीठ ने आदेश दिया कि यदि कोई पुनरीक्षण आवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर हाईकोर्ट में तीन दिनों के अंदर सुनवाई की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की सर्वेक्षण रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में रखी जाए। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो उन्हें (शाही जामा मस्जिद समिति) उचित उपाय करने दें। हम इसे लंबित रखेंगे। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि यह सर्वेक्षण करने का आदेश जनता को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है। पीठ ने कहा कि हमें उम्मीद है और भरोसा है कि ट्रायल कोर्ट कोई कार्यवाही नहीं करेगा। हमने गुण-दोष के आधार पर कोई राय नहीं दी है। वादीगण के अनुसार, शाही जामा मस्जिद का निर्माण मुगल बादशाह बाबर ने श्री हरिहर मंदिर को ध्वस्त कर 1526 में करवाया था।



चंदौसी में कोर्ट के बाहर मौजूद भारी पुलिस बल। ● अमृत विचार

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में दो और याचिकाएं दाखिल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में संभल में हुई हिंसा को लेकर दो और याचिकाएं दाखिल की गई हैं। पहली याचिका में संभल के जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक, संबंधित एसएचओ तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता साहेर नकवी और मोहम्मद आरिफ के माध्यम से यह याचिका दाखिल की गई। इसके अलावा पुलिस की गोलीबारी पर सवाल उठाते हुए नागरिक अधिकार संरक्षण संगठन द्वारा अधिवक्ता पवन कुमार यादव के माध्यम से एक अन्य याचिका दाखिल की गई है।

### सुनवाई टली, अब 8 जनवरी को होगी

- कड़ी सुरक्षा के बीच पेश हुए दोनों पक्षों के अधिवक्ता
- सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया 10 दिन का समय

**चन्दौसी।** कड़ी सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में शुक्रवार को जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाले मामले की सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर न्यायालय ने 10 दिन का समय सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया। न्यायालय में आगामी सुनवाई 8 जनवरी को होगी। अदालत ने कहा कि इस बीच जामा मस्जिद में कोई सर्वे नहीं होगा। सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष से विष्णु शंकर जैन के स्थान पर श्रीगोपाल शर्मा और मुस्लिम पक्ष की ओर से शकील वारसी समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह की कोर्ट में दिन में 11.20 बजे सुनवाई शुरू हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव ने प्रार्थना पत्र देकर सर्वे रिपोर्ट तैयार नहीं होने की बात कही। रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर कोर्ट ने 10 दिन में रिपोर्ट पेश करने को कहा। मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता ने मंदिर पक्ष के दावे की कापी नहीं मिलने की बात कही। कोर्ट ने मस्जिद पक्ष को दावे की कापी देने के निर्देश दिए।

### जनवरी में सूचीबद्ध करने का निर्देश

पीठ ने मामले को 6 जनवरी से शुरू सप्ताह में विचार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष वादी हरि शंकर जैन और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि सिविल जज के समक्ष सुनवाई की तिथि 8 जनवरी तय है।

### मथुरा शाही ईदगाह मामले में 9 दिसंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित हिंदू पक्ष के 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम इस पर 9 दिसंबर को दोपहर 2 बजे विस्तार से विचार करेंगे। हमें यह तय करना है कि कानूनी स्थिति क्या है।

# दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि घटकर 5.4 प्रतिशत पर आई

- दो साल के निचले स्तर पर, एक साल पहले 8.1 % पर थी

नई दिल्ली, एजेंसी

विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। एक साल पहले की समान अवधि में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। जीडीपी एक निश्चित अवधि में देश की सीमा में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मुल मूल्य को बताता है।

आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था धीमी होकर 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। जीडीपी वृद्धि का पिछला निम्न स्तर वित्त वर्ष 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 4.3 प्रतिशत रहा था। जीडीपी वृद्धि में आई इस सुस्ती के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि 4.6 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर (सकल मूल्य वर्धन) पिछली तिमाही में 3.5 प्रतिशत हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 1.7 प्रतिशत थी। हालांकि आलोच्य अवधि में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 2.2 प्रतिशत पर आ गई जो पिछले साल की समान अवधि में 14.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

### चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 6 % की वृद्धि

दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े आने के साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में जीडीपी वृद्धि छह प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बनी हुई है। ।एनएसओ ने एक बयान में कहा कि 2024-25 की दूसरी तिमाही में स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार 44.10 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जबकि 2023-24 की दूसरी तिमाही में यह 41.86 लाख करोड़ रुपये थी। यह जीडीपी में सालाना आधार पर 5.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

# संस्कृत भाषा के संरक्षण व प्रचार-प्रसार की जरूरत



उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपस्थित राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि)। ● अमृत विचार

- उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार के दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल गुरमीत सिंह

ब्यूरो, हरिद्वार

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि संस्कृत एक चमत्कारिक भाषा है जिसके मंत्रों के उच्चारण मात्र से विभिन्न कार्य संपन्न हो जाते हैं। उन्होंने संस्कृत के संरक्षण, संवर्द्धन और प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करने पर जोर दिया।

राज्यपाल शुक्रवार को उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार में दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्यपाल ने स्वामी गोविंद देव गिरी, डॉ. चिन्मय पंड्या एवं आचार्य श्रीनिवास बरखेड़ी को विद्या वाचस्पति (डी लिट) की उपाधि प्रदान की। छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, पीएचडी उपाधि सहित स्नातक एवं परास्नातक उपाधि देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के नव निर्माण में युवाओं की बड़ी भूमिका होती है। हमारे देश में युवाओं की संख्या 65 प्रतिशत है। युवाओं को तो केवल समुचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है, वे दुनिया को बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत से बड़ा दूसरा कोई साधन नहीं है जो संपूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकता हो। हमें संस्कृत भाषा की क्षमता को पहचानना है, इस पर शोध करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। इसका साहित्य भी विशाल है। संस्कृत में असंख्य ग्रंथ उपलब्ध हैं। जब दुनिया के अन्य हिस्सों में लोग सामान्य जीवन जी रहे थे तब हमारे देश में ऋषि मुनि दिव्य दृष्टि एवं अलौकिक दिव्य शक्तियों एवं साधना के द्वारा मानवता के कल्याण के लिए प्रयासरत थे। उन्होंने सभी से संस्कृत की दिव्यता, भव्यता, पवित्रता और स्वच्छता के लिए योगदान देने की अपील की। कहा कि किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति होती है। उन्होंने कहा कि जब तक किसी देश की संस्कृति जिंदा रहती है उस देश का अस्तित्व बना रहता है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री एवं सचिव संस्कृत शिक्षा दीपक कुमार उपस्थित थे।

# तय करनी होगी जवाबदेही अब लेने होंगे कठोर निर्णय



- पार्टी वर्किंग कमेटी की बैठक में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार को पार्टी के लिए बड़ा झटका करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि अब जवाबदेही तय करने के साथ ही कठोर निर्णय लेने होंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी नेताओं को अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और पार्टी को पुराने ढर्रे की राजनीति से हर बार सफलता नहीं मिल सकती।

खरगे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। उन्होंने वायनाड से प्रियंका गांधी वाड्रा और नांदेड़ से रवींद्र चव्हाण के लोकसभा उपचुनाव जीतने पर उन्हें बधाई दी। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में हुई इस बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और पार्टी के कई अन्य नेता शामिल हुए।

## महाराष्ट्र में बस पलटने से 11 यात्रियों की मौत

**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार दोपहर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस पलट जाने से 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एमएसआरटीसी बस शिव शाही 36 यात्रियों को लेकर भंडारा से गोंदिया जिले की ओर जा रही थी, लेकिन एक अन्य वाहन से आगे निकलने की कोशिश में सदाकरजुनी तालुका के दाव्वा गांव में बस पलट गई। हादसा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। अधिकारी ने बताया कि घायल यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मृतकों के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की।

## बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा का निधन

**रांची।** आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा की शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मंगल मुंडा (45) एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और यहां राज्य के शीर्ष अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में उनका इलाज किया जा रहा था। उन्होंने रिम्स में रात साढ़े 12 बजे अंतिम सांस ली। झारखंड के खूंटी जिले में 25 नवंबर को एक यात्री वाहन की छत से गिरने के कारण मंगल मुंडा के सिर में गंभीर चोट आई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंडा के निधन को आदिवासी समाज के लिए क्षति बताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी शोक व्यक्त किया है।

# चारधाम प्रवास स्थलों की यात्रा शुरू हो : धामी

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** राज्य में मौजूद चारधाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो चुके हैं। अब सरकार शीतकालीन चारधाम यात्रा को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। ताकि, श्रद्धालु यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के शीतकालीन प्रवास स्थलों के दर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर शीतकालीन चारधाम यात्रा शुरू करने के साथ व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन चारधाम यात्रा के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। शीतकालीन प्रवास स्थलों पर आने वाले तीर्थ यात्री और पर्यटक अगर गढ़वाल मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउस में रुकते हैं, तो उन्हें किराए में 10 प्रतिशत की छूट दी जाए। मुख्यमंत्री ने 'रजतोत्सव सशक्त उत्तराखंड योजना' की अल्पकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं की भी समीक्षा की और योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को विशेष नियमावली तैयार की जाए।



- श्रद्धालुओं को जीएमवीएन के होटलों में किराए में मिलेगी 10 % छूट

### चारधाम के प्रवास स्थल

रुद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर भगवान केदारनाथ का शीतकालीन निवास स्थान है। पांडुकेश्वर और ज्योतिर्मठ में भगवान बद्री और उद्धव जी की सर्दियों में पूजा की जाती है। शीतकाल में मां यमुना खरसाली में प्रवास करती हैं। मां गंगा हर्षिल के पास भागीरथी नदी तट पर स्थित गांव मुखबा में प्रवास करती हैं। इन सभी शीतकालीन धामों के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खुले रहेंगे, जिससे चारधाम यात्रा साल भर चलेगी।

विडंबना

लंबी पढ़ाई और हाई रिस्क जोन बना बड़ी वजह, अमृत विचार ने वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर जाना सर्जरी का भविष्य

# सर्जिकल विशेषज्ञता लेने से कतरा रहे एमबीबीएस डॉक्टर्स

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन्स की मांग के बावजूद एमबीबीएस डॉक्टर्स नॉन सर्जरी जैसे पाठ्यक्रम को अधिक महत्व दे रहे हैं। इस वर्ष नीट पीजी ऑल इंडिया काउंसलिंग में इसके प्रमाण मिले हैं।

पहले राउंड में मात्र 14 प्रतिशत एमबीबीएस चिकित्सकों ने एमएस (सर्जरी की सभी शाखाएं) में दाखिला लिया है। ये डॉक्टर, विशेषज्ञ तो बनेंगे मगर सर्जन नहीं होंगे। विशेषज्ञों से इसका कारण पूछा गया तो किसी ने इसकी वजह अस्पतालों में तोड़फोड़, मरीज-तीमारदारों का अभद्र व्यवहार बताया तो किसी ने लंबी पढ़ाई व महंगे सेटअप का हवाला दिया। सर्जरी का भविष्य क्या होगा, अमृत विचार ने इस सवाल का जवाब वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर समझा।



"विशेषज्ञता कोई भी हो, सरकारी नौकरी में वेतन बराबर है। जबकि सर्जन को इमरजेंसी समेत हर स्तर पर सतर्क रहना पड़ता है। सर्जिकल ब्रांच में इमरजेंसी होती है, जिससे सरर्जन्स की निजी लाइफ खासी प्रभावित होती है। कम एडमिशन हो रहे हैं, भविष्य में इसका खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सीटें सभी फुल होती हैं।

– **प्रो. निशा सिंह**, क्वीन मेरी, केजीएमयू



"मेडिको लीगल मामले अधिक आते हैं, आए दिन मारपीट की घटनाएं हो रहीं हैं। सभी डॉक्टर अपनी जान बचाना चाहते हैं और सुरक्षित जोन चुन रहे हैं। टापर्स के पास विकल्प होता है, इसलिए नॉन सर्जरी ब्रांच अपना रहे हैं। इतना ही नहीं अच्छा सर्जन बनने में करीब 40 साल की उम्र बीत जाती है।

– **डॉ. अंकित पचौरी**, पूर्व उपाध्यक्ष आरडीए कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ



"जनरल सर्जरी के बाद बाद सुपर स्पेशयलिटी करनी होती है। सर्जरी सीखने में समय अधिक लगता है। ओटी सेटअप लगाना अत्यधिक महंगा है। साथ ही इलाज से असंतुष्ट होने पर तीमारदारों के अभद्र व्यवहार की वजह से सर्जरी क्षेत्र हाई रिस्क जोन बन चुका है। इसलिए युवा डॉक्टर्स नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।

– **प्रो. जेडी रावत**, विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक सर्जरी, केजीएमयू



"सर्जन ही नहीं, स्त्री रोग विशेषज्ञों को भी रात-दिन ड्यूटी करनी होती है। इमरजेंसी ड्यूटी करने का घर-परिवार पर खासा प्रभाव पड़ता है। प्रसव के दौरान ब्लीडिंग होने का खतरा ज्यादा होता है। अगर सुरक्षित प्रसव के लिए सिजेरियन किया तो रुपये कमाने के आरोप लगते हैं। डॉक्टर तनाव नहीं सुकून चाहता है। इसलिए टॉपर्स, जिसके पास विकल्प हैं, नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं। इतना ही नहीं नॉन क्लीनिकल ब्रांचों में भी मेडिकल छात्र बढ़ रहे हैं। – **डॉ. अतुल कुमार अग्रवाल**, बाल रोग विशेषज्ञ, बरेली।

# होटल में मिला एक्सपायरी मसाला, रेस्टोरेंट में कीड़े

खाद्य सुरक्षा, ड्रग और राजस्व विभाग की टीम ने चलाया संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान

## दो होटल और एक रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ विधिक कार्रवाई की संस्तुति

कार्रवाई

▸▸ एक आटे और दो मैदे के नमूने भी संग्रहित किये

संवाददाता, नैनीताल



मल्लीताल बाजार स्थित मेडिकल स्टोर में दवाओं की जांच करते ड्रग विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा, ड्रग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को नगर के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंटों और मेडिकल स्टोरों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक प्रतिष्ठित होटल व रेस्टोरेंट में एक्सपायरी मसाला मिला। जबकि एक अन्य रेस्टोरेंट के किचन में कीड़े घूमते पाये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने तीनों प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की संस्तुति की है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देश पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने और एक्सपायरी दवाओं को बेचने पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग, ड्रग विभाग व राजस्व विभाग की टीम ने शहर में चेकिंग अभियान चलाया। संयुक्त निरीक्षण अभियान मल्लीताल बाजार क्षेत्र में चलाया गया।

इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से आठ व ड्रग विभाग की ओर से चार प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से मल्लीताल में एक प्रतिष्ठित होटल व एक रेस्टोरेंट में एक्सपायरी मसाले मिले।

जबकि एक रेस्टोरेंट के किचन में कीड़े घूमते पाए गये। जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने तीनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की संस्तुति की। साथ ही एक आटे और दो मैदे के नमूने भी संग्रहित किये। जबकि ड्रग विभाग की ओर से लाइसेंस से संबंधित शर्तों की जांच की गई। टीम में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट, तहसील प्रशासन से राजस्व उपनिरीक्षक प्रकाश सैनी शामिल रहे।

## उप महाधिवक्ता स्थायी समेत 15 अधिवक्ता नियुक्त



**नैनीताल :** हाईकोर्ट में राज्य की ओर से पैरवी के लिए शासन ने सरकारी अधिवक्ताओं की संख्या में वृद्धि की है। न्याय एवं विधि विभाग के प्रमुख सचिव प्रदीप पंत की ओर से शुक्रवार को जारी आदेश में 4 उप महाधिवक्ता, 1 स्थायी अधिवक्ता, 2 सहायक शासकीय अधिवक्ता व 8 ब्रीफ होल्डर नियुक्त किए गए हैं जबकि पहले से ही 50 सरकारी अधिवक्ता हाईकोर्ट में तैनात हैं। जारी सूची के अनुसार एनएस पुंडीर, गणेशदत्त कांडपाल, मनीषा राणा सिंह व शैलेन्द्र सिंह चौहान को उप महाधिवक्ता बनाया गया है । संदीप कुमार को स्थायी अधिवक्ता, गिरीश चन्द्र जोशी व सिद्धार्थ बिष्ट को सहायक शासकीय अधिवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा 8 वाद धारक बनाए गए हैं जिनमें प्रदीप लोहनी, हिमांशु सेन, प्रभात कांडपाल, श्वेता बडोला डोभाल, विकास उनियाल, हरगोविंद पन्त, दिनेश बनकोटी व नवीन तिवारी शामिल हैं।

# खो-खो में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन




इंटर स्कूल खो-खो टूर्नामेंट के समापन पर मौजूद खिलाड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन (पीएसए) के तत्वावधान में टैगोर पब्लिक स्कूल में आयोजित इंटरस्कूल खो-खो टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ। प्रतियोगिता में शहर के 24 स्कूलों ने हिस्सा लिया और विभिन्न श्रेणियों में शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। अंडर- 14 जूनियर गर्ल्स वर्ग में निमोनिक कॉन्वेंट स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जबकि इंद्रा एकेडमी हल्दूचौड़ की टीम उपविजेता रही।

अंडर- 14 जूनियर बॉयज में भी निमोनिक कॉन्वेंट स्कूल ने टैगोर पब्लिक स्कूल को हराकर शानदार जीत दर्ज की। अंडर- 19 सीनियर गर्ल्स वर्ग में निमोनिक कॉन्वेंट स्कूल ने एक और जीत दर्ज करते हु इंपीरियम पब्लिक स्कूल गौलापार को हराया। अंडर- 19 सीनियर बॉयज में एवरग्रीन स्कूल बेरीपड़ाव ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल की और निमोनिक कॉन्वेंट स्कूल उपविजेता रहा। सभी विजेता टीमों को कड़ी मेहनत और खेल भावना के लिए बधाई दी और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि टैगोर पब्लिक स्कूल के चेयरमैन जगदीश चंद्र सिंह पिमोली, पीएसए के अध्यक्ष कैलाश भगत, सौरव पाठक, गौरव पाठक, पान सिंह बिष्ट और राजेंद्र कांडपाल आदि मौजूद रहे।

## पिकअप चालक पकड़ा, वाहन सीज

**नैनीताल :** नैनीताल-कालाढूंगी रोड पर कार को टक्कर मारकर फरार हुए पिकअप चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में घायल हुए युवकों के परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया है। गुरुवार को नैनीताल से कालाढूंगी जा रहे पिकअप वाहन ने कार को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार चार युवक घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायलों के परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने शुक्रवार को फरार वाहन चालक को पकड़ लिया। मल्लीताल में पिकअप वाहन चालक व घायलों के परिजनों की आपसी वार्ता के दौरान हंगामा हुआ। हालांकि पिकअप वाहन चालक ने अपनी गलती स्वीकार की। युवकों के परिजनों ने चालक पर गलत तरीके से वाहन चलाने का आरोप लगाया। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि कालाढूंगी निवासी पिकअप चालक सलीम के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया गया है।

# स्वास्थ्य शिविर का 50 लोगों ने उठाया लाभ



शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने आये मरीज। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** ग्राम सभा भुमका में आरोही संस्था की ओर से विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने लाभ उठाया।

शिविर में करीब 50 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान हीमोग्लोबिन, शुगर, डायबिटीज आदि की जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों को विशेष परामर्श दिया गया। उचित दरों पर दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान किया। निवर्तमान ग्राम प्रधान मुकेश चंद्र बौद्ध ने शिविर में सहभागिता कर आरोही संस्था का आभार जताया।

## डीएसबी में शुरू हुई विषम सेमेस्टर परीक्षाएं

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में विषम सेमेस्टर परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो गई हैं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार से व्यवधान या अवरोध होने की संभावनाओं के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों एवं उसके 100 मीटर की परिधि में निषेधात्मक उद्घोषणा की जानी आवश्यक है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि समस्त परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर के भीतर उक्त अवधि में जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट अथवा अन्य संबंधित क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट की पूर्वानुमति के बिना किसी सार्वजनिक स्थान पर पांच से अधिक व्यक्ति समूह में एकत्र नहीं होंगे। सार्वजनिक सभा और जुलूस पर प्रतिबंध रहेगा।

# दीक्षांत समारोह में 90 प्रतिशत से अधिक छात्राओं को मिलेंगे पदक

▸▸ 16 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जायेगा कुमाऊं विवि का 19वां दीक्षांत समारोह

▸▸ आयोजन के लिए विवि स्तर पर कमेटी गठित

संवाददाता, नैनीताल




**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय का 19वां दीक्षांत समारोह 16 दिसंबर को डीएसबी परिसर के एएन सिंह सभागार में धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह में कुलाधिपति ले. जर्नल (सेनि) गुरमीत सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत समेत अन्य लोग मेधावी छात्र-छात्राओं को उपाधि वितरित करेंगे।

जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीएस रावत ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राजभवन से कुलाधिपति की ओर से आयोजन के लिए 16 दिसंबर कीं तिथि पर सहमति दी गई है।

समारोह में मानद उपाधि के साथ डी-लिट और डीएससी की उपाधियों के लिए जल्द नाम तय होंगे। आयोजन के लिए विवि स्तर पर कमेटी गठित कर दी गई है। इधर, बताया जाता है कि कुमाऊं विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में लगातार मेधावियों की सूची में बेटियों का जलवा कायम है। विश्वविद्यालय की ओर से चयनित छात्राओं को कुलपति की ओर से स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक दिए जाएंगे। विभिन्न पुरस्कारों के लिए प्रस्तावित टापर्स में 90 प्रतिशत से अधिक छात्राएं शामिल हैं। विवि की वेबसाइट में जारी प्रस्तावित मेरिट सूची में 90 प्रतिशत नाम बेटियों के हैं।

### इन बेटियों को मिलेंगे पदक

एमए भूगोल में एमबीपीजी हल्द्वानी की रिया पंत, एमएससी रसायन में एमबीपीजी की शालिनी, तनुजा भट्ट, डीएसबी परिसर की वैष्णवी, बीएड में जेएन काल संस्थान भीमताल की पूनम सुयाल, एमएससी बायो-टेक्नोलाजी में बायोटेक भीमताल की प्रेरणा पांडे, मास्टर ऑफ जर्नलिज्म में डीएसबी की सुशीला मेहरा, एमए संस्कृत में एमबीपीजी के दीपक पाठक, बीकॉम में एमबीपीजी की रिया मोटवानी, एमएससी भौतिकी में महिला डिग्री कॉलेज हल्द्वानी की आशा रावत, लॉ में वासुदेव लॉ कॉलेज हल्द्वानी की सविता पांडे, हिंदी में महिला डिग्री कॉलेज की नेहा, एमए अर्थशास्त्र में एमबीपीजी की भूमिका मर्तोलिया, बीए सेमेस्टर मोड में श्री गुरुनानक नानकमत्ता की कमला, डीएसबी की पूजा मिश्रा व शिवानी जलाल, बीए वार्षिक मोड में महिला डिग्री कॉलेज की नित्या पांडे, बीएवी बालिका कॉलेज जसपुर की प्रज्ञा भास्कर व पीजी कॉलेज रामनगर की श्रेया त्रिपाठी आदि शामिल हैं। हालांकि नामों में बदलाव आवेदन के आधार पर बदल भी सकते है।

“ दीक्षांत समारोह 16 दिसंबर को होगा। विश्वविद्यालय की ओर से प्रस्तावित सूची जारी की गई है। पदक पाने के लिए छात्र-छात्राओं से नाम मांगे गये हैं। साथ ही आपत्तियां मांगी गई हैं, जिसके बाद ही सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। अधिकांश मेडल व पुरस्कार में विवि की छात्राओं का नाम दिख रहा है, जो गर्व की बात है

-प्रो. दीवान सिंह रावत, कुलपति

# तलवार दंपती ने निकाला उल्टा पैदल मार्च

▸▸ 30 साल से कर रहे जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग

संवाददाता, नैनीताल




नैनीताल में उल्टा पैदल मार्च करते तलवार दंपती। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देश में जनसंख्या कानून बनाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की मांग को लेकर पिछले 30 सालों से मेरठ के तलवार दंपती उल्टा पैदल मार्च निकाल रहे हैं।

शुक्रवार को नैनीताल पहुंचे तलवार दंपती ने माल रोड, पंत पार्क समेत शहर के अन्य स्थानों पर जाकर उल्टा पैदल मार्च निकाला और जनसंख्या नियंत्रण का संदेश दिया। मेरठ के सरस्वती लोक निवासी दिनेश तलवार ने बताया कि वह वर्ष 1994 से जनसंख्या नियंत्रण को लेकर अभियान चला रहे हैं। 1992 में जब नरसिम्हा राव की सरकार थी, तब से वह इस पर कार्य कर रहे हैं। 1992 के बाद जितने भी प्रधानमंत्री रहे तलवार दंपती ने सभी से मिलने का समय मांगा, लेकिन अभी तक उनको निराशा ही हाथ लगी है।

जनसंख्या नियंत्रण पर वह अब तक देश के 400 से अधिक शहरों में उल्टा पैदल मार्च कर लोगों को जागरूक कर चुके हैं। दिनेश और दिशा तलवार अपने पुत्र यश तलवार और पुत्री सिमरन को साथ लेकर अभियान चलाते हैं। दिनेश ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण पर अभियान चलाकर वह नैनीताल से दिल्ली जंतर-मंतर जाएंगे और वहां प्रधानमंत्री के नाम संदेश देने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है कि मोदी सरकार उन्हें मिलने का समय देगी और जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनायेगी।

कहा कि जब तक प्रधानमंत्री मिलने का समय नहीं देते तब तक उनकी पदयात्रा जारी रहेगी।

# बाजार दर से तय होगा दुकानों का किराया

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ नगर पालिका प्रशासन ने लिया निर्णय, दुकानदार चिंतित

**अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन ने क्षेत्र में स्थित सभी दुकानों के किराये को अब बाजार दर पर तय करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों के अनुसार अब शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थित पालिका की दुकानों का किराया मौजूदा बाजार दरों के अनुसार लिया जाएगा।

शहर में पालिका के पास करीब 500 से अधिक दुकानें हैं, जिनमें से अधिकतर का किराया अब तक पांच हजार रुपये सालाना से भी कम था। यह दुकानें मुख्य रूप से स्थानीय व्यापारियों और छोटे दुकानदारों की ओर से संचालित की जाती रही हैं। हालांकि, लंबे समय से पालिका ने इन दुकानों के किराए में कोई वृद्धि नहीं की थी, जिससे किराए के हिसाब से कई दुकानें बहुत सस्ती हो गई थीं। नगर पालिका के इस फैसले के बाद दुकानों का किराया बाजार की वर्तमान दरों के हिसाब से बढ़ने की संभावना है। यह कदम पालिका की वित्तीय स्थिति को सुधारने और शहर के विकास कार्यों के लिए जरूरी संसाधन जुटाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस फैसले के बाद कुछ दुकानदारों ने चिंता व्यक्त की है कि इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ सकता है। ईओ दीपक गोस्वामी ने कहा कि नए किराए का निर्धारण पारदर्शिता और उचित मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा, जिससे दुकानदारों को कोई असुविधा न हो।

## शिलौटी गांव में गुलदार दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**भीमताल, अमृत विचार :** नौकुचियाताल के शिलौटी गांव में गुलदार दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों को गांव से थोड़ी दूर गुलदार के पंजों के निशान मिले हैं। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने बताया कि ग्रामीणों को सचेत रहने को कहा गया है। ग्रामीणों को विभाग की ओर से चारा उपलब्ध कराया जा रहा है। डीएम के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने प्राथमिक और इंटर कॉलेजों को बंद रखा है।

इधर, निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता राकेश बृजवासी, नितेश बिष्ट, ममता बिष्ट, रामपाल सिंह गंगोला, कार्तिक कर्नाटक ने वन विभाग से शीघ्र गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

# केदारनाथ सीट पर जीत के लिए सीएम को दी बधाई



सीएम धामी को बुके देते मनोज जोशी व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** निवर्तमान सभासद व पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जोशी, नितिन कार्की व विकास जोशी ने शुक्रवार को देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से मुलाकात की और केदारनाथ सीट पर जीत दर्ज करने के लिए बधाई दी। उन्होंने निकाय चुनाव को लेकर नैनीताल नगर पालिका सीट की वर्तमान स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। आश्वस्त किया कि इस बार नैनीताल नगर पालिका सीट पर भाजपा का परचम लहरायेगा। मनोज व नितिन ने निकाय चुनाव में सामान्य सीट पर अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की है।

धर्म-आस्था

हवन अनुष्ठान से जनमानस में किया जा रहा धार्मिक चेतना का संचार

# सामाजिक समरसता का केंद्र बना गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़

गौतम भट्ट, हल्दूचौड़

▸▸ वर्ष 1987 में हुई थी गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना

▸▸ सौंदर्यीकरण में हरीश चंद्र दुर्गापाल का अहम योगदान

**अमृत विचार :** वेद की बोलें ऋचाएं सत्य को धारण करें, हर्ष में हों मग्न सारे शोक सागर से तरें... इस प्रार्थना के साथ नित्य गायत्री महामंत्र की गूंज के बीच शांतिकुंज हरिद्वार का प्रमुख केंद्र गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ आध्यात्मिक के साथ-साथ सामाजिक समरसता का महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है। यहां होने वाले हवन अनुष्ठान के जरिए जनमानस में धार्मिक चेतना का संचार किया जा रहा है। वहीं, सामूहिक यज्ञ एवं अन्य संस्कारों के एक साथ एक छत के नीचे कराने से भी सामाजिक समरसता का भाव प्रकट हो रहा है।

गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ जिसकी स्थापना वर्ष 1987 के आसपास की गई जो आज कुमाऊं का प्रमुख जोनल केंद्र बन चुका है। यह आध्यात्मिक गतिविधियों के प्रमुख संवाहक केंद्र के रूप में भी अपनी पहचान बना चुका है। जीआईसी हल्दूचौड़ से रिटायर्ड हिंदी के प्रवक्ता स्व. नवीन चंद्र जोशी ने गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना के लिए जमीन दान दी थी और पूर्व अपर शिक्षा निदेशक गौरी दत्त ओझा ने इसकी स्थापना में अहम योगदान दिया।

बाद में स्व. राम सिंह मेहता इसके प्रबंधक बने। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान गायत्री शक्तिपीठ को प्रचार-प्रसार के माध्यम से नई ऊंचाइयों पर



गायत्री शक्तिपीठ। ● अमृत विचार

पहुंचाया। स्व. राम सिंह मेहता के प्रयासों से ही गायत्री शक्तिपीठ का विस्तार होता गया।

पूर्व काबीना मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल के प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में लगभग एक एकड़ जमीन की व्यवस्था कराई गई। जहां वर्तमान में गायत्री कुंज है।

दुर्गापाल का गायत्री शक्तिपीठ के विस्तार व सौंदर्यीकरण में अभूतपूर्व योगदान है। गायत्री शक्तिपीठ एवं गायत्री कुंज में पूरे सालभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक एवं संस्कारमय कार्यक्रम कराये जाते हैं, लेकिन बसंत पंचमी पर यहां पर कुमाऊं का सबसे बड़ा एवं विराट कार्यक्रम होता है। जिसमें हजारों लोग पहुंचते हैं। यहां सामूहिक यज्ञोपवीत मुंडन विद्यारंभ संस्कार भी बड़े पैमाने पर संपन्न कराये जाते हैं। वेद मूर्ति तपोनिष्ठ युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जिन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थापना की, बसंत पंचमी को गायत्री परिवार की ओर से उनका आध्यात्मिक जन्म दिवस भी मनाया जाता है।

वर्तमान में गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ के प्रबंधक के रूप में बसंत पांडे अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिनके कुशल मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ एवं गायत्री कुंज हल्दूचौड़ नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। जिसका दिन पर दिन विस्तारीकरण किया जा रहा है। यहां मां भगवती विद्या निकेतन आठवीं तक के स्कूल का भी संचालन किया जाता है तथा स्वावलंबन के जरिए लोगों को स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान कराये जाते हैं। गायत्री कुंज में एक्यूप्रेशर पार्क एवं नवग्रहवाटिका बेहद दर्शनीय है।

# डिवाइडर से टकराई कार तीन पर्यटक हुए घायल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल-भवाली रोड पर देर रात पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार यूपी के तीन पर्यटक घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात तीन बजे यूपी के पर्यटकों की कार संख्या यूपी 70 एफपी-0339 भवाली से नैनीताल की ओर आ रही थी। पर्यटक कार से नैनीताल कैंट क्षेत्र में पहुंचे ही थे कि चालक को झपकी आ गई। झपकी आते ही कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही वहां पार्क एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके बाद किसी तरह घायलों को बीडी पांडे अस्पताल भेजा गया। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद अंकुर वर्मा, पूजा वर्मा व निशा वर्मा को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## कांग्रेस सेवा दल के ब्लॉक अध्यक्ष को पितृ शोक

**भीमताल :** कांग्रेस सेवा दल के ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम के पिता सदी राम का निधन हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, देवेंद्र सिंह चनोतिया, नीरज कुमार, रामपाल सिंह गंगोला, राकेश बृजवासी, सूरज मेहरा, गोपाल दत्त पलाडिया, हर्ष नौलिया, निखिल रावत, विपिन चंद्र, विपिन सनवाल शामिल थे।

## अलाव जलाने की मांग

**भीमताल :** नगर व आसपास के क्षेत्रों में ठंड बढ़ने लगी है। पूर्व में जहां नगर पंचायत की ओर से ठंड के मौसम में अलाव जलाने की व्यवस्था की जाती थी। वहीं, अब तक व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। निवर्तमान सभासद भारत लोशाली, नीरज रैकुनी, बंटी आर्या ने नगर पालिका प्रशासन व एसडीएम नैनीताल से अलाव जलाने की व्यवस्था करने की मांग की है।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 8476843488

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी

24.0° अधिकतम तापमान | 09.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.48 | सूर्यास्त 17.13

## एक नजर

### डीएम का जनसंवाद शिविर स्थगित

**हल्द्वानी :** जिलाधिकारी वंदना सिंह का शनिवार की सुबह आईटीआई परिसर में होने वाले जनसंवाद शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि इस शिविर में वार्ड 51 से 60 तक की जनता का समस्याओं पर सुनवाई की जाएगी। जल्द ही शिविर आयोजन की अगली तिथि बताई जाएगी।

### 24 घरों के कनेक्शन काटे, 44.5 लाख वसूले

**हल्द्वानी :** बिजली जलाकर हजारों बिल बनाकर जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ ऊर्जा निगम का अभियान जारी है। शुक्रवार को ग्रामीण और शहर वितरण खंड में निगम ने अभियान चलाकर 24 घरों के कनेक्शन काटकर 44 .5 लाख की वसूली की। विद्युत वितरण खंड शहर के ईई प्रदीप कुमार बिष्ट ने बताया कि कैंप के माध्यम से शुक्रवार को 9 .16 वसूलकर छह कनेक्शन काटे हैं। जबकि ग्रामीण में ईई बेगराज सिंह ने बताया कि 18 कनेक्शन काटकर 35 लाख की वसूली की गई है। कहा कि शनिवार को भी निगम की ओर से वसूली जारी रहेगी।

### लाइन शिफ्ट करने में पांच घंटे बंद रही सप्लाई

**हल्द्वानी :** सड़क चौड़ीकरण के बाद नए पोलों से लाइन शिफ्ट करने के कारण शुक्रवार को मुखानी और कठघरिया में पांच घंटे तक सप्लाई बंद रही। इससे पांच हजार से अधिक उपभोक्ताओं और व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर बिजली न होने के कारण पानी की आपूर्ति भी प्रभावित रही। ईई बेगराज सिंह ने बताया कि विद्युत पोल शिफ्ट करने के लिए सुबह दस से दिन में दो बजे तक मुखानी और कठघरिया में सप्लाई बंद रखी गई थी। कहा कि इसके लिए सूचना दी जा चुकी थी। उन्होंने बताया कि लाइन शिफ्टिंग का कार्य आगे भी जारी रहेगा।

# एमबीपीजी में हंगामा, प्राध्यापकों से अभद्रता, छात्र नेता गिरफ्तार

## कॉलेज के सभी गेटों और रसायन विज्ञान विभाग के गेट पर जड़ा ताला, परीक्षाएं स्थगित करने की मांग को लेकर किया बवाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** परीक्षाएं स्थगित करने व छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग पर एमबीपीजी कॉलेज के छात्रनेताओं का बवाल नहीं थम रहा है। कॉलेज में शुक्रवार को छात्रों ने जमकर बवाल किया जिस दौरान उन्होंने प्राध्यापकों के बहस और धक्कामुक्की भी की। छात्रों की अराजकता व अभद्रता बढ़ने पर प्राध्यापकों को भी अपने हाथ छोड़ने पड़े। बाद में पुलिस एक छात्रनेता व उसके बड़े भाई को कॉलेज से उठाकर भोटिया पड़ाव चौकी ले गई। कॉलेज में शुक्रवार सुबह छात्रनेता उमाशंकर तिवारी, उसका बड़ा भाई राजेंद्र तिवारी, छोटा भाई गौरव तिवारी और ललित मेवाड़ी के साथ कुछ अन्य छात्रों ने परीक्षाएं स्थगित कराने की मांग पर हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने कक्षाएं नहीं चलने दी और सुबह लगभग 9:30 बजे कॉलेज में तालाबंदी शुरू कर दी।

छात्रों ने कॉलेज के मुख्य गेट, पीछे की तरफ के गेट और रसायन विज्ञान विभाग के गेट पर ताला जड़ दिया। बाहर से ताला लगाने के कारण रसायन विज्ञान विभाग में एक छात्र अंदर फंस गया जिस पर प्राध्यापकों को ताला तोड़कर उसे बाहर निकालना पड़ा।


एमबीपीजी कॉलेज में हंगामे के दौरान छात्रनेता को समझाते प्राध्यापक व कर्मचारी। ● अमृत विचार

गेट पर ताला लगा होने के कारण कई प्राध्यापक अंदर प्रवेश नहीं कर पाए। इसके बाद सुबह लगभग 10:40 बजे प्राध्यापकों ने मुख्य गेट का ताला तोड़ दिया जिस पर छात्र उमाशंकर तिवारी के बड़े भाई ने कॉमर्स विभाग के प्राध्यापक सीएस जोशी के साथ अभद्रता शुरू कर दी। वह सीएस जोशी का कॉलर पकड़कर बदतमीजी करने लगा जिस दौरान बीच-बचाव में धक्कामुक्की हुई और प्राध्यापकों को मजबूरी में अपने हाथ छोड़ने पड़े। इसके बाद अन्य छात्र उसे बाहर ले गए। इसके कुछ देर बाद उमाशंकर तिवारी ने चीफ प्रॉक्टर डॉ. कविता बिष्ट के साथ बहस शुरू कर दी और वह उनके साथ बदतमीजी करने लगा।

जिस पर चीफ प्रॉक्टर ने उमाशंकर और ललित मेवाड़ी के विरुद्ध पुलिस चौकी में तहरीर दी। इसके बाद पुलिस उमाशंकर व उसके बड़े भाई को भोटिया पड़ाव चौकी ले गई। इधर, चीफ प्रॉक्टर डॉ. कविता बिष्ट ने बताया कि छात्र व उसके भाई ने प्राध्यापकों के साथ अभद्रता की जिस पर प्राचार्य ने पुलिस बुलाई और लिखित माफीनामा पर छोड़ने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की कार्रवाई में कॉलेज प्रशासन हस्तक्षेप नहीं कर सकता।


कॉलेज के गेट पर ताला लगाते छात्र नेता। ● अमृत विचार

### कॉलेज प्रशासन और पुलिस पर लगाया आरोप

छात्रनेता उमाशंकर तिवारी ने कॉलेज प्रशासन और पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। बताया कि उनकी ओर से एक दिन पूर्व तालाबंदी और शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने की सूचना दी गई थी। बताया कि जब शुक्रवार को उन्होंने मुख्य गेट पर ताला लगाया और इसके बाद पीछे के गेट पर ताला लगाने के बाद वापस मुख्य गेट के पास पहुंचे तो ताला तोड़ा गया था और चीफ प्रॉक्टर डॉ. कविता बिष्ट सहित अन्य प्राध्यापक उनके साथ धक्कामुक्की करने लगे। इस दौरान जब उसका बड़ा भाई राजेंद्र और छोटा भाई गौरव बीच-बचाव के लिए आया तो प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने उसके साथ भी हाथापाई शुरू कर दी। विरोध करने पर प्राध्यापकों के साथ बहस शुरू हो गई। कुछ देर बाद प्राचार्य के फोन करने पर पुलिस उन्हें भोटिया पड़ाव चौकी ले गई और माफीनामा पर छोड़ने की बात कही गई थी लेकिन बाद में चौकी से कोतवाली ले जाया गया और देर शाम तक छात्रनेता को नहीं छोड़ा गया था।

## जनसुनवाई से पहले आई सफाई व झाड़ी काटने की याद

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** डीएम की जनसुनवाई से ठीक पहले नगर निगम हरकत में आया है और वार्डों में सफाई और अन्य समस्याओं के निस्तारण की याद आई है। वार्ड 52 और 53 से सटे जज फार्म में स्थानीय निवासी लंबे समय से साफ-सफाई व झाड़ियों के कटान की मांग कर रहे थे लेकिन कई बार नगर निगम में शिकायत करने के बावजूद क्षेत्र में सफाई नहीं की गई।

इससे नाराज क्षेत्र के लोगों ने जनसुनवाई में डीएम के सामने अपनी शिकायत रखने की बात कही हालांकि मुख्यमंत्री दौरे को देखते हुए जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। लेकिन इससे ठीक पहले नगर निगम की टीम शुक्रवार को क्षेत्र में पहुंची और उन्होंने झाड़ियां काटी और झाड़ू लगाकर सफाई भी की। जज फार्म समिति के अध्यक्ष विशंभर कांडपाल ने बताया कि समिति क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कई बार नगर निगम जा चुकी है और इस संबंध में नगर आयुक्त को भी ज्ञापन दिया था लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनसुनवाई से ठीक पहले नगर निगम की टीम पहुंची, लेकिन अभी भी कई कार्य होने बाकी हैं।

# 4 हजार में मनचाहा प्यार, फतेह खान पहाड़ में फैला रहा जाल

- गली-गली घूम रहे खुद को महागुरु कहने वाले फतेह खान के नुमाइंदे
- महागुरु खुद को बताता है वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** दिल के मारे हों या फिर किसी बड़ी मुसीबत में फंसे लोग। ऐसे लोगों को अगर काम बनता दिखता है तो वह हर किसी पर भरोसा कर लेते हैं। हर वो काम करने को भी तैयार हो जाते हैं, जिस पर भरोसा करना मुश्किल हो। लोगों की ऐसी ही मजबूरियों का फायदा उठाने के लिए एक महागुरू पहाड़ पर जाल बिछा रहा है। दावा कर रहा है कि सिर्फ 4 हजार रुपये में वह लोगों को उनका मनचाहा प्यार दिला सकता है।

खुद को महागुरू फतेह खान बताने वाला यह बाबा मुरादाबाद का रहने वाला है। इन दिनों शहर व पहाड़ में इसके गुर्गे गली-गली फैले हुए हैं। लोगों को यहां-वहां, किसी लावारिस खड़ी मोटर साइकिल पर, किसी दुकान या किसी पार्क में बड़ी संख्या में विजिटिंग कार्ड मिल रहे हैं। इस कार्ड पर कथित महागुरू का व्हाट्सएप नंबर भी लिखा है। ये महागुरू खुद को वशीकरण और मुठकरनी का स्पेशलिस्ट बताता है और कार्ड में लिखता है कि वह मनचाहा प्यार दिला सकता है, प्रेमी-प्रेमिका को वश में करा सकता है, नशा छुड़वा सकता है, जमीनी झगड़े पल भर में निपटा सकता है। प्रेमी-प्रेमिका, बेटा-बेटी, पति या पत्नी अगर किसी दूसरे के वश में हैं तो समाधान कर सकता है। दावा तो यहां है कि अगर किसी को उसकी शक्तियां अपनी आंखों से देखनी हैं तो देख सकता है। हालांकि यह कोरा अंधविश्वास है। सीओ सिटी नितिन लोहनी का कहना है कि यदि मामले में ठगी की शिकायत आई तो कार्रवाई की जाएगी।

### स्टांप पेपर पर लिखकर देने को हुआ तैयार

**हल्द्वानी :** कथित महागुरू के ढेरों कार्ड शुक्रवार को नैनीताल रोड मिले। कार्ड में लिखी बातें पढ़कर हंसी आई और जिज्ञासा भी पैदा हुई। हमने कार्ड पर लिखे नंबर फोन किया और खुद को बेचारा प्रेमी बताया। महागुरू ने दावा किया कि वह 4 हजार रुपये में प्रेमिका को वापस दिलवा सकता है। सिर्फ व्हाट्सएप पर प्रेमी-प्रेमिका की फोटो भेजनी होगी। 10 हजार रुपये देने पर महागुरू अपना दावा स्टांप पर लिखकर देने को भी तैयार हो गया।

## मुख्यमंत्री धामी आज हल्द्वानी में

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री



पुष्कर सिंह धामी आज (शनिवार) एक दिवसीय दौरे पर हल्द्वानी पहुंचेंगे। वह हवाई मार्ग से दोपहर 12:15 बजे एफटीएआई स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके बाद एफटीएआई सभागार में 12:20 से 1:00 तक लोनिवि, ऊर्जा निगम एवं पेयजल विभाग की समीक्षा बैठक करेंगे।

दोपहर 1 बजे से 1:20 बजे तक नवनिर्मित सिटी पार्क का निरीक्षण करेंगे। 1:20 से 2:15 तक विभागीय कार्यालयों के विकास कार्यों का निरीक्षण के लिए आरक्षित समय है। रामपुर रोड स्थित एक होटल में दोपहर 2:45 से 3:45 तक इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से आयोजित उत्तराकॉन-2024 में हिस्सा लेंगे। 3:55 पर एफडीआई से देहरादून की ओर उड़ान भरेंगे।

# शहर में बाहर से आने वाले वाहनों के प्रवेश पर दो दिन रहेगी पाबंदी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में दो दिन बाहर से आने वाले वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से पाबंदी होगी। वीकेंड को देखते हुए पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। ऐसे में यातायात का सबसे ज्यादा दबाव नरीमन तिराहे पर होगा।

यातायात व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए हर ड्यूटी चार्ट भी जारी कर दिया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि डायवर्जन प्लान के अनुसार चलें। उलंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। वीकेंड के दौरान शनिवार और रविवार को यात्रा रूट पर यातायात का दबाव अधिक होने पर भारी वाहनों का प्रवेश दिन में 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक पूर्ण रूप से वर्जित होगा।

### रूट डायवर्जन

- वीकेंड को देखते हुए शनिवार और रविवार को डायवर्ट रहेंगे रूट
- बरेली-रामपुर रोड से आने वाले वाहन गौलापार से होकर गुजरेंगे




### यह रहेगा डायवर्जन प्लान

- बरेली रोड से पहाड़ की ओर जाने वाले तीनपानी तिराहे से डायवर्ट होकर गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहे से होकर गुजरेंगे।
- रामपुर रोड से पहाड़ की ओर जाने वाले शीतल होटल तिराहे से डायवर्ट होकर तीनपानी बाईपास होते हुए गौला बाईपास से नरीमन तिराहे से गुजरेंगे।
- रामपुर रोड के शेष वाहन टीपीनगर तिराहे से डायवर्ट होकर होंडा शोरूम तिराहा से शहर आएंगे।
- कालाढूंगी रोड से पहाड़ की ओर जाने और आने वाले लालडांठ तिराहा से डायवर्ट होकर कॉलटैक्स तिराहा होते हुए नरीमन तिराहा से गुजरेंगे।
- कालाढूंगी रोड से रामपुर रोड की ओर जाने वाले मुखानी चौराहे से मुड़कर जेल रोड तिराहे से कैंसर हॉस्पिटल होते हुए रामपुर रोड पर निकलेंगे।
- रामपुर रोड की ओर जाने वाले वाहन सिंधी चौक से गांधी इंटर कॉलेज, होंडा शोरूम होते हुए जाएंगे।

# कुणाल को अध्यक्ष पद से हटाने के आदेश पर रोक

अमृत विचार, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने आईआईएम काशीपुर के मीडिया और जनसंपर्क विभाग के अध्यक्ष पद से कुणाल को हटाने के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने आईआईएम के निदेशक और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जबाव दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

इस मामले की अगली सुनवाई 23 दिसंबर को होगी। मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ में हुई। आईआईएम काशीपुर के मीडिया एवं जनसंपर्क



विभाग के अध्यक्ष पद से कुणाल को 18 नवंबर को हटा दिया गया था । जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि उन्हें बिना नोटिस ही हटा दिया गया। याचिका में कई अन्य तथ्य भी पेश किए। जिन पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने फिलहाल उन्हें पद से हटाने के आदेश पर रोक लगाई है ।

# मुख्य सड़कों पर जाम से निजात दिलाने की मांग

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कुमाऊं मंडल की मुख्य सड़कों में जाम से निपटने की व्यवस्था नहीं होने पर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को शहर के एक निजी संस्थान में प्रेस वार्ता करते हुए व्यापारियों ने कहा कि हल्द्वानी–अल्मोड़ा मार्ग में क्वारब से आवाजाही बंद होने पर वैकल्पिक मार्ग और कैंची धाम में जाम की समस्या से हो रही पर्यटकों को परेशानी को लेकर बाईपास निर्माण की व्यवस्था की जाए।

व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि प्रशासन और पुलिस दोनों ही यातायात व्यवस्था संभालने में नाकाम हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार को पहले पर्यटकों की


जाम और वैकल्पिक मार्ग निर्माण की मांग को लेकर प्रेस वार्ता करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

आवाजाही के लिए बेहतर इंतजाम करने थे। कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने कहा कि पर्यटकों को ऑफ सीजन में भी रानीबाग में चार से पांच घंटे तक रोक दिया जाता है। नैनीताल और कैंची धाम में लगातार लगने वाले जाम से लोग परेशान हैं। इधर क्वारब में कई दिनों से सड़क पर गिर रही पहाड़ी और भूस्खलन के कारण अल्मोड़ा मार्ग बंद होने से पहाड़ों की तरफ राशन और सब्जी समेत ज़रूरी व्यवस्था ठप हो गई है। ऐसे में राशन खराब होने के साथ ट्रांसपोर्टरों को दोगुना किराया देना पड़ रहा है। प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने प्रेस वार्ता में आंदोलन की रणनीति बनाते हुए कहा कि एक दिसंबर को ज्ञापन दिया जाएगा। कहा कि पहली तारीख को व्यापारी प्रदर्शन करेंगे और 15 दिन का समय देकर मांग पूरी नहीं होने पर सरकार और प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रमोद गोयल, हितेंद्र भसीन, मदन फत्र्याल, महिला ईकाई से कुसुम दिगारी, उर्वशी बोरा, महानगर अध्यक्ष महेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल मौजूद रहे।

# नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले को 5 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पीड़िता के घर के पास ही एक होटल में काम करता था आरोपी
- बनबसा में नेपाल बार्डर से पुलिस ने की थी गिरफ्तारी

**अमृत विचार :** नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए युवक को दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो सुधीर तोमर की अदालत ने पांच साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बनभूलपुरा थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने मार्च 2020 में पुलिस में अपनी 14 वर्षीय बहन की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित का कहना था कि मूलरूप से वार्ड 9 किच्छा ऊधमसिंहनगर का रहने वाला फईम कुरैशी कुछ समय से उसके घर के पास एक होटल में काम कर रहा था। उसे पूरा शक है कि फईम ही उसकी बहन को बहला-फुसलाकर ले गया। बहन के गायब होने के बाद से वह भी लापता है। नाबालिग का मामला होने के कारण पुलिस ने अपहरण और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। जिसके बाद बनबसा में नेपाल सीमा से आरोपी को पकड़ लड़की बरामद कर ली गई। अभियोजन अधिकारी सुनीता भट्ट ने बताया कि गवाहों के परीक्षण और सबूतों के आधार पर फईम को पांच वर्ष की सजा हुई है।

**निरीक्षण** प्रशासन, लोनिवि, सिंचाई और एडीबी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से लिया सड़क का जायजा

# रकसिया नाले के मलबे से भरे जाएंगे सड़क किनारे खड्डे–खंती

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुसुमखेड़ा हनुमान मंदिर के समीप सड़क किनारे के खड्डे-खंती को रकसिया नाले से निकलने वाले मलबे से भरा जाएगा। इससे खंती का भरान होगा और मलबा निस्तारण भी होगा। इसको लेकर प्रशासन, लोनिवि, सिंचाई, एडीबी के अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण किया।

जिला प्रशासन नरीमन चौक, लालडांट समेत 13 चौराहों को चौड़ीकरण कर रहा है। इसी क्रम में कुसुमखेड़ा, लामाचौड़ चौराहों का भी चौड़ीकरण होगा। इन चौराहों का चौड़ीकरण होगा लेकिन इन सड़क के किनारे खड्डे-खंतियां हैं। यहां सड़क चौड़ी तो है लेकिन


कुसुमखेड़ा के समीप निरीक्षण करते एसडीएम परितोष वर्मा। ● अमृत विचार

सड़क किनारे खड्डे-खंती हैं। सर्दियों में कोहरे की वजह वाहन चालकों को परेशानी होती है अक्सर वाहन सड़क किनारे खड्डे में गिर जाते हैं। इन हादसों में कई दफा वाहन स्वामियों को जान भी गंवानी पड़ती है। वहीं, एशियन विकास बैंक (एडीबी) रकसिया प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में रकसिया नाले के लिए टनल बना रहा है, इसमें ऊपर से वाहन चलेंगे और नीचे सुरंग से पानी की निकासी होगी जो बाद में जंगल में छोड़ा जाएगा। इसके लिए एडीबी की ओर से नाले का मलबा निकाल कर सफाई की जा रही है। ऐसे में मलबा निस्तारण एडीबी के सामने चुनौती बना हुआ है। इसे देखते हुए प्रशासन ने फैसला लिया है कि कुसुमखेड़ा हनुमान मंदिर के समीप सड़क किनारे खड्डे-खंती में मलबा फेंका जाएगा। इधर, शुक्रवार को प्रशासन, सिंचाई, एडीबी की संयुक्त टीम ने कुसुमखेड़ा हनुमान मंदिर के समीप स्थलीय निरीक्षण किया। मलबा डंपिंग होने से निस्तारण होगा और खड्डे-खंती का भरान होगा और सड़क तक लेवल आ जाएगा। जिससे हादसों पर काफी हद तक लगाम कसी जा सकेगी।

एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि कुसुमखेड़ा हनुमान मंदिर के पास सड़क के खड्डे-खंती को रकसिया नाले से निकलने वाले मलबे से भरा जाएगा। जिससे सड़क के बराबर लेवल होगा और सड़क चौड़ी होगी।

# आईटीआई गैंग के पांच गुर्गों पर मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवादाता, हल्द्वानी

- शादी से लौट रहे तीन युवकों पर किया था हमला
- एक को 30 और दूसरे के सिर पर लगे थे 4 टांके

**अमृत विचार :** शादी से लौट रहे दोस्तों पर जानलेवा हमला करने वाले आईटीआई गैंग के पांच गुर्गों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इस मामले में करायल जौलासाल फूलचौड़ निवासी प्रियांशु बिष्ट हीरा सिंह बिष्ट ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी थी। प्रियांशु का कहना था कि 25 नवंबर की रात वह अपने दोस्त करन बिष्ट के साथ एक परिचित के विवाह में शामिल होने फूलचौड़ स्थित कान्ता बैंक्वेट हॉल गया था। वहां तीसरा दोस्त शैलेन्द्र बिष्ट मिला।

रात करीब साढ़े 11 बजे तीनों बैंकट हाल से बाहर निकले तो आईटीआई गैंग के करन नेगी, योगेश कार्की, मनोज नेगी, बादल नेगी, रोहित कार्की और उनके कई साथी ने उन्हें घेर लिया। गुर्गे शैलेन्द्र को पीटने लगे। दोस्तों ने बचाया तो गुर्गों ने उन्हें ही पीटना शुरू कर दिया। प्रियांशु और करन के सिर फट गए। बेस अस्पताल में प्रियांशु के सिर पर 30 और करन के सिर पर 4 टांके लगाए गए। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## 58 ओवरस्पीड वाहनों के चालान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ओवरस्पीड हो रहे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग एक्टिव मोड में है। शुक्रवार को विभाग की ओर से 58 ओवरस्पीड वाहनों के चालान किए गए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र और परिवहन कर अधिकारी गोविंद के अनुसार दो दिनों की प्रवर्तन कार्रवाई में 102 वाहनों का चालान किए जिसमें 58 ओवरस्पीड के अभियोग में चालान किए गए। इसमें कार ,बस और ट्रक आदि वाहन सम्मिलित है।

इस प्रवर्तन कार्रवाई में परमिट शर्तों के उल्लंघन, टैक्स, फिटनेस, हेलमेट, सीट बेल्ट, भार वाहन में सवारियों का परिवहन आदि के साथ-साथ 58 वाहनों के निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन संचालन के अभियोग में कार्रवाई की गई है।

## सार-संक्षेप


शिविर के दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट व अन्य। ● अमृत विचार

### नेत्रों की देखभाल में न बरतें कोई कोताही: बिष्ट

**रामनगर :** नेत्रों के प्रति लोग पूरी तरह सजगता बरतें, क्योकि आंखों से ही हम पूरी दुनिया को देख सकते हैं। जरा सी लापरवाही कष्ट में डाल सकती है। यह बात विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने मोहल्ला पम्पापुरी में प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर की ओर से आयोजित निशुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए कही। एक दिवसीय शिविर में 110 लोगों की आंखों की जांच की गई। 15 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिन्हे ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञों ने नियमित आंखों की देखभाल करने के बारे में जानकारी दी। डॉ. निशा त्रिपाठी व डॉ. सनावाज ने कहा कि नेत्रों के प्रति लापरवाही बहुत घातक हो सकती है। इस दौरान मदन जोशी, माया रावत, नीमा मठपाल, आशा बिष्ट, कृपाल नेगी, कुबेर बिष्ट, मनप्रीत, पूरन नैनवाल, अरुण कुमार, संजय बिष्ट, रेखा बिष्ट, स्वीटी सरकार मौजूद रहे।

### निवर्तमान सभासद ने किया एथलीट नीरज को सम्मानित


नीरज को सम्मानित करते निवर्तमान सभासद भुवन।

**रामनगर :** पीएनजी डिग्री कॉलेज में हाल ही में संपन्न हुई दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र नीरज बिष्ट को निवर्तमान सभासद भुवन डंगवाल ने उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया। छात्र वर्ग में नीरज बिष्ट निवासी पंपापुरी ने दो गोल्ड और तीन सिल्वर पदक से चैंपियनशिप जीती। नीरज ने 10 व 5 हजार मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान, 400, 800 व 1500 मीटर की दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। डंगवाल ने नीरज को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए कहा कि इस तरह बच्चों के आगे बढ़ने से क्षेत्र का नाम रोशन होता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नीरज आगे चलकर प्रदेश व देश का नाम रोशन करेगा।

### कच्ची व अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार


शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी। ● अमृत विचार

**रामनगर :** जिला आबकारी अधिकारी मीनाक्षी टम्टा के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक के नेतृत्व में शुक्रवार को कई स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। इस दौरान भारी मात्रा में कच्ची और अंग्रेजी शराब अलग-अलग स्थानों से बरामद की गई। आबकारी निरीक्षक उमेश पाल ने टीम के साथ छोई चौराहा, जसगंजा व चिलकिया में जगह-जगह पर छापे मारे। लगभग 96 पाउच अवैध शराब के साथ केवल चंद्र निवासी जसागंज को गिरफ्तार किया गया। वहीं, छोई निवासी चंदन प्रकाश पुत्र कुंदन राम के कब्जे से 50 पव्वा मैकडॉवेल, 25 पव्वे माल्टा और 36 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। मौके टीम ने धारा 60 (1) एवं (2) में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी। टीम अवैध शराब बचने वाले तस्करों की पहचान करने में जुटी है। इस दौरान सिपाही धर्म सिंह, कुंवर सिंह मौजूद रहे।

### कोश्यारी ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**लालकुआं :** युवा भाजपा नेता दीपेन्द्र कोश्यारी ने लालकुआं विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर कार्यकर्ताओं से जनसंवाद किया। साथ ही समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन पवन चौहान के कार्यालय पर जनसंवाद के दौरान ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने कोश्यारी को बताया कि पुलिस प्रशासन लगातार वाहनों का चालान कर रहा है। जिससे वाहन स्वामियों को परेशानी हो रही है। व्यवसाय चौपट हो गया है। वहीं, मोटर मिस्त्रियों ने कहा कि वन विभाग की ओर से उन्हें उजाड़ने की साजिश रची जा रही है। जबकि वे सड़क किनारे वर्षों से मेहनत मजदूरी कर रोजी-रोटी कमा रहे हैं। कोश्यारी ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान मनोज बसनायत, हरबंस सिंह, महावीर सिंह, पीयूष गुप्ता, महेश चौधरी, सूरज जलाल, तौफीक अहमद, सुभाष यादव, सुभाष नागर, पुत्तन खान मौजूद रहे।

### घर में किंग कोबरा मिलने से मचा हड़कंप


किंग कोबरा सांप।

**कालाढूंगी :** कोटाबाग के बजुनियाहल्दू स्थित एक घर के पास विशालकाय किंग कोबरा मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने किंग कोबरा को रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। शुक्रवार को बजूनियाहल्दू निवासी रवि जोशी के परिजनों ने घर के पास किंग कोबरा सांप देखा तो उनके होश उड़ गये। हो-हल्ला होने पर आसपास के लोग एकत्र हो गये। सूचना पर पहुंचे वन कर्मी सांप को रेस्क्यू करने लगे तो सांप सिंचाई गुल में डांठ के नीचे घुस गया। वन कर्मियों को सांप को रेस्क्यू करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। करीब पौन घंटे बाद सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया। टीम मोहन सिंह बिष्ट, शंकर, रवि, खीमानंद गरजौला शामिल रहे।

## राजनीतिक दलों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन सकती है रामनगर नगर पालिका अध्यक्ष पद की सीट

# पालिकाध्यक्ष सीट पर खाता खोलने को भाजपा बेचैन

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार :** नगर निकाय चुनाव की आहट से राजनीतिक दलों से जुड़े दावेदारों में हलचल तेज हो गई है। कुमाऊं-गढ़वाल के प्रवेश द्वार में स्थित रामनगर नगर पालिका अपना अहम स्थान रखती है। सियासी दृष्टिकोण से यह सीट राजनीतिक दलों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन सकती है। जहां एक ओर कांग्रेस का सारा राजनीतिक वजूद नगर पालिका पर ही टिका है। वहीं, भाजपा पहली बार इस सीट पर खाता खोलने के लिए बेचैन है।

रामनगर नगर पालिका में अध्यक्ष पद पर पिछले 15 वर्षों से कांग्रेस का कब्जा है। यहां अध्यक्ष पद के चुनाव पर अब तक भाजपा अपना खाता खोलने में कामयाब नहीं हो पाई है। इस सीट पर कांग्रेस एक बार फिर अपना कब्जा बरकरार रखने के लिए आतुर है। जबकि भाजपा किसी भी कीमत में इस सीट को फतह करने की मंशा पाले हुए है। राजनीतिक जानकारों की माने तो इस बार भाजपा सीमा विस्तार के जरिए वोटों का संतुलन साधने की कोशिश करने में जुटी है, ताकि अल्पसंख्यक मतों के ध्रुवीकरण के मुकाबले वोटों की संख्या बढ़कर राजनीतिक मुकाबला किया जाए। सूत्रों के अनुसार भाजपा अप्रैल-मई माह में ही पालिका अध्यक्ष पद के दावेदारों से आवेदन ले चुकी है। इसको लेकर राजनीतिक गुणा भाग भी किया जा चुका है। उधर, कांग्रेस ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं।



नगर पालिका भवन। ● अमृत विचार

### मो. अकरम को फिर टिकट मिलने की संभावना

कांग्रेस पार्टी में सिटिंग-गेटिंग के फार्मूले के तहत निवर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद अकरम को फिर से टिकट मिलने की संभावना है। वहीं, चर्चा है कि कांग्रेस पार्टी रणनीति के तहत इस बार किसी हिंदू चेहरे के नाम पर भी मंथन कर सकती है, ताकि त्रिकोणी मुकाबले में अपने दो उम्मीदवार उताकर भाजपा से मुकाबला किया जा सके। कांग्रेस खेमे की चुप्पी भाजपा को पटखनी देने की योजना भी हो सकती है। जानकारों के मुताबिक भाजपा में एक लॉबी खुलकर सीट को सामान्य किए जाने की वकालत कर रही है। वहीं, दूसरी लॉबी सीट को आरक्षित करने के लिए जोर लगा रही है। बरहाल राजनीति की इस जंग के प्रति आम मतदाता पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है।

### भाजपा खेमे में है दावेदारों की लंबी सूची

भाजपा में फिलहाल नगर अध्यक्ष मदन जोशी, गणेश रावत, नरेंद्र शर्मा, मनीष अग्रवाल, भगीरथ लाल चौधरी, भूपेंद्र खाती, सत्यप्रकाश शर्मा, अमिता लोहनी, उर्मिला चौधरी, भावना भट्ट, रुचि गिरी के नाम की चर्चा है। इसके अलावा पूर्व सैनिक भुवन डंगवाल, दानिश खान, जफर सैफी, आसिफ इकबाल, भुवन पांडे सहित कई अन्य नामों के आगे आने की संभावना है।

## तीन दिन से लापता युवक का शव मिला

**रामनगर, अमृत विचार :** ग्राम मालधनचौड़ के समीप ढेला बैराज के पास पुलिया के नीचे युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और पुलिया के नीचे फंसे शव को बाहर निकाल कर मामले की जांच शुरू की।

कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि ग्राम ढेला बैराज निवासी 22 वर्षीय पप्पू जो मानसिक रूप से कमजोर था, तीन दिन से घर से लापता था। शुक्रवार की सुबह पप्पू का शव ढेला बैराज के समीप शिवनाथपुर पुरानी बस्ती के पास पुलिया के नीचे फंसा हुआ मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बाघनी पुल पर पहाड़ी से गिर रहा मलबा, जिम्मेदार मौन

**जान हथेली पर रखकर खुद मलबा हटाकर सफर कर रहे ग्रामीण**

## पीएमजीएसवाई और लोनिवि की लापरवाही से बदहाल है देवीपुरा-सौड़ मोटर मार्ग

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** पीएमजीएसवाई और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते देवीपुरा-सौड़ मोटर मार्ग बदहाल पड़ा है। जिला और ब्लॉक मुख्यालय की 19 ग्राम सभाओं को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क पर अभी तक डामरीकरण नहीं हुआ है। पहाड़ी से लगातार मलबा और बोल्डर गिर रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को जान हथेली पर रखकर खुद मलबा हटाकर सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है।


बाघनी पुल के पास इसी जगह पर गिर रहा मलबा। ● अमृत विचार

देवीपुरा-सौड़ मोटर मार्ग में स्थित बाघनी पुल पर करीब 60 मीटर तक 150 फीट ऊंची पहाड़ी से लगातार मलबा और बोल्डर गिर रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। 25 नवंबर 2023 को यूपी के पर्यटकों की कार इसी जगह से गधेरे में गिर गई थी। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। रियाड, डोला, जलना, बाघनी, सल्वा, बांसी, रानीकोटा, घूघूसिगडी सहित 19 ग्राम सभाओं की 6 हजार से अधिक आबादी को जोड़ने वाला यह मोटर मार्ग दयनीय स्थिति में है। पूर्व विधायक प्रतिनिधि कृपाल बिष्ट ने बताया कि इस स्थान पर पिछले साल कार खाई में गिरने से पर्यटकों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग और जिला प्रशासन लापरवाह बना है। बरसात के बाद भी पहाड़ी से मलबा गिर रहा है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। इधर, पूर्व ग्राम प्रधान बीना बिष्ट, सरपंच वन पंचायत दयाल सनवाल, गणेश बिष्ट, दुर्गा सिंह ने विभाग से मलबा हटाने और सड़क के सुधारीकरण की मांग की है।

> फरवरी 2024 में डीएसपी बजट से बाहर हो गई है। पांच वर्ष तक हमारे पास मेंटेनेंस बजट रहता है। ग्राम विकास सचिव के निर्देशानुसार लोनिवि को हैंडओवर के आदेश हैं, लेकिन लोनिवि ने सड़क को हैंडओवर नहीं लिया है। बरसात में मार्ग खोलने के लिए जेसीबी लगाई थी, उसका बजट भी नहीं मिला है। **–हेमू उपाध्याय**, एई पीएमजीएसवाई

# बलियानाले में पानी का रिसाव शहरवासियों की बुझेगी प्यास

**कवायद**

- पानी रिसाव से पहाड़ी पर हो रहा बड़ा कटान
- जल संस्थान ने 1.67 करोड़ के टेंडर निकाले

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** बलियानाला क्षेत्र में लंबे समय से पानी का रिसाव हो रहा है। इस पानी से शहरवासियों को जलापूर्ति की जायेगी। जिससे पहाड़ी पर हो रहे कटान पर रोक लगेगी। साथ ही लोगों को पेयजल किल्लत से निजात मिलेगी।

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता एके वर्मा ने बताया कि बलियानाला पहाड़ी पर बीते कई वर्षों से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। जिससे क्षेत्र की पहाड़ी पर बड़ा कटान हो रहा है। इसको देखते हुए पूर्व में भू-गर्भीय सर्वे कराया गया था। जिसमें पता चला कि जीआईसी खेल मैदान की तलहटी पर भूमिगत करीब 20 मीटर बड़ी झील है, जिससे लगातार पानी का रिसाव होता है।

इस भूमिगत झील से पानी को बोरिंग के द्वारा निकाला जाएगा। इसके बाद पानी को शुद्ध कर नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र की करीब 7 हजार आबादी को पेयजल की आपूर्ति होगी। बोरिंग के बाद से पेयजल की आपूर्ति के लिए झील से पानी नहीं लेना पड़ेगा। इसके लिए जल संस्थान ने लगभग एक करोड़ 67 लाख के टेंडर निकाल दिए हैं।



**बोले अधिकारी**

> बलियानाला प्रोजेक्ट के तहत जीआईसी स्कूल में बोरिंग का काम किया जाना है। जिसके लिए सिंचाई विभाग की ओर जल संस्थान को पैसा दिया जाएगा। **–अनिल कुमार वर्मा**, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग

> जल संस्थान की ओर से बोरिंग के कार्य के लिए 167 लाख के टेंडर की प्रक्रिया गतिमान है। करीब बीस दिन के बाद बोरिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा। **– डीएसए बिष्ट**, सहायक अभियंता जल संस्थान

## बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शुभम ने जीता स्वर्ण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालयी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शहर की केजीएम बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सर शुभम कुमार ने अपने शानदार प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीता है।

प्रतियोगिता का आयोजन रामनगर में हुआ, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के बॉक्सरों ने हिस्सा लिया। कोच पंकज कुमार ने बताया कि कड़े प्रशिक्षण और शुभम की कड़ी मेहनत और समर्पण से यह संभव हो पाया है। प्रतियोगिता जीतने के बाद अब शुभम कुमाऊं विवि की तरफ से ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भटिंडा, पंजाब जाएंगे। उनकी सफलता पर उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के आजीवन अध्यक्ष मुखर्जी निर्वाण, महासचिव गोपाल सिंह खोलिया, कोषाध्यक्ष नवीन टम्टा, भारतीय बॉक्सिंग कोच ललित प्रसाद, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, बॉक्सिंग कोच जीवन प्रकाश आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।


अंतरमहाविद्यालयी बॉक्सिंग प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता शुभम।

## तकनीकी कमी के कारण निरस्त हुई दो निविदाएं

**लालकुआं, अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 126 करोड़ के निर्माण कार्यों के लिए आयोजित टेंडर प्रक्रिया में ठेकेदारों के कागजातों में तकनीकी कमी पाई गई। जिसके चलते निविदाओं को निरस्त कर दिया गया।

ईओ राहुल सिंह ने बताया कि 57 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर चार में सड़क निर्माण एवं वार्ड एक में स्थित ग्रीन पार्क का 69 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण के लिए निविदा खोली गई। दोनों कार्यों में तीन-तीन निवेदन प्राप्त हुए, तकनीकी परीक्षण के बाद दो-दो निविदा ही तकनीकी रूप से पास हुईं। निविदा समिति के अध्यक्ष एसडीएम परितोष वर्मा, ग्रामीण निर्माण के सहायक अभियंता महेंद्र सिंह कनवाल व सहायक कोषाधिकारी अजय कुमार ने निविदा को निरस्त करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया है।

## बॉक्सिंग में एमबी कॉलेज का दबदबा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजक सचिव एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ. योगेश चन्द्र ने बताया कि पुरुष वर्ग में अंकों के आधार पर एमबी डिग्री कॉलेज हल्द्वानी विजेता व राधे हरि कॉलेज काशीपुर की टीम उपविजेता रही।

महिला वर्ग में अंकों के आधार पर एमबी डिग्री कॉलेज हल्द्वानी की टीम विजेता तथा डीएसबी कैंपस नैनीताल की टीम उपविजेता रही। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र व प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. पांडे ने समस्त प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना कर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने की अपेक्षा की। मंच संचालन डॉ. डीएन जोशी व डॉ. अलका ने संयुक्त रूप से किया।

विश्वविद्यालय ऑफिशियल में देवेन्द्र चन्द्र भट्ट, नन्दन सिंह नेगी, पूरन चन्द्र पांडे, विनोद खत्री, ऋचा शर्मा, विमला रावत, पुष्पा दरम्वाल व गौरव जोशी ने विशेष सहयोग प्रदान किया। टूर्नामेंट के आयोजन में डॉ. सुमन कुमार, डॉ. पीसी पालीवाल, डॉ. दीपक खाती, डॉ. कुसुम गुप्ता, डॉ. ममता जोशी, डॉ. विजय कुमार, डॉ. रश्मि आर्या, क्रीड़ा प्रशिक्षक अजय सिंह, सुशील कुमार की विशेष भूमिका रही। यहां प्रो. पुनीता कुशवाहा, प्रो. जेएस नेगी, प्रो. अनुमिता अग्रवाल, प्रो. अनीता जोशी, डॉ. लवकुश चौधरी, डॉ. सुरेश चन्द्रा, डॉ. मूलचन्द्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।


ट्रॉफी के साथ एमबी डिग्री कॉलेज के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**गुस्सा** कालाढूंगी थानाध्यक्ष पंकज जोशी से मिले हिंदूवादी संगठन के लोग, जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने का दिया आश्वासन

# युवती से छेड़छाड़ व मामा से मारपीट करने वालों पर हो कार्रवाई

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** धमोला में स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ और उसके मामा से मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को हिंदूवादी संगठन के लोग थानाध्यक्ष पंकज जोशी से मिले। उन्होंने आरोपियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की। जिससे भविष्य में कोई विधर्मी ऐसा कार्य न करे।

संगठन के सदस्य उमेश चौहान ने थाने में तहरीर सौंप कर कहा कि छेड़खानी के आरोपी और उसके साथियों द्वारा पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। थानाध्यक्ष जोशी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। इस दौरान चंदन धरियाल, भाष्कर भट्ट, मुकेश जोशी, गोपाल गंगोला, पूरन चौहान, नितिन नेगी, दीपक फुलारा, नितिन चौहान, करन बिष्ट, तेजू दिगारी, मंयक गुप्ता, गंगा सामंत, मुकेश गुर्रानी, कुंदन बसेड़ा, नीलेश मौजूद रहे।

इधर, हिन्दूवादी संगठनों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले की निंदा व सुरक्षा की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित हिन्दूवादी संगठनों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि बांग्लादेश में आये दिन हिंदुओं का कत्लेआम किया जा रहा है। हाल ही में स्वामी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को अकारण गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे हिन्दू समाज में रोष व्याप्त है। उन्होंने चिन्मय कृष्ण दास को रिहा करने और हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में गुड्डू चौहान, भास्कर भट्ट, तारा चंद्र पांडे, रवि कन्याल, मुदित कुमटिया, नीलेश कुमटिया, विक्रम जंतवाल, रमेश जोशी, रवि दिगारी मौजूद रहे।


थानाध्यक्ष से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हिंदूवादी संगठन के लोग।


तहसीलदार को ज्ञापन देते हिंदूवादी संगठन के लोग।

## गूगल पे करने का झांसा देकर ले उड़ा 12 हजार के कपड़े

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** अगर आपकी दुकान पर कोई व्यक्ति सामान के एवज में भुगतान गूगल पे अथवा फोन पे से करता है तो पहले संतुष्ट हो जाइए की भुगतान आपके खाते में आ गया है या नहीं। अन्यथा आप नुकसान उठा सकते हैं। ऐसा ही एक वाकिया यहां रानीखेत रोड स्थित एक कपड़े के शोरूम में देखने को मिला।

एक युवक ने शोरूम से 12 हजार रुपये का सामान लिया और दुकानदार को कहा कि भुगतान गूगल पे से कर दिया है। जब तक दुकान स्वामी कुछ समझ पाता तब तक युवक कपड़ों समेत स्कूटी से चंपत हो गया। दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में युवक की तस्वीर कैद हो चुकी है। रानीखेत रोड स्थित शोरूम के स्वामी हरीश चंद्र बुढ़लाकोटी ने बताया कि उनकी दुकान पर एक युवक आया। उसने 12 हजार रुपये के कपड़े लिये और कहा कि आपके अकाउंट में गूगल पे कर दिया है। तभी उनके पास किसी का फोन आया और वह उससे फोन पर बात करने लगे। इसी बीच युवक कपड़े लेकर तेजी से बाहर को निकला गया। दुकान स्वामी को शक हुआ तो वह कर्मचारी के साथ युवक के पीछे दौड़े, लेकिन तब तक युवक स्कूटी में बैठकर फरार हो गया। इधर, पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## जल जीवन मिशन योजना के तहत जल संस्थान ने किया ओवरहैड टैंक का निर्माण

# चांदपुर बस्ती में पहली बार घर-घर पहुंचा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जलजीवन मिशन की हर घर नल, हर घर जल योजना से कई गांवों के लिए वरदान साबित हो रही है। ऐसा ही एक गांव है कोटाबाग ब्लॉक का चांदपुर बस्ती जहां ढाई सौ परिवारों के घरों पर सरकार की मंशा अनुसार योजना के तहत पर्याप्त पानी पहुंच पा रहा है। सालों से एक स्टेंड पोस्ट व्यवस्था के तहत घरों तक पानी ढो रहे ग्रामीणों को अब घर पर ही पानी मिल जाता है। पानी भरने के लिए उन्हें घंटो अपनी बारी का इंतजार भी नहीं करना पड़ता।

जेजेएम की योजना से घर-घर तक लोगों को पेयजल उपलब्ध होने लगा है। कोटबाग में जल संस्थान हल्द्वानी डिविजन की ओर से चांदपुर बस्ती में सालों से पानी के तरस रहे ग्रामीणों तक अब हर में पानी की व्यवस्था हो गई है। वर्तमान में चांदपुर बस्ती के सिंचाई नलकूप से 1.5 किलोमीटर लाइन बिछाकर गांव में 115 केएल का टैंक बनाकर पेयजल आपूर्ति कराई है। ग्रामीणों के अनुसार पहले उन्हें गौतिंया स्रोत से पेयजल लाइन के माध्यम स्टेंड पोस्ट के माध्यम से कभी कभी पानी मिलता था लेकिन अब उन्हें घर पर हर समय पानी मिल रहा है। जल संस्थान के एई हरीश पंत के अनुसार योजना के तहत डेढ़ करोड़ की लागत से कार्य कर हर घर तक पानी की आपूर्ति करा दी गई है।

ग्राम प्रधान लक्ष्मी रावत ने बताया कि गांव में पहले स्रोत से पानी की व्यवस्था अस्थाई थी और पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता था। जेजेएम के तहत अब लोगों को बीते मई माह से लोगों को 24 घंटे पेयजल उपलब्ध हो रहा है।



चांदपुर बस्ती में बनाया गया ओवरहेड टैंक। ● अमृत विचार

# सरस मेले को सफल बनायेगी समिति

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह ने शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में सरस मेले के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास मंत्रालय, उत्तराखंड ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाला मेला 25 दिसंबर से 3 जनवरी तक एमबी इंटर कॉलेज मैदान में लगाया जाएगा।

डीएम ने कहा कि मेले के सफल संचालन को समिति और नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। मेले के सफल संचालन के लिए समिति उत्तरदायी होगी। मेले के दौरान पेयजल, शौचालय, पार्किंग, अग्निशमन, विद्युत, स्वच्छता सहित अन्य समुचित व्यवस्थाओं को बेहतर बनाई जाए।

उन्होने कहा कि 10 दिवसीय सरस मेले में लोक सांस्कृतिक एवं विविध संस्कृति, उत्तराखंडी खानपान व व्यंजन के स्टॉल, लोक परिधान, विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूहों के साथ ही विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रतिदिन संध्या को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जाएंगी। इस दौरान मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सीडीओ अशोक पांडे, आरटीओ गुरुदेव सिंह, सीईओ पुष्कर लाल टम्टा, जिला अर्थसंख्याधिकारी एमएस नेगी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी आदि मौजूद थे।


अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

## कर्मचारी 11 की टीम ने जीता सद्भावना मैच

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षण और शिक्षणेत्तर स्टाफ के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच खेला गया। मैच का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी और कोतवाल राजेश यादव ने किया। डॉ. पंकज सिंह की कप्तानी में प्रोफेसर 11 टीम ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने कर्मचारी 11 टीम के सामने 86 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में कप्तान सुरेंद्र सिंह रौतेला के नेतृत्व में कर्मचारी 11 टीम ने दस ओवर में तीन विकेट खोकर मैच को आसानी से जीत लिया। प्रोफेसर्स 11 टीम में डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ. संजय खत्री, डॉ. सुरेंद्र सिंह व कर्मचारी 11 टीम में रितेश बिष्ट, दीपक फुलारा, आकाश बोरा दिनेश भाकुनी आदि शामिल थे।

# जीजा और साले से जंगल में लूट, जीजा का अपहरण

## पिथौरागढ़ से नेपाल मजदूर लेने जा रहे थे नेपाली मूल के जीजा-साले, हल्द्वानी से निकलते ही लूटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**घटना**

- हल्द्वानी रोडवेज से रुद्रपुर के लिए गए थे टैक्सी में
- शॉर्टकट रूट के बहाने जंगल में ले गया था टैक्सी चालक



**अमृत विचार :** पिथौरागढ़ से नेपाल मजदूर लेने निकले नेपाली मूल के जीजा-साले को बदमाशों ने बुरी तरह पीटकर लूट लिया।

जंगल में हुई लूट की इस घटना में साला तो किसी तरह बच निकलने में कामयाब हो गया, लेकिन बदमाशों ने जीजा का अपहरण कर लिया। कार में जीजा-साले के साथ नेपाली मूल के दो और युवक सवार थे। इन दोनों का भी कुछ पता नहीं है। घटना को टैक्सी चालक व उसके चार से पांच साथियों ने मिलकर अंजाम दिया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

माहीपुर, थाना भुरीगांव, जिला वर्दिया, नेपाल निवासी सोम प्रसाद पुत्र राजा राम बारू पेशे से मजदूर है। वह रीठा रतोली, थाना बेरीनाग, जिला पिथौरागढ़ में ठेकेदार गिरीश आगरी पुत्र बिरखिया आगरी के लिए काम करता है। सोम के मुताबिक ठेकेदार गिरीश को 10-15 मजदूरों की जरूरत थी। बीती 26 नवंबर को ठेकेदार ने सोम को 56 हजार रुपये दिए। ठेकेदार ने कहा, यह रुपये ले जाओ और अपने गांव से मजदूरों को लेकर आना। सोम उसी दिन साथ काम करने वाले जीजा पहाड़ी थारू के साथ नेपाल के लिए निकल पड़ा। दोनों उसी रोज करीब साढ़े 3 बजे बेरीनाग से हल्द्वानी पहुंचे। हल्द्वानी बस अड्डे के पास दोनों आगे जाने के लिए साधन ढूंढ रहे थे कि तभी एक टैक्सी वाला उनके पास पहुंचा और पूछा कहा जाना है। सोम ने बनबसा जाने की बात कही तो कथित टैक्सी चालक ने कहा, मेरे साथ रुद्रपुर चलो, वहां बस स्टैंड से बनबसा के लिए दूसरी गाड़ी मिल जाएगी।

टैक्सी चालक 50 रुपये प्रति सवारी ले जाने को तैयार हो गया। दोनों टैक्सी में बैठ गए और तभी वहीं पर दो अन्य नेपाली व्यक्ति भी मिले। इन दोनों को भी नेपाल जाना था। उक्त दोनों भी सफेद रंग टैक्सी में बैठ गए।

हल्द्वानी से लगभग 20 मिनट चलने के बाद सभी खाना खाने के लिए रुके। खाना खाकर चले तो अंधेरा हो चुका था। ऐसे में कार चालक बोला कि वह एक शॉर्टकट रास्ता जानता है, जिससे वह जल्दी पहुंच जाएंगे। इतना कहते हुए चालक ने कार जंगल की तरफ मोड़ दी। जंगल में कुछ आगे जाने के बाद चालक ने यह कहते हुए गाड़ी रोकी कि उसे लघुशंका के लिए जाना है। गाड़ी रोकते ही अचानक चार-पांच लोग आ गए। उक्त लोगों ने चालक के साथ मिलकर जीजा-साले को बुरी तरह पीटा और 56 हजार रुपये भी लूट लिए। जान बचाने के लिए सभी जंगल में अलग-अलग दिशा में भागे। सोम तो किसी तरह बचकर भाग निकला, लेकिन तब से उसके जीजा का कोई पता नहीं। 29 नवंबर को उसने हल्द्वानी कोतवाली पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी। सीओ सिटी नितिन लोहनी का कहना है कि मामले में तहरीर मिली है, लेकिन पीड़ित ने तहरीर में घटना स्थल का जिक्र नहीं किया है। पीड़ित के बताए स्थान से लेकर घटना स्थल की ओर लगे एक-एक सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### जंगल में छिपकर काटी रात, सुबह पहुंचा बनबसा

**हल्द्वानी :** सोम का कहना है कि बदमाशों से बजकर भागने के बाद वह जंगल से निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सका। उसे शक था कि अगर वह बाहर निकला तो बदमाश उसे ढूंढ लेंगे और मार डालेंगे। इस डर से वह पूरी रात जंगल में ही छिपा रहा। सुबह भी डरते-डरते जंगल से निकल कर वह सड़क तक पहुंचा। राहगीरों की मदद से उसने बनबसा का रास्ता पूछा। बनबसा पहुंच कर उसने जीजा पहाड़ी थारू की तलाश की, लेकिन थारू वहां पहुंचा ही नहीं। जिस पर उसने अपने ठेकेदार से संपर्क किया और लौटकर हल्द्वानी पहुंचा। जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर सौंपी।

### खाना खाते-खाते बना डाली लूट की योजना

**हल्द्वानी :** सोम और पहाड़ी थारू के साथ टैक्सी में चालक के अलावा नेपाल जाने वाले दो और लोग सवार थे। माना जा रहा है यह लोग भी घटना में शामिल हो सकते हैं। इधर, बताया जा रहा है कि हल्द्वानी से निकलने के बाद जब सभी खाना खाने के लिए रुके तभी टैक्सी चालक ने लूट की योजना बनाई। उसने अपने साथियों को खबर दी और बताया कि वह कार में सवार शिकार को लेकर कहां आने वाला है। इससे पहले कि वह खाना खाकर निकलते चालक के साथी पहले से ही जंगल में डेरा जमाकर बैठ गए और शिकार के पहुंचते ही हमलाकर लूट लिया।

# रम्बा ने नेपाल से बुलाया था गैंग

**फॉलोअप**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पूरन एंड संस के मालिक के घर में नशीला जूस पिलाकर चोरी करने वाली रम्बा और उसके साथियों का कोई पता नहीं है। इस बीच बड़ी बात सामने आई है कि रम्बा है तो मूलरूप से नेपाल की, लेकिन वह भारतीय आधार कार्ड बनाकर बंगलुरू में रह रही थी। चोरी में उसका साथ देने वाले उसके साथी भी नेपाल के हैं और माना जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के रम्बा ने गैंग को नेपाल से भारत बुलाया था। बहरहाल, रम्बा और उसका गैंग पुलिस की पहुंच से दूर है। हालांकि पुलिस का दावा है कि उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बीते मंगलवार को रम्बा ने मुखानी चौराहे के पास कालाढूंगी रोड पर रहने वाले पूरन एंड संस के मालिक दीपक अग्रवाल के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के रोज दीपक अपनी पत्नी के साथ घर में अकेले थे। 19 नवंबर को दीपक के घर काम करने आई रम्बा ने नशीला सूप पिलाकर दीपक व उनकी पत्नी को बेहोश कर घटना को अंजाम दिया। घटना में रम्बा के साथ चार और लोग शामिल हैं।

पुलिस का कहना है कि रम्बा के साथी भी मूलरूप से नेपाल के रहने वाले हैं और संभावना प्रबल है कि वह भाग कर नेपाल जा सकते हैं। इधर, बंगलुरू और दिल्ली में रम्बा की तलाश कर टीमों को रम्बा के पहचान संबंधी कुछ कागजात मिले हैं, जिसमें एक आधार कार्ड भी है। ये आधार कार्ड रम्बा का है और इसमें पता बंगलुरू का दर्ज है।

ऐसे में सवाल यह भी है कि नेपाल मूल की होने के बावजूद रम्बा से भारतीय आधार कार्ड कैसे बनवा लिया। सीओ सिटी नितिन लोहनी का कहना है कि रम्बा की तलाश जारी है। एसओजी समेत करीब 15 लोगों की टीम उसे तलाश कर रही है।

- रम्बा और साथियों के नेपाल भाग जाने की संभावना प्रबल
- कारोबारी के घर घटना करने वाले रम्बा के साथी भी नेपाली

### कारोबारी के घर में मिला खून, घायल है एक चोर

**हल्द्वानी :** घटना की रात कारोबारी के घर का गार्ड देर से ड्यूटी पर पहुंचा। तब तक रम्बा नशीला सूप पिलाकर दीपक और उनकी पत्नी को बेहोश कर चुकी थी। बेहोशी के लिए उसने किस दवा का इस्तेमाल किया, यह साफ नहीं है। जांच में सामने आया है कि घटना की अगली सुबह जब परिजन कारोबारी के घर पहुंचे तो वहां खून पड़ा हुआ था। माना जा रहा है कि तिजोरी खोलने, तोड़ने या गार्ड के पहुंचने पर भागने की जल्दी में एक चोर घायल हो गया है।

### जिसने भेजा रम्बा को उसका साथियों से वास्ता नहीं

**हल्द्वानी :** नेपाल गैंग की सरगना रम्बा को माना जा रहा है। जांच करती हुई पुलिस की एक टीम ने इस मामले में उस एजेंसी से भी बात की, जिसके जरिये रम्बा को दीपक के घर में काम मिला। यहां से रम्बा के पहचान संबंधी दस्तावेज पुलिस को मिले। हालांकि इन दस्तावेजों के सत्यता की जांच की जा रही है। जांच में यह भी साफ हुआ है कि रम्बा के साथियों का उक्त एजेंसी से कोई वास्ता नहीं है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि उसने गैंग को नेपाल से बुलाया होगा।

# दो दिनी समता सत्संग सम्मेलन शुरू

- जगाधरी हरियाणा और बरेली से आए संतों ने सुनाए गुरुवचन
- आज समापन के बाद होगा लंगर का आयोजन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** समता योग आश्रम का 65वां दो दिवसीय वार्षिक समता सत्संग सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ।

आयोजन के पहले दिन सुबह जगाधरी हरियाणा से आए चंद्र प्रकाश कसाल और बरेली यूपी से आए मनोज मिश्रा ने गुरूदेव महात्मा मंगत राम जी के वचनों के आधार पर संत्संग हुआ।

इसके बाद दोपहर में गुरू प्रसाद के बाद स्त्री सत्संग का आयोजन किया गया। आश्रम के अशोक सडाना ने बताया कि सत्संग के दौरा समता प्रकाश पर आधारित सामाजिक विषयों पर उपदेश दिए गए। इस दौरान लुधियाना, यमुनानगर, अम्बाला, देहली, बरेली से आये कथावाचकों ने अपने विचार रखे। इसके बाद दोपहर में स्त्री सत्संग हुआ जिसमें अर्चना गुलाटी, सरोज अरोरा, सरिता नरूला, खुशी आसवानी आदि ने कर्म गति निरमानता विषय पर अपने विचार रखे।

इसके बाद शाम का संत्संग हुआ। मनोज मिश्रा, विकास सचदेवा ने वैराग्य वाणी अमृत वचन मंगलाचरण आरती पाठ किया। इसके बाद गुरुप्रसाद बांटा गया। इस दौरान आयोजकों ने बताया कि शनिवार को सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक वाणी पाठ, 10.30से 1 बजे विशाल सत्संग होगा। दोपहर एक बजे से विशाल गुरू लंगर का आयोजन होगा। इस मौके पर सेवादार देवानंद सिंधी, अशोक सडाना, विकास सचदेवा और प्रदीप कक्कड़ मौजूद रहे।


समता आश्रम में आयोजित सत्संग में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## सिंथिया स्कूल ने जीता पहला मैच

**हल्द्वानी :** शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल में नवंम देवी दत्त शर्मा मेमोरियल बालक फुटबॉल टूर्नामेंट और तृतीय कलावती शर्मा मेमोरियल बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट शुक्रवार से शुरू हो गया है। देवीदत्त शर्मा मेमोरियल बालक फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला मैच सिंथिया स्कूल और हेरिटेज स्कूल के बीच खेला गया। जिसमे सिंथिया स्कूल ने 3-0 से जीत हासिल की।

दूसरा मैच इंस्पिरेशन स्कूल और एआरपी स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें इंस्परेशन स्कूल 4-1 से विजेता बना। तीसरा मैच शिवालिक स्कूल और एपीएस स्कूल के बीच हुआ। जिसमें शिवालिक स्कूल ने एपीएस स्कूल को पेनल्टी शूट-आउट में 5-4 से पराजित किया। चौथा मैच क्वींस स्कूल और गुरु तेग बहादुर स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें क्वींस पब्लिक स्कूल 4-0 से विजेता बनी।

# 81 दिव्यांगों को 125 सहायक उपकरण बांटे

- शनिवार को रामनगर में होगा कैंप का आयोजन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से शुक्रवार को आयोजित सामाजिक अधिकार शिविर में 81 दिव्यांगजनों को 125 सहायक उपकरण बांटे गए।

एचएन कॉलेज में आयोजित शिविर उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, लालकुंआ विधायक डॉ. मोहन सिंह, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेद्र पाल रौतेला सासंद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती और जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने किया।

इस दौरान लाभार्थी दिव्यांगों को सहायक उपकरण देने के बाद उन्हें फूल देकर विदा किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से एडिप की सहायता से आयोजित शिविर में शुक्रवार को शिविर में दिव्यांगजनों को 11 व्हील चियर, 12 बैशाखी, 40 कान 11 मोटराईस्ड ट्राईसाईकिल, 1 फोल्डिंग वॉकर समेत 125 सहायक उपकरण आदि बांटे गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया गया कि शिविर में कुल 81 दिव्यांगजनों को उपकरण बांटे गए हैं। बताया कि शनिवार को विभाग की ओर से रामनगर ब्लॉक के दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। कहा कि इस कैंप में पंजीकृत लाभार्थी आवश्यक तौर पहुंचे इसके लिए मोबाइल संदेश भेजे जा चुके हैं। इस मौके पर सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्या, संजय बिष्ट, असलम अली और पूजा भट्ट मौजूद रहे।


सामाजिक अधिकार शिविर में मौजूद अतिथि और अधिकारी। ● अमृत विचार

# लो-वोल्टेज से निजात दिलाने की लगाई गुहार


एसडीओ सुभा जोशी को ज्ञापन सौंपते तल्ली हल्द्वानी के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वार्ड नंबर 58 तल्ली हल्द्वानी में हो रही लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में प्रगति विहार कालोनी वासी ने एसडीओ सुभा जोशी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने के दौरान प्रगति विहार कालोनी वासियों ने कहा कि लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।

इस दौरान एसडीओ ने स्थान का सर्वे कर लो वोल्टेज से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान गोपाल सिंह सोन, सुरेश रूवाली, राम सिंह नेगी, चिन्तामणी शर्मा, विवेक सिंह, सतीश, गंगा देवी, प्रेम बल्लभ पांडेय, राजू शर्मा, शिवम आदि लोग मौजूद रहे।

## हिट तुमड़ी बाटे बाट की प्रस्तुति से हासिल किया तीसरा स्थान

**हल्द्वानी :** राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन पुष्प प्रियंका राजकीय विद्यालय, सितारगंज में संपन्न हुआ, जिसमें जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए डीएवी स्कूल हल्द्वानी की छात्राओं मृदुला पंत और वैभवी उप्रेती ने अपनी पारंपरिक कहानी वाचन प्रस्तुति "हिट तुमड़ी बाटे बाट" से राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं के शानदार प्रदर्शन ने जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में पिछले वर्ष की राज्य स्तर विजेता आरोही पंत ने बांसुरी वादन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य अमित जोशी ने कला उत्सव के आयोजन में योगदान देने वाले सभी आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मृदुला और वैभवी के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

# कालापातल-सालियाकोट अनर्पा मार्ग का सोलिंग व डामरीकरण शुरू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा के भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने कालापातल-सलियाकोट अनर्पा मोटर मार्ग पर सोलिंग व डामरीकरण का फीता काटकर शुभारंभ किया।

विधायक कैड़ा ने बताया कि धारी ब्लॉक के कालापातल से सालियाकोट अनर्पा मोटर मार्ग लंबे समय से खराब था। मार्ग पर हमेशा हादसे का खतरा बना रहता था। ग्रामीणों को आवागमन व सामान ढोने में परेशानियां होती थीं। वे लंबे समय से मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग कर रहे थे। इस पर उन्होंने शासन से कालापातल-सालियाकोट अनर्पा 8 किमी मोटर मार्ग पर सोलिंग, सुधारीकरण, डामरीकरण के लिए 5.62 करोड़ स्वीकृत कराए। उन्होंने शुक्रवार को इस मोटर मार्ग पर सोलिंग, सुधारीकरण, दीवारों का निर्माण का शुभारंभ किया। विधायक ने अधिकारियों को ठंडे मौसम में सोलिंग, सुधारीकरण, दीवारों का निर्माण करने को कहा। वहीं, डामरीकरण मार्च के बाद शुरू करने को कहा। मोटर मार्ग पर काम पूरा होने के बाद कालापातल, सालियाकोट मल्ला, सालियाकोट तल्ला, अनर्पा, सकदीना धारा पानी, सहित कई गांव के ग्रामीणों को सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रदीप बिष्ट, संजय नयाल, विद्यावती देवी, पूरन मिश्रा, आनंद सिंह बिष्ट, भवान बिष्ट, पीयूष कुमार मौजूद रहे।


फीता काटकर डामरीकरण का शुभारंभ करते विधायक राम सिंह कैड़ा।

# मानव वन्यजीव संघर्ष की रिपोर्टिंग में सतर्कता जरूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- एफटीआईआई में इस विषय में मीडिया की भूमिका पर हुई कार्यशाला को सीसीएफ ने किया संबोधित

**अमृत विचार :** वन विभाग की ओर से मानव वन्यजीव संघर्ष में मीडिया की भूमिका को लेकर कार्यशाला हुई। साथ ही मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम में मीडिया के महत्व को लेकर भी मंथन हुआ।

एफटीएआई सभागार में कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य वन संरक्षक डॉ. धीरज पांडे, पश्चिमी वन वृत्त के वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव, तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ हिमांशु बागरी व हल्द्वानी डीएफओ कुंदन कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. पांडे ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम में मीडिया की अहम भूमिका होती है। मीडिया की ओर से दी गई सूचनाओं से ही नैरेटिव सेट होता है इसलिए मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना होने बेहद सावधानी से रिपोर्टिंग की जरूरत होती है। वहीं ऐसी घटनाओं में वन अधिकारियों से मीडिया संवाद को लेकर भी गंभीर होने की जरूरत है ताकि वन विभाग का भी पक्ष प्रमुखता से जनता के बीच पहुंचे। डॉ. भार्गव ने कहा कि वन अधिकारियों व मीडिया के बीच संवाद होना बेहद जरूरी है, व्यस्तता की वजह से निरंतर संवाद नहीं बन पाता है इसलिए संवाद होना बेहद जरूरी है। इस दौरान कमल जगाती, शैलेंद्र नेगी, गोविंद बिष्ट, मोहन भट्ट, दिनेश मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात को एसएस से वार्ता करते लोग।

### रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात की मांग

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन अधीक्षक से मुलाकात कर रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की। पूर्व व्यापार मंडल महामंत्री सतीश गोयल और नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा के नेतृत्व में व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को जाम की समस्या के निराकरण के लिए रेलवे पार्क से अंडर ब्रिज निर्माण करने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि रेलवे फाटक के दोनों ओर 10 मीटर तक डिवाइडर लगाए जाएं। रेलवे पार्क की भूमि का उपयोग फल एवं ठेले लगाने वालों को काम करने के लिए दी जाए औरअंडर पास निर्माण कराया जाए। खतरा और ऐंठा नाले के ऊपर से व्यापारियों को किसी प्रकार से हटाए बिना ओवरब्रिज का निर्माण कराने की रूपरेखा तैयार की जाए। रेलवे फाटक के दोनों और जाम लगाने वाले खड़े वाहनों को हटाया जाए। ज्ञापन देने वालों में कामिल खान, राहुल सक्सेना, लालजी गौड़, वंश सोनकर, मेहताब राजा, अनुपम कुमार सिंह, मनीष राणा, नीरज रस्तोगी, महेन्द्र ठाकुर, मुन्ना आढ़ती, नवल वाल्मीकि, सिद्ध गुप्ता, रोहित गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, हाफिजुर रहमान, मोनिश अंसारी, अमरजीत सिंह आदि थे।


बाजपुर के सरकारी अस्पताल में घायल का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी।

### तेज रफ्तार आ रहे ई-रिक्शा ने महिला को मारी टक्कर

**बाजपुर :** तेज रफ्तार ई-रिक्शा की चपेट में आकर घर के बाहर झाड़ू से नाली की सफाई कर रही महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पास में खड़ा तीन वर्षीय मासूम पोता बाल-बाल बच गया। शुक्रवार सुबह समय करीब नौ बजे ग्राम गुमसानी निवासी जैनब (45) पत्नी एहसान अली घर के बाहर झाड़ू से नाली की सफाई कर रही थी। इस बीच ईटों से लदे तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें वह गंभीर घायल हो गई, जबकि उसका तीन साल का पोता हुनैन रजा पुत्र मोहम्मद आजम बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। स्वजन ने घायल महिला को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। परिजनों का कहना था कि गांव में उसके घर के नजदीक कुछ लोग कोई प्लांट लगा रहे हैं, जोकि सही नहीं है। घर के बाहर करीब आठ फिट का रास्ता है और लगातार वाहन आते-जाते रहते हैं तथा घर के बाहर बच्चे भी खेलते रहते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

### रोड काटने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**बाजपुर :** ग्रामसभा लंकुरा बाजावाला क्षेत्र के अंतर्गत रोड को कुछ लोगों ने काट कर अपने खेतों में मिला लिया। आक्रोशित लोग ग्रामीण मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए लामबंद हो गए हैं। शुक्रवार को निवर्तमान प्रधान शेर चंद व पूर्व प्रधान कृष्ण सिंह की अगुवाई में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और शासन-प्रशासन से आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इन लोगों का कहना था कि उन्हें जानकारी मिली है कि इस रोड की पैमाइश करने के लिए राजस्व प्रशासन की टीम गठित हुई है, लेकिन अभी तक मौके पर जांच करने कोई नहीं पहुंचा है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर निष्पक्षता से जांच करते हुए रोड की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने व दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर गुरमीत सिंह, श्रृंगारा राम, राज कंबोज, रक्षपाल सिंह, कमल आदि मौजूद रहे।


रुद्रपुर में प्रदर्शन करते लापता कर्मी के परिजन। ● अमृत विचार

### फिर लापता हुआ मार्केटिंग कर्मी सपन मजूमदार

**रुद्रपुर :** भूरारानी के शांति विहार कॉलोनी का मार्केटिंग कर्मी अचानक लापता हो गया है। पिछले छह दिनों से लापता कर्मी का कोई सुराग नहीं लगने के बाद परिजनों ने प्रदर्शन कर बरामदगी का मुद्दा उठाया। शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान लापता की पत्नी रीता मजूमदार ने बताया कि उसके पति सपन मजूमदार गल्ला मंडी स्थित इस्पात फर्म में मार्केटिंग का कार्य करते हैं। 23 नवंबर की सुबह रोजमर्रा की भांति पति काम पर गए थे, लेकिन जब देर शाम तक वापस नहीं लौटे तो 24 नवंबर को कोतवाली पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद अभी तक कोई खोजबीन शुरू नहीं की, जबकि लापता हुए छह दिन का समय बीत चुका है। परिजनों को अब सपन चिंता सताने लगी है। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही पुलिस ने कोई सुराग नहीं लगाया तो कोतवाली के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# गुरु के चरण धोये-धोये पीवां..., होये जनम सुहेला

## शिकारपुर में श्रीगुरु मान्यो ग्रंथ साहिब को समर्पित हुआ समागम, इसके पश्चात गुरु का अटूट लंगर में संगत ने प्रसाद ग्रहण किया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम शिकारपुर में एक दिवसीय श्रीगुरु मान्यो ग्रंथ साहिब को समर्पित समागम शुक्रवार को सिंह मिनरल्स के प्रांगण में अखंड पाठ के भोग के उपरांत शुरू हुआ जिसमें पंथ प्रचारकों ने गुरुवाणी का व्याखान किया।

अंखड पाठ के भोग के उपरांत सजे दरबार साहिब में गुरू साहिब के समक्ष संगत ने नतमस्तक होकर गुरुवाणी का रसपान किया। इस दौरान दिल्ली शीशगंज गुरुद्वारा साहिब के मुख्य ग्रंथी गियानी हरनाम सिंह खालसा ने कहा कि गुरु साहिब की खुशी प्राप्त करने के लिए हम लोग लाखों रुपये के रुमाला साहिब अन्य वस्त्र भेंट कर देते हैं, लेकिन गुरु साहिब इससे खुश नहीं होते, श्री गुरु नानकदेव जी महाराज फरमाते हैं कि- शब्द गुरु सुरत धुन चेला... अर्थात उनके गुरु भी शब्द गुरु हैं, जो भी व्यक्ति शब्द गुरु की आराधना करेगा, उसी से गुरु साहिब प्रसन्न होते हैं। उन्होंने शिक्षा पर अधिक ध्यान देने, गुरु मर्यादा में रहने की बात कही। कहा कि खालसा पंथ में प्रत्येक सिक्ख के लिए गुरू की मूरत शब्द गुरू ही है। दिल्ली से आए भाई हरमनप्रीत सिंह,


ग्राम शिकारपुर में हुए समागम में गुरु ग्रंथ साहिब को निजी स्थान लेकर जाती संगत।


ग्राम शिकारपुर में हुए समागम में कीर्तन सुनती संगत। ● अमृत विचार


समागम में दिल्ली से आए रागी जत्थे को सम्मानित करते हरवीर सिंह।

गुरमनप्रीत सिंह के रागी जत्थे ने कीर्तन करते हुए कहा- सतगुरु होये तेरी जय-जयकार..., गुरू का दर्शन देख-देख जीवां, गुरु के चरण धोये-धोये पीवां..., होये जनम सुहेला, होये जनम सुहेला...। इसी प्रकार भाई सोहन सिंह के रागी जत्थे ने कीर्तन करते हुए कहा कि धुर की बाणी आई, तिन संगली चिंत मिटाई...। उन्होंने कहा कि गुरुग्रंथ साहिब शब्द गुरु के रूप में सभी के हृदय में विराजमान हैं और जो भी व्यक्ति गुरुवाणी को सच्चे हृदय से धारणा कर लेता है उसका वर्तमान के साथ ही भविष्य का जीवन भी संवर जाता है। इसके अतिरिक्त भाई सुरजीत सिंह सहित अनेक पंथ प्रचारकों ने गुरुग्रंथ साहिब शब्द गुरु की ब्याख्या कीर्तन व कथा के माध्यम से की गई और गुरतां गद्दी के महत्व के बारे में बताया।

समागम के दौरान जैसे ही दिल्ली से आए भाई हरमनप्रीत सिंह के रागी जत्थे ने शब्द गायन- सतगुरु होवे तेरी जय-जयकार... सुनाया तो इसी दौरान पहले से ही हाथों में पुष्प लेकर बैठे श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष सामूहिक रूप से पुष्प वर्षा की। इसी बीच जो बोले सो निहाल, सत श्रीअकाल के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।इस मौके पर बाबा बलकार सिंह, बाबा प्रताप सिंह, कुलवीर सिंह, हरवीर सिंह, इंद्रपाल सिंह, मनजीत सिंह, हरमिंदर सिंह ढिल्लो, चौधरी संसार सिंह, सुलक्खन सिंह, सुरेंद्र सिंह नामधारी, बल्देव सिंह नामधारी, सुरेंद्र सिंह, हरदयाल सिंह, कुलदीप सिंह, जगजीत सिंह, बलविंदर सिंह, सुरजीत सिंह, जसपाल सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। समागम के पश्चात गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

### महात्माओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**बाजपुर :** गुरु मान्यों समागम में पहुंचे संत महात्माओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं को समागम के आयोजक कुलवीर सिंह व हरवीर सिंह गिल की ओर से अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया जिसमें गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला के प्रमुख सेवादार बाबा प्रताप सिंह, स्वार रामपुर से आए बाबा निर्मल सिंह गोरखा, कारसेवा दिल्ली के प्रमुख बाबा गुरजंट सिंह व प्रचंड दल खालसा के प्रमुख बाबा बलकार सिंह, उत्तराखंड सर्व प्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, ब्रह्मज्ञानी बाबा बुड्ढा साहिब ग्रंथी सभा के अध्यक्ष सुरजीत सिंह, हरनाम सिंह, सुखविंदर सिंह रंधावा आदि को सिरोपओ देकर सम्मानित किया गया।

# रोडवेज पर बनेगी वाहनों की पार्किंग

**तैयारी**

- रोडवेज स्टेशन से वेंडिंग जोन तक बनाई जा रही है पार्किंग
- विधायक शिव अरोरा ने किया शिलान्यास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विधायक शिव अरोरा ने नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोडवेज स्टेशन से वेंडिंग जोन तक बनायी जानी वाली पार्किंग के निर्माण का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। पार्किंग के बन जाने से शहर के लोगों को इधर-उधर वाहन पार्किंग की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी।

शुक्रवार को विधायक अरोरा ने कहा कि शहर में पिछले 20 वर्षों से वाहनों की पार्किंग की समस्या बनी हुई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगी सिंचाई विभाग की बाउंड्री के बाहर रोडवेज से लेकर वेंडिग जोन तक 325 मीटर तक पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा। इसमें करीब 500 गाड़ी आसानी से खड़ी हो सकती हैं। कहा कि पार्किंग की मांग पिछले लंबे समय से व्यापारी कर रहे थे।

विधायक अरोरा ने कहा कि अब पार्किंग का निर्माण होने से विधवानी मार्केट, सब्जी मंडी, मुख्य बाजार आने वाले ग्राहकों को सुविधा मिलेगी। नगर निगम की देखरेख में तेजी से निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जमीन समतलीकरण का कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। वहीं निर्माण कार्य शुरू होने पर व्यापार मंडल ने विधायक अरोरा का मिठाई खिलाकर आभार जताया। इस अवसर पर दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप, राव मनोज मदान, मोहित कक्कड़, मयंक कक्कड़, मुकेश वशिष्ठ, नगर निगम के अधिशासी अभियंता सौरभ यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।


पार्किंग स्थल के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते विधायक अरोरा।

# मांगों को लेकर डिलीवरी ब्वॉय का धरना

**प्रदर्शन**

- रेट कार्ड निर्धारित समेत विभिन्न मांगों को लेकर गांधी पार्क में आंदोलनरत हैं डिलीवरी ब्वॉय व हॉकर्स

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दस सूत्रीय मांगों को लेकर गिग वर्कर्स यानी डिलीवरी ब्वॉय संगठन ने गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन कर अपना मुद्दा उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को हॉकर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर डिलीवरी ब्वॉय एवं हॉकर्स ने गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन किया और दस सूत्रीय मांगों सहित अपनी समस्याओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने गिग श्रमिकों के लिए रेट कार्ड निर्धारित करने, वेतनमान के आधार पर रेट कार्ड में वृद्धि करने, ईएसआई-पीएफ की गारंटी देने, दुर्घटना सुरक्षा कानून बनाने, सभी श्रमिकों को कर्मचारी का दर्जा देने, त्रिपक्षीय बोर्ड का गठन करने, बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों के परिवार की सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने की मांग उठाई। इसके अलावा कंपनियों के एकतरफा कार्रवाई पर अंकुश लगाने, न्यूनतम वेतनमान सुनिश्चित करने का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि वर्ष 2014 में केंद्र सरकार ने पथ विक्रेताओं के लिए कानून बनाया था। जिसे पूर्णतया धरातल पर अभी तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने केंद्र सरकार से कानून को धरातल पर उतारने की मांग की है। इस अवसर पर ठेला व्यापारी उत्थान समिति के अध्यक्ष सूरज सिंह कश्यप, सुरेंद्र कुमार, उमेश, कुमार, सुंदर सिंह, अजीत मंडल, रविंद्र सिंह, रमेश कुमार कोहली आदि मौजूद रहे।


गांधी पार्क में धरना देते श्रमिक। ● अमृत विचार

# सोलर पैनल लगाएं, करें अतिरिक्त कमाई

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कृषि विज्ञान केंद्र के केंद्रीय हॉल में पीएम कुसुम (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महा अभियान) के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला हुई। किसानों को सौर ऊर्जा की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र काशीपुर के प्राध्यापक डॉ. शिव कुमार शर्मा ने सौर ऊर्जा का कृषि में उपयोग विषय में जानकारी दी। कहा कि पीएम कुसुम योजना घटक 'ए'के तहत किसान अपने खेतों में सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन कर उसे ऊर्जा वितरण कंपनी को बेच सकते हैं। इस तरह से उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। पीएम कुसुम घटक एक के तहत बंजर, परती या कृषि भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की योजना है। जिसकी क्षमता 500 किलोवाट से लेकर दो मेगावाट तक हो सकती है। परिचर्चा के बाद किसानों से पीएम किसान योजना के प्रति फीडबैक भी लिया गया। जिसमें कई किसानों ने कहा कि सौर पैनल को लगाने के लिए प्रारंभिक लागत मूल्य बहुत अधिक है। योजना के अंतर्गत सब्सिडी होना अति आवश्यक है। जागरूकता कार्यक्रम में करीब 35 काश्तकारों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन पशु विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. अनिल सैनी, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. अनिल चंद्रा, प्रगतिशील एफपीओ के अध्यक्ष एवं भाजपा किसान मोर्चा भाजपा के जिलाध्यक्ष बलकार सिंह, रणजीत सिंह, कुलवंत सिंह, तस्वीर सिंह सैनी, मुख्तार सिंह, विजेंद्र सिंह, प्रमिला, रीता पांडे, रवि कुमार, जीसी जोशी, मनीष बाजपेई, सबा मसूद, बलकार सिंह, धनवीर अरोड़ा आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद किसान और अधिकारी। ● अमृत विचार


दैनिक समाचार पत्र — कम खर्च, ज्यादा मुनाफा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523

नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333, रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)


# छेड़छाड़ के दोषी कलयुगी पिता को सात साल का कारावास

**सजा**

- बेटी के साथ करता था अश्लील हरकत, विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अपनी ही बेटी के साथ अश्लील हरकत करने वाले कलयुगी पिता को विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ने सात साल का कठोर कारावास व तीस हजार का अर्थदंड देने की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अपना निर्णय दिया है।

विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि काशीपुर के थाना कुंडा में एक महिला ने 14 जुलाई 2022 को मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि उसकी 12 साल की नाबालिग बेटी रोजमर्रा की भांति घर से स्कूल के लिए निकली। दोपहर को देखा कि बेटी की साइकिल व स्कूल बैग घर के दरवाजे पर पड़ा हुआ है, जबकि अहाते में बंधी भैंस भी नहीं थी। खोजबीन के दौरान बेटी के चीखने की आवाज आई और जब मौके पर जाकर देखा कि बेटी नग्न अवस्था में पड़ी हुई थी। बेटी ने आप बीती बताते हुए बताया कि पापा उसे भैंस चराने के बहाने साथ ले गए। कई बार अश्लील हरकत की और तमंचा दिखाकर डराया व धमकाया भी कि यदि किसी को बताया तो परिवार सहित खत्म कर दूंगा। आरोप था कि कलयुगी पिता पहले भी कई बार अश्लील हरकतें कर चुका है। पुलिस ने तफ्तीश के दौरान सरवर खेड़ा निवासी शेर मोहम्मद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो न्यायाधीश अश्विनी गौड़ की अदालत में शुरू हुई। जहां विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने छह गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने दोषी शेर मोहम्मद को सात साल कठोर कारावास और तीस हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई। साथ ही प्रदेश सरकार को पीड़िता को 50 हजार रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।


उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, नैनीताल रोड, तिकोनिया, हल्द्वानी (नैनीताल)-263139
फोन एंव फैक्स 05946-220172, E-mail: eddhld@yahoo.com

पत्रांक : 4439/वि.वि.ख.(ह.)/ — दिनांक : 29-11-2024

विद्युत बाधित होने की सूचना

हल्द्वानी (नगर) खण्ड के अन्तर्गत समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि 33/11 केवी उपसंस्थान, तेरह बीघा हल्द्वानी से पोषित धान मिल पोषक एवं 33/11 केवी उपसंस्थान, टी०पी० नगर हल्द्वानी से पोषित मण्डी पोषक की 11 केवी लाईन के नीचे विद्युत दुर्घटना से बचाव हेतु गार्डिंग का कार्य किया जाना है, जाना नितान्त आवश्यक है, जिस कारण इस खण्ड के अन्तर्गत निम्न सूची के अनुसार सम्बन्धित पोषकों से पोषित क्षेत्रों में पूर्ण रूप/आंशिक रूप से विद्युत आपूर्ति वाधित रहेगी।

| क्र० | दिनांक एवं दिन | उपसंस्थान का नाम | फीडरों के नाम | | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30.11.2024 (शनिवार) एवं 02.12.2024 (सोमवार) | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, टी०पी० नगर, हल्द्वानी | मण्डी पोषक | सब्जी मण्डी, जोशी विहार, गणपति विहार, हिमालय स्कूल, इन्द्रा नगर, छोटी रोड, बड़ी रोड, शनि बाजार रोड, सती कॉलोनी, उजाला नगर | प्रातः 10:00 से सायं 04:00 बजे तक |
| 2 | 01.12.2024 (रविवार) एवं 03.12.2024 (मंगलवार) | 33/11 केवी० उपसंस्थान, तेरह बीघा, हल्द्वानी | धान मिल पोषक | गौजाजाली उत्तर, बड़ी रोड, छोटी रोड, जोशी विहार, गणपति विहार, शनि बाजार रोड | प्रातः 10:00 से सायं 04:00 बजे तक |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

(ई० प्रदीप कुमार)
अधिशासी अभियन्ता



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार — लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण — स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रूद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### स्मैक के साथ गिरफ्तार

**नानकमत्ता :** पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक आरोपी के पास से स्मैक बरामद की। पुलिस के अनुसार सुंदर नगर के समीप पुलिस चैकिंग कर रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह सपकपा गया और भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रीतम सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी सलवता थाना नानकमत्ता बताया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 2.37 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है।

### किशोर लापता

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के शिवलालपुर निवासी वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि उसका 15 वर्षीय पुत्र निखिल बीती 8 नवंबर की सुबह घर से बिना बताए कहीं चला गया। नाते रिश्तेदारों में खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला है। जिसके चलते उसके साथ अनहोनी की आशंका है।

किसानों का आरोप- महंगाई की वजह से गन्ना उत्पादन की लागत प्रतिवर्ष बढ़ रही, सरकार से गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग

# कम दाम मिलने पर भड़के किसान, दाम बढ़ाने को तहसील में दिया धरना

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** गन्ना मूल्य बढ़ाने की मांग को लेकर किसानों ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन कर सरकार के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि बढ़ रही महंगाई की वजह से गन्ना उत्पादन में काफी लागत आ रही और सरकार लागत के करीब भी गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही है। इससे किसान बर्बाद हो जाएंगे।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा व प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ.गणेश उपाध्याय की अगुवाई में किसानों ने संयुक्त रूप से सरकार के विरुद्ध धरना देखकर आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में लगातार चीनी उत्पादन में


बाजपुर में तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

कमी देखने को मिली है। जनपद ऊधम सिंह नगर में भी गन्ने का रकबा लगातार घट रहा है। मंहगाई ने किसान की कमर तोड़ दी है। डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी, महंगाई से गन्ना की जुताई में 12 हजार रुपये, बीज 16 हजार रुपये, बीज शोधन पर 7 हजार रुपये, गन्ना बुवाई व लेबर चार्ज 10 हजार रुपये, निराई-गुड़ाई 12 हजार रुपये, सिंचाई पर 6 हजार रुपये, दवाई खाद पर 15 हजार रुपये, देखभाल साफ-सफाई पर 2 हजार रुपये, कटाई पर 18 हजार रुपये, गन्ना ढुलाई पर 9 हजार रुपये समेत प्रति एकड़ में 300 क्विंटल गन्ने की फसल उत्पादन पर लगभग एक लाख 7 हजार रुपये का खर्च आ रहा है, जबकि नवीन गन्ना मूल्य के अनुसार लगभग एक लाख 12 हजार रुपये प्रति एकड़ किसानों को सरकार द्वारा दिया जा रहा है। जिससे किसानों को मात्र 5 हजार रुपये प्रति एकड़ की ही बचत हो पा रही है जबकि किसान अपने प्रतिदिन की मेहनताई नहीं जोड़ रहा है। यदि कोई किसान जमीन लीज पर लेकर गन्ने की खेती करना चाहे तो गन्ने की फसल लगभग डेढ़ साल में तैयार हो पाती है। इस समय प्रति एकड़ लीज लगभग 40 हजार रुपये है जिस कारण किसान को एक बार की फसल में लगभग 35 हजार रुपये का नुकसान होता है, जबकि कुछ साल पहले इतना ही गन्ना बुआई पर 25 प्रतिशत कम लागत आती थी। कहा कि केंद्र सरकार ने मात्र 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त की है, जबकि महंगाई के अनुसार एमएसपी लागू करते हुए 400 रुपये प्रति क्विंटल का गन्ना मूल्य केंद्र सरकार द्वारा तथा राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम 100 रुपये और बोनस देते हुए गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए। इस मौके पर मुल्क सिंह, सिकंदर सिंह, लाखन सिंह, जोगेंद्र सिंह, हरप्रीत सिंह, बल्देव सिंह, दरबार सिंह, नाथ सिंह, सुरेश गोयल, जसपाल सिंह, जसप्रीत सिंह, महिपाल सिंह बोरा आदि अनेक किसान मौजूद थे।

### किसानों का गन्ना खेती से हो रहा मोहभंग

**बाजपुर :** किसानों ने कहा कि बुवाई गन्ना में भारी खर्च और बकाया भुगतान में देरी से किसानों का गन्ना खेती से मोहभंग होता जा रहा है। किसानों ने गन्ने की खेती से मुंह मोड़ लिया है। नतीजा यह रहा कि जहां 25 वर्ष पूर्व तराई क्षेत्रों की तहसीलों के बड़े रकबे में भारी मात्रा में गन्ने की खेती होती थी, परंतु आज बहुत ही कम रकबे में ही गन्ने की बुवाई की जा रही है। वर्तमान में चीनी मिलों का गणित साफ है। पहले गन्ना पहुंचाओ, बाद में दाम पाओ। गन्ना मूल्य में मात्र खानापूर्ति करने पर किसान नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। उर्वरकों, कीटनाशकों से लेकर डीजल आदि के दाम जिस हिसाब से बढ़े, उस हिसाब से सरकार गन्ना मूल्य नहीं बढ़ा रही है।

# मंडलायुक्त ने की 64.69 करोड़ की योजनाओं की समीक्षा

रुद्रपुर-काशीपुर में ओपन जिम के लिए नगर आयुक्तों को प्रस्ताव देने को कहा, विकास प्राधिकरण की अवस्थापना बैठक में दिए निर्देश

बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की तृतीय अवस्थापना बैठक में आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने प्राधिकरण के कुल 64.69 करोड़ के 30 विभिन्न अवस्थापना विकास कार्यों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शुक्रवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित बैठक में सचिव प्राधिकरण पंकज उपाध्याय ने अगले 6 माह के प्रस्तावित कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान मंडलायुक्त ने रुद्रपुर में एनएच-87 के अटरिया मोड़ से डीडी चौक तक सड़क के बाई ओर चौड़ीकरण का कार्य, किच्छा व खटीमा में बस अड्डे निर्माण के अतिरिक्त कार्य के लिए कलेक्ट्रेट परिसर कल्याणपुर उत्तरायणी मंडी आवास परिसर के सामने रिंग पार्क निर्माण, खटीमा में शौचालय निर्माण, रुद्रपुर के विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरण, रोड साईड पार्किंग, ड्रेनेज प्लान आदि कार्यों के डिजाईन व डीपीआर तैयार करने की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति दी। इसके अलावा रुद्रपुर शहर के सौंदर्यीकरण के लिए पौधारोपण आदि कार्यों के लिए कल्याणपुर रुद्रपुर में प्रशासनिक परिसर क्षेत्र में 1.5 किमी. पेडेस्ट्रियन व पाथवे व स्ट्रीट लाइट, कलेक्ट्रेट परिसर में पार्किंग निर्माण कार्य, 46वीं वाहिनी पीएसी के खेल मैदान में 2 ओपन जिम बनाये जाने आदि भी स्वीकृति दी। उन्होंने रुद्रपुर नगर निगम के नगर आयुक्त को गांधी पार्क में और नगर आयुक्त काशीपुर को काशीपुर में एक ओपन जिम बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में वाहन पार्किंग के लिए छोटे-छोटे स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिये।

मंडलायुक्त ने प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध की गई कार्रवाई की भी जानकारी ली। साथ ही एकल समाधान योजना-2024, शमन मानचित्र और ऑनलाइन मानचित्र स्वीकृति प्रणाली की अद्यतन स्थिति की जानकारी भी ली। इसके बाद मंडलायुक्त रावत ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों, रोडवेज स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह, वीसी जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, विवेक राय, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, लोनिवि ओपी सिंह, अमित भारतीय आदि मौजूद थे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

# प्रशिक्षु अधिकारियों से साझा किए अनुभव

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड लोक सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों के साथ मंडलायुक्त दीपक रावत ने अपने कार्य अनुभव साझा करे। साथ ही कहा कि विकास की गति को सतत बनाए रखना आप सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पूर्णतः प्रतिबद्ध होकर अपने कार्य को ईमानदारी से करेंगे तो जनता को लाभ होगा।

शुक्रवार को उत्तराखंड ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज संस्थान (यूआईआरडी) में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुमाऊं आयुक्त ने कहा कि हमारा प्रदेश भौगोलिक रूप से छोटा है। हमें एक परिवार के रूप में कार्य करते हुए इस प्रदेश की उन्नति के लिए साथ मिलकर कार्य करना है। उत्तराखंड जिन आशाओं और उम्मीदों के साथ गठित हुआ था उन्हें धरातल पर उतारकर इसे विकसित प्रदेशों की सूची में शामिल कराना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आप किसी भी क्षेत्र में कार्य करें तो वहां के इतिहास व पारिस्थितिकी का अध्ययन पहले करें तभी विकासपरक योजनाएं बनाकर कार्य करें। साथ ही वहां की संस्कृति का भी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि एक अच्छा प्रशासक एक अच्छा प्रेक्षक व श्रोता भी होता है और कार्ययोजना बनाकर ही कार्य करता है। उन्होंने सभी बीडीसी बैठकों में प्रतिभाग किया था। ताकि जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं पर कार्य किया जा सके।

इस अवसर पर अधिशासी निदेशक यूआईआरडी व मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, वीसी जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण जय किशन, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, सचिव प्राधिकरण पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी रुद्रपुर मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटौला, सहायक निदेशक यूआईआरडी डॉ. धीरेंद्र शाह, डॉ. एमपी खाली व प्रशिक्षु अधिकारी उपस्थित थे।

# गोविंदा की गिरफ्तारी को अदालत में दायर की याचिका

शिकंजा

- सुमित हत्याकांड का फरार है छठा आरोपी
- पुलिस ने एनबीडब्लू के लिए किया आवेदन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** चालक सुमित हत्याकांड के फरार आखिरी आरोपी को दबोचने के लिए पुलिस ने न्यायालय में एनबीडब्लू जारी करने के लिए आवेदन कर दिया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बीती 14 नवंबर को रंपुरा बस्ती निवासी 26 वर्षीय चालक सुमित श्रीवास्तव लापता हो गया था। 20 नवंबर को उसका शव फाजलपुर महरौला स्थित नदी किनारे सड़ी-गली हालत में मिला था। पुलिस की तफ्तीश में पाया कि चालक की पत्नी रेनू ने अपने प्रेमी गणेश चंद्रा के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई और प्रेमी ने दोस्तों के साथ मिलकर 14 नवंबर की रात्रि को हत्या कर शव पहले कल्याणी नदी में फेंक दिया था। इसके बाद 17 नवंबर को सुनसान जगह पर दफन कर दिया। हत्याकांड में पुलिस ने रेनू, गणेश चंद्रा, वंश, दीपक कोली, शिवम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन हत्याकांड का आखिरी गुनहगार गोविंदा पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जिसको दबोचने के लिए पुलिस ने न्यायालय में गैर जमानती वारंट जारी करने के लिए आवेदन किया है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही एनबीडब्लू आदेश मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### किसान के खेत से दिन दहाड़े काट ले गए सात पेड़

**खटीमा :** तस्करों ने बनगवां गांव से दिन दहाड़े एक किसान के खेत में खड़े बुटेल, बबूल सहित सात पेड़ काटकर यूपी में ले गए। वन विभाग की टीम ने पीछा कर एक निजी टाल से 32 गिल्टे बरामद कर लिए अलबत्ता तस्कर फरार हो गए। वनकर्मियों ने बरामद लकड़ी सायफन चौकी पर ले आई। वनकर्मियों ने उत्तर प्रदेश के ग्राम भरतपुर, थाना न्यूरिया निवासी निम्मा मंडल पुत्र के खिलाफ वन अधिनियम के तहत 14/10 मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। इस दौरान वन दरोगा गोविंद सिंह कोरंगा, बीट अधिकारी देवेंद्र कुमार, मदन गोपाल, वीरेंद्र सिंह राना आदि मौजूद रहे।

# कंट्रोल रूम से चलेंगे सीसीटीवी कैमरे

तैयारी

- एसएसपी ने चलाया सीसीटीवी कैमरा मुहिम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अपराधों की रोकथाम को लेकर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सीसीटीवी कैमरों का एक्सेस पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ने की मुहिम छेड़ दी है। जिसके चलते एसएसपी ने पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण भी किया और लोगों से एक्सेस जोड़ने का आह्वान भी किया।

शुक्रवार को एसएसपी ने बताया कि अपराध मुक्त जनपद बनाने में सीसीटीवी कैमरों की अहम भूमिका है। इसके लिए आवास, प्रतिष्ठान, बारात घर के रोड फेसिंग कैमरे का एक्सेस पुलिस कंट्रोल रूम से जुड़ने का आह्वान एसएसपी ने जनता से किया। अपने कैमरे का एक्सेस देने से पुलिस भी निगरानी रख सकती है। अक्सर देखा गया है कि वारदात के दौरान अपराधी डीवीआर भी उखाड़ कर ले जाते हैं, लेकिन एक्सेस देने से पुलिस 28 घंटे तक अपराधियों पर नजर रख सकती है। एसएसपी ने बताया कि जिले में लगातार सीसीटीवी कैमरों के प्रति सजगता बढ़ रही है। यही कारण है कि आम नागरिकों ने 460 एवं सरकारी व गैर सरकारी कैमरे का एक्सेस कंट्रोल रूम में जोड़ दिया है। व्यावसायिक दृष्टिकोण से उच्च कोटि का प्लेटफार्म बनाने के लिए पुलिस उपाधीक्षक संचार रेवाधर मठपाल को पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है।


पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते एसएसपी। ● अमृत विचार

### घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**रुद्रपुर:** बीती 27 नवंबर को सड़क हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुलड़िया बागवाला निवासी 20 वर्षीय महेंद्र प्रताप सिंह राणा गदरपुर जाने के लिए सड़क पार कर रहा था। तभी हाईवे पर अचानक अज्ञात डंपर की चपेट में आकर घायल हो गया। घायल को आनन-फानन में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 29 नवंबर को तड़के उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# बांग्लादेश पर कड़ी कार्रवाई करे भारत सरकार

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर भारतीय बजरंग दल एवं हिन्दू समाज के लोगों ने आक्रोश जताया। भारतीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश पर कार्रवाई की मांग की।

शुक्रवार को भारतीय बजरंग दल कार्यकर्ता व हिन्दू समाज के लोग हजारीलाल पेट्रोल पंप पर एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश की सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने भारत सरकार से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर होने वाले अत्याचारों को लेकर बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जनसंख्या लगातार कम हो रही है, इसीलिए उन पर अत्याचार भी बढ़ रहा है। अभी हाल ही में इस्कॉन के पुजारी चिन्मयानंद कृष्णदास को भी वहां की सरकार ने गिरफ्तार कर हिंदुओं का मनोबल तोड़ने का प्रयास भी किया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र कश्यप, नगर अध्यक्ष सचिन बटला, डॉ. आरके महाजन, डॉ. पुष्पेंद्र कश्यप, सचिन बटला, शिवशंकर चावला, विक्रम सैनी, सुभाष वाधवा, मनोज रल्हन, पंकज शर्मा, सोनू मल्लाह, अमित ढींगरा रहे।


गदरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन करते भारतीय बजरंग दल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बांग्लादेश की हिंसा पर प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

**काशीपुर :** धर्मयात्रा महासंघ ने बांग्लादेश सरकार पर हिंदुओं पर अत्याचार करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण कुमार अग्रवाल ने कहा कि धर्मगुरु चिन्मयकृष्ण दास प्रभु जी महाराज को अकारण बंदी बना लिया है जो चिंता का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

लाचार व्यवस्था

मिल प्रबंधन व ट्रांसपोर्टर की लापरवाही से तुलाई हो रही प्रभावित, छह की जगह दो ट्रक गन्ने का हो रहा उठान

# तौल सेंटर पर ट्रालियों में सूख रहा गन्ना, किसान परेशान

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर एक स्थित गन्ना तौल सेंटर पर तुले हुए गन्ने की फैक्ट्री के लिए समय से सप्लाई नहीं हो रही है जिस कारण किसानों का ट्रालियों में भरा गन्ना चार से पांच दिन से सेंटर पर ही सूख रहा है। किसानों की पर्चियों की तौल तिथि भी निकल रही है।

शुक्रवार को जवाहरनगर व शांतिपुरी के कई किसानों ने तौल सेंटर से गन्ना सप्लाई की समस्या को लेकर ईडी आरएस मर्तोलिया से बात की। जिस पर उन्होंने देर शाम तक सेंटर पर जमा पूरा गन्ना उठाने का आश्वासन भी दिया लेकिन समस्या फिर भी हल नहीं हो पाई। देर शाम तक पूरे सेंटर पर करीब 30 से अधिक गन्ने से लदी ट्रालियां खड़ी मिलीं। सप्लाई के लिए मौके पर कोई ट्रक नहीं था। ठंड में किसान परेशान हो उठे। ट्रक न होने की वजह से गन्ने को वहीं ट्रालियों में ही रखना पड़ा। जवाहरनगर के किसान बिशन सिंह मेहरा, शांतिपुरी के दिनेश कांडपाल, मुनीम पांडे आदि ने आरोप लगाया कि यह सब मिल प्रबंधन व ट्रांसपोर्टर की लापरवाही का नतीजा है। इस वजह से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तौल प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि शुक्रवार को फैक्ट्री इंडेन के मुताबिक 3600 क्विंटल गन्ने की तौल होनी थी लेकिन उठान नहीं होने से मात्र 1900 क्विंटल गन्ने की ही तौल हो पाई है। वहीं, दूसरी ओर सेंटर से प्रतिदिन छह ट्रक गन्ने का उठान होना था जबकि शुक्रवार को मात्र दो ट्रक गन्ने की सप्लाई हो पाई। मामले में जानकारी के लिए कई बार ईडी आरएस मर्तोलिया से संपर्क करने पर भी उनका फोन नहीं उठा।


शांतिपुरी नंबर-1 में तोल सेंटर पर ट्रालियों में पड़ा गन्ना। ● अमृत विचार

### गेहूं की बोआई का समय निकल रहा

**शांतिपुरी :** परेशान किसानों ने बताया कि मिल प्रबंधन और ट्रांसपोर्टर की लापरवाही से कई दिक्कतें हो रही हैं। इस समय खेतों में गेहूं बोआई का समय चल रहा है लेकिन हम किसान यहां गन्ना तौल सेंटर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। इससे खेतों में बोआई प्रभावित हो रही है। अगर समय पर काम होता तो हम लोग खेतों में गेहूं की बोआई शुरू कर लेते।

# मोबाइल को लेकर दो पक्षों में मारपीट

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** करीब तीन माह पहले मरम्मत करने को दिए मोबाइल को लेकर दुकानदार व ग्राहक के बीच में कहासुनी हो गई। बात बढ़ी तो मारपीट होने लगी। पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को हिरासत में ले लिया है।

ग्राम केशोवाला निवासी युवक ने करीब तीन माह पहले रामराज रोड पर प्रथम तल पर स्थित एक मोबाइल रिपेयर की दुकान पर मोबाइल सही करने के लिए दिया था। आरोप है कि कई बार चक्कर लगाने के बावजूद दुकानदार मोबाइल सही करके नहीं दे रहा था। शुक्रवार को युवक अपना मोबाइल लेने पहुंचा तो मोबाइल नहीं मिलने की बात कहते हुए दुकानदार बाद में आने की बात कहने लगा। इसको लेकर दोनों में गहमागहमी शुरू हो गई और देखते ही देखते गाली-गलौज एवं मारपीट होने लगी। मारपीट होने से वहां आसपास के व्यापारियों एवं राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। युवक ने दुकानदार पर मोबाइल नहीं लौटाने व कहने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है, जबकि दुकानदार ने दुकान एवं लैपटाप आदि में तोड़फोड़ करने की बात कही है। पुलिस ने दोनों को पूछताछ के लिए कोतवाली में बैठा लिया है। वहीं समाचार लिखे जाने तक किसी की भी तरफ से मामला पंजीकृत नहीं हुआ था, दोनों पक्षों में समझौते के लिए वार्ता हो रही थी।


बाजपुर में मामले की जानकारी हासिल कराते एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी।

पंचैव पूजयन् लोके यश : प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितृन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि-इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा-स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है, बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। देश आगे बढ़ रहा है और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास को दुनिया स्वीकार कर रही है। परंतु भारत की भू-राजनैतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं। आज हालात ऐसे हैं कि बाह्य और आंतरिक सुरक्षा में भेद करना कठिन हो गया है। हमारी सुरक्षा को वास्तविक खतरा गुप्त कार्रवाइयों, विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से है। ऐसे में भुवनेश्वर में शुक्रवार से शुरू हुआ अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का सम्मेलन देश के आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग ले रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा का सामान्य अर्थ एक देश की अपनी सीमाओं के भीतर की सुरक्षा से है। आंतरिक सुरक्षा बहुत पुरानी शब्दावली है, लेकिन समय के साथ ही इसके मायने बदलते रहे हैं।

स्वतंत्रता से पूर्व जहां आंतरिक सुरक्षा के केंद्र में धरना-प्रदर्शन, रैलियां, सांप्रदायिक दंगे, धार्मिक उन्माद थे तो वहीं स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं तकनीकी की विकसित होती प्रणालियों ने आंतरिक सुरक्षा को अधिक संवेदनशील और जटिल बना दिया है। आज भारत में आंतरिक सुरक्षा के लिए आतंकवाद, उग्रवाद, सांप्रदायिक हिंसा, साइबर हमले, संगठित अपराध व अलगाववादी आंदोलन जैसी कई चुनौतियां हैं। निश्चित ही सरकार ने इस दिशा में आंशिक प्रयास जरूर किए हैं, जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की स्थापना, भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना, रक्षा नियोजन समिति की स्थापना आदि, लेकिन ये सभी निकाय अपने-अपने स्तरों पर कार्यरत हैं। आवश्यकता है ऐसी नीति और संरचना की जो इन सभी को एक साथ लेकर चले। आंतरिक सुरक्षा को बेहतर करने के लिए सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक खुफिया तंत्र में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और सुरक्षा पर गठित कैबिनेट समिति को पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से उत्पन्न सुरक्षा खतरों के खिलाफ एक प्रभावी जवाबी रणनीति तैयार करनी चाहिए। हमारी रणनीति प्रतिक्रियाशीलता के बजाय अधिक सक्रियता की होनी चाहिए। संगठित अपराध से निपटने के लिए अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों को उनके द्वारा सुरक्षा प्रबंधन के विषय को प्राथमिकता देने की आवश्यकता के संदर्भ में जागरूक किया जाना चाहिए।

# विद्या केंद्रों तक ही सीमित नहीं नैतिक बोध



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश – दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है।

"बच्चों को शिक्षा के जरिए संस्कार नहीं दिए जा रहे।" एक यात्रा के दौरान ऐसा मेरे सहयात्री का कथन था। "यह आप किस आधार पर कह रहे हैं?"- मैंने प्रश्न किया। उनका जवाब था "यह हम इसलिए कह सकते हैं कि आजकल जहां देखिए वहां पर्यावरण से खूब छेड़छाड़ की जा रही है। प्राकृतिक संपदाओं का भरपूर दोहन हो रहा है। हम लोग जहां भी जाते हैं कचरा-गंदगी फैलाकर निकल आते हैं। हर पर्यटन स्थल पर यही आलम है। सरकारी संपत्तियों का लोग किस कदर दुरुपयोग कर रहे हैं यह दिखता ही है। कदाचित अपवादों को छोड़ दें तो नैतिक अवमूल्यन भी यत्र-तत्र प्रदर्शित है। यह सब शिक्षा का दोष नहीं है तो आकइर किसका है?"

मित्र का यह आक्षेप कई मुद्दों पर पुनर्विचार की आवश्यकता का अनुभव करा रहा था। यह कि क्या वाकई स्कूल बच्चों में अपेक्षित संस्कारों व मूल्यों का विकास नहीं कर पा रहे हैं? अगर ऐसा नहीं हो पा रहा है तो क्या इसके लिए सिर्फ स्कूल ही जिम्मेदार या जवाबदेह हैं? क्या इस संबंध में पारिवारिक और सामाजिक दायित्व बिल्कुल नहीं हैं? शिक्षा को किसी भी समाज के निर्माण की धुरी कहा जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थी की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण करते हुए उसे सामाजिक विकास हेतु उपयुक्त व सक्षम बनाना होता है।

इस हेतु शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के संज्ञानात्मक, भावात्मक एवं कौशलात्मक विकास का प्रयास करती है। अध्ययनकाल में बच्चे विषयगत ज्ञान-कौशलों को प्राप्त करते हैं। अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को तराशते हैं। सामाजिकता के सबक सीखते हैं तथा सामाजिक विकास में योगदान के हुनर अर्जित करते हैं। शिक्षा में उत्तरोत्तर सुधार हेतु समय-समय पर गठित आयोग और शिक्षा नीतियां अपने नीति- निर्देशक तत्वों द्वारा यह मार्गदर्शन करती है कि शिक्षा के द्वारा किस प्रकार के नागरिकों का निर्माण किया जाए और इसके तरीके क्या हों? उद्देश्य यही होता है कि शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप व्यक्तित्वों का निर्माण हो। इस उद्देश्य को वास्तविकता के धरातल पर उतारने हेतु शिक्षा का एक बड़ा ढांचा संगठित तथा योजनाबद्ध प्रयास करता है, जिसमें विद्यालय प्रमुख एवं प्रभावी भूमिका का निर्वाह करते हैं।

> देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों-संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए।

परिणामस्वरूप एक शिक्षित एवं विकसित समाज आकार लेता है, पर यहां यह विचारणीय बिन्दु यह है कि क्या सामाजिकता के सारे सबक स्कूल में ही सीखे-सिखाए जाते हैं? क्या विद्यालय ही सीखने-सिखाने के एकमात्र अभिकरण हैं? निःसंदेह नहीं। सीखना-सिखाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जो निरंतरता के साथ चलती रहती है। हर समय, हर जगह। वह भी घोषित-अघोषित तमाम माध्यमों के द्वारा।

बेशक विद्यालय इस हेतु सर्वमान्य और सर्वस्वीकृत संस्था हैं, पर विद्यालय के उपरांत पूरा समय शिक्षार्थी विभिन्न व्यक्तियों, संदर्भों, साधनों-संसाधनों और माध्यमों के संपर्क में आता है। ये सभी माध्यम प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शिक्षार्थी की सोच-समझ को प्रभावित करते हैं। इनमें से कुछ विद्यालय में सीखी-जानी बातों का समर्थन करते हैं, कुछ नहीं। विशेषकर मूल्य ,मान्यताओं और संस्कारों के संदर्भ और इन संदर्भों की आधी-अधूरी, अधकचरी या भ्रामक जानकारी ही व्यवहारगत असंगति, विसंगति या अवमूल्यन के रूप में समाज के सामने आती है।

पहले बात करते हैं मूल्यों की। मूल्य वे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, जिनका दैनन्दिन जीवन में अनुपालन हमें सही अर्थों में 'इंसान' बनाता है। इस दृष्टि से देखें तो 'मूल्य शिक्षा' किसी भी व्यक्ति को 'पशुवत व्यवहार' से 'मनुष्यता' की ओर ले जाने की यात्रा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शिक्षा में प्रत्येक स्तर पर कार्य किया जाता है। इसका परिणाम समाज में मानवीय मूल्यों को समर्पित तमाम व्यक्तित्वों के रूप में हमारे सामने आता है। इसके इतर मूल्यहीनता के भी उदाहरण यदा-कदा हम सबके अनुभव में आते रहते हैं। निश्चित तौर पर दुनियाभर में विद्यालय नाम की कोई भी संस्था मूल्यहीनता का न तो समर्थन करती है और न ही ऐसे किसी भी आचरण की सीख देती है। यह विद्यालय की परिधि के बाहर की दुनिया का ही बुना गया जाल होता है, जो किसी के मन-मस्तिष्क को दुष्प्रवृत्तियों में उलझा लेता है। नतीजा यह कि जो एक बार इस जाल में उलझा फिर उसका बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। यहां समाज के हर वर्ग और व्यक्ति की ज़िम्मेदारी होती है कि मानवीय मूल्यों का समर्थन और प्रोत्साहन करे तथा कहीं भी कुछ इसके विपरीत हो रहा है, तो उसके सुधार हेतु प्रयास करे।

अब बात करते हैं सामाजिक मान्यताओं और संस्कारों की। संस्कार का आशय होता है व्यक्ति को सामाजिक मानकों और मान्यताओं के अनुरूप ढालना। व्यक्ति को समाज में रहने के उपयुक्त बनाना। उसके मन, मस्तिष्क और शरीर को पवित्र बनाना तथा ऐसे गुणों का विकास करना कि व्यक्ति सामाजिक नियमों के अनुरूप विकसित हो तथा सामाजिक विकास में सकारात्मक योगदान दे। शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है। इसके लिए शिक्षार्थी को संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी क्रियाकलापों से होकर गुजरना पड़ता है। शिक्षकों की देखरेख में विद्यालय इस हेतु उपयुक्त वातावरण भी प्रदान करते हैं। इसी का परिणाम होता है कि ज्ञान-विज्ञान, कला-शिल्प, खेलकूद जैसे क्षेत्रों में विभिन्न बाल प्रतिभाएं उभर कर आती हैं।

यहां हम पुनः इस बात पर आते हैं कि फिर चूक कहां रह जाती है? एक विद्वान का कथन है कि " बच्चों को जो सिखाते हैं, उस पर बड़े स्वयं अमल करें तो यह पृथ्वी स्वर्ग बन जाए।" जाहिर सी बात है कि चूक बड़ों के स्तर से होती है और बड़ी तत्परता से इसका जिम्मेदार शिक्षा को ठहरा दिया जाता है। विचार करें कि हम अपने आसपास जो भी नियम विरुद्ध चीजें होते देखते हैं, उन्हें कौन कर रहा होता है? निश्चित तौर पर अधिकांश बड़े ही। बच्चे बहुत ही कम, जो कि समझा देने पर प्रायः उसकी पुनरावृत्ति नहीं करते, लेकिन बच्चे लगातार बड़ों की दुनिया में सामाजिक नियमों का उल्लंघन तथा स्कूली शिक्षा के विपरीत आचरण किया जाते हुए देख रहे होते हैं। छल-फरेब, प्रपंच, भाषा का गिरता स्तर, अश्लीलता, हिंसा, अनाचार जैसे तमाम अवांछित दृश्य चाहे- अनचाहे बच्चों के सामने से गुजरते रहते हैं, जो उनके मन-मस्तिष्क को नकारात्मक संदेश दे रहे होते हैं। यह वह समय होता है जब बच्चे विद्यालय में सिखाई जा रही बातों और परिवेश में घट रही घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करते हैं और उनमें बहुधा विरोधाभास पाते हैं। जिन परिवारों में बच्चों से स्वस्थ संवाद की परंपरा होती है, वहां बच्चों की उक्त विषयक जिज्ञासाओं का तार्किक समाधान कर दिया जाता है। तब, विचारणीय यह है कि क्या इसका कोई हल है? निश्चित रूप से हल है। क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है। जरूरत सिर्फ यह है कि बड़े अपने आचरण में उन बातों को पूरी ईमानदारी से उतारें, जो विद्याकेंद्रों ने सिखाई-बताई थीं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफ़ी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों- संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए। साधनों - संसाधनों के दोहन से ज्यादा उनके संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान दिया जाए। वसुधैव कुटुंबकम् का नारा पूरी दुनिया को देने वाले हम स्वयं भी इस पर अमल करें। प्राकृतिक और सरकारी संपदाओं का संरक्षण हम सबका व्यक्तिगत दायित्व तथा नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन है। अगर हम इस बदलाव का रचनात्मक हिस्सा नहीं हैं, तो यह हमारा व्यक्तिगत दोष है, शिक्षा का नहीं। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत और कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

## प्रसंगवश

# अब भी क्यों इतने पसंद किए जाते हैं जिम्मी अमरनाथ

मोहिन्दर अमरनाथ ने जब वेस्ट इंडीज के खिलाफ जनवरी, 1988 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था तब तक विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का जन्म नहीं हुआ था। इसके बावजूद मोहिन्दर अमरनाथ के चाहने वाले अब भी कम नहीं हैं। वह सत्तर वसंत देख चुके हैं। मोहिन्दर अमरनाथ को उनके चाहने वाले जिम्मी पाजी भी कहते हैं। वे एक अर्से के बाद फिर अपने शहर दिल्ली लौटे। मौका था उनकी आत्मकथा का बीते गुरुवार को विमोचन का, उन्होंने 1993 में दिल्ली से मुंबई शिफ्ट कर लिया था।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मोहिन्दर अमरनाथ जब 19 साल से कम के थे तब उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के लिए चुना गया था। अपने पहले ही टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया के दो बेहतरीन बल्लेबाजों किथस्टेकपॉल और इटयान चैपल को आउट करने के बाद भी मोहिन्दर अमरनाथ को अपने दूसरे टेस्ट को खेलने के लिए सात साल का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उनकी क्रिकेट के मैदान में बेहतरीन कामयाबियों के साथ-साथ क्रिकेट की बारीकियों की समझ भी असाधारण है। वे जब क्रिकेट पर अपनी बात रखते हैं, तो उसका मतलब होता है। वे सच बोलने में यकीन रखते हैं। बेशक से किसी को बुरा लगे। उनके चाहने वालों में भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी हैं।

मोहिन्दर अमरनाथ की आत्मकथा के विमोचन के मौके पर उन्होंने कहा कि "वे स्कूल में पढ़ रहे थे जब मोहिन्दर अमरनाथ ने अपना पहला टेस्ट खेला था। वे उन्हें तब से फॉलो कर रहे हैं। मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट काम तलब है दृढ़ता, साहस और धैर्य"। सुनील गावस्कर कहते हैं, "मोहिन्दर अमरनाथ अपने युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे, लेकिन अजीब तरह से, उन्हें भारतीय टीम से बार-बार बाहर कर दिया गया और बाद में वे अपनी वापसी के लिए प्रसिद्ध हुए, जिससे उन्हें 'कमबैक किंग' का उपनाम मिला। वे एक ऐसे खिलाड़ी थे, जिसने झुकना नहीं सीखा था।" मोहिन्दर अमरनाथ कहते हैं, "मेरे क्रिकेट करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, जिन्हें समझाना मुश्किल है, लेकिन जिसने मुझे समझदार और मजबूत बनाया। मैंने कठिन परिस्थितियों में, सभी बाधाओं के खिलाफ दबाव को बेहतर तरीके से संभालना सीखा। क्रिकेट ने मेरे सपनों को पूरा किया। भारत के क्रिकेट प्रेमियों को मुझ पर बहुत विश्वास था और इसने मुझे गरिमा और गर्व के साथ हर कठिन परिस्थिति से लड़ते हुए आगे बढ़ाया। मैं लगातार पेशेवर रूप से काम करने में विश्वास करता हूं, असफल होने पर बहाने नहीं ढूंढता, और गलतियों से सीखता हूं। साथ ही हार में भी सामान्य रहता हूं।"

मोहिन्दर अमरनाथ ने दिल्ली के रेलवे स्टेडियम और कोटला में खूब क्रिकेट खेली। अब भी बहुत से लोगों को याद होगा जब वे किसी मैच से पहले तिपहिया स्कूटर पर कोटला पहुंचते थे अपने बड़े भाई सुरेन्द्र अमरनाथ के साथ। मैच खत्म होने के बाद वापस भी दोनों भाई तिपहिया स्कूटर पर ही घर जाते। उन्हें तिपहिया पर बैठने से पहले उनके कुछ फैन्स सलाह भी दिया करते थे कि उन्हें किस तरह से बल्लेबाजी या गेंदबाजी करनी चाहिए। दोनों भाई ध्यान से अपने चाहने वालों की बातें सुनते और हाथ मिलाकर निकल लेते। बहरहाल,तेज गेंदबाजों का बेखौफ होकर मुकाबला करना तो कोई मोहिन्दर अमरनाथ से सीखे। उन्हें दुनिया का कोई भी तेज गेंदबाज डरा नहीं सका था। वे मूल रूप से बैटिंग ऑल राउंडर थे। ठोस बल्लेबाजी के साथ उनकी मध्यम तेज गति के गेंदों में भरपूर विविधता रहती थी। उसी का कमाल था कि भारत को 1983 के एकदिवसीय विश्व कप को जीतने में बहुत कठिनाई नहीं हुई। वे विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में मैन ऑफ द मैच रहे थे। मोहिन्दर अमरनाथ के क्रिकेट करियर के लिए कहा जा सकता है कि यह राख से उठने वाले फीनिक्स की तरह है। मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर और लेखक डॉ. मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट करियर को करीब जानने वाले कहते हैं कि वे बेहतरीन ऑल-राउंडर थे,जो गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर सकते थे। उनकी मध्यम तेज गेंदबाजी और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी ने उन्हें टीम के लिए अमूल्य बना दिया था। वे मैच के नतीजे बदलने की क्षमता रखते थे। उनकी बल्लेबाजी या गेंदबाजी, दोनों ही से उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों में भारत को जीत दिलाई थी। मोहिन्दर अमरनाथ कभी हार नहीं मानते थे और हमेशा जीत के लिए संघर्ष करते थे।

# कृषि क्षेत्र में नवाचार और चुनौतियां



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

> कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके।

भारत का कृषि क्षेत्र इन दिनों एक ऐसे मेले से गुजर रहा है, जहां हर तरफ नई-नई तकनीकों के स्टॉल सजे हैं। कहीं ड्रोन उड़ रहे हैं, कहीं सैटेलाइट से खेत की फोटो खींची जा रही है, तो कहीं मिट्टी के स्वास्थ्य की रिपोर्ट सीधे मोबाइल पर आ रही है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये तकनीकी नवाचार उन किसानों तक पहुंच पा रहे हैं, जिनकी छतें आज भी टपकती हैं और जिनके पास एक सीजन का भी खर्च निकालने में पसीने छूट जाते हैं?

ड्रोन की बात करें तो ये नई तकनीक किसी साइंसफिक्शन फिल्म की तरह है। किसान के खेत पर उड़ता हुआ ड्रोन, जो हर पौधे को देखे, परखे और फिर मोबाइल पर रिपोर्ट भेजे। हां, यह सब सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन जब छोटे किसान से कहा जाता है कि 'बाबूजी, 50,000 का ड्रोन खरीद लो,' तो वह वही सोचता है कि क्या बैंक वाले कर्ज दे देंगे या फिर उसी कर्ज के बोझ में दबा देंगे। किसानों के लिए ये ड्रोन और सैटेलाइट कोई मेला देखने का सपना बन गए हैं, जो तो हां, दिखते जरूर हैं, लेकिन छूने का मन करे तो जेब में हवा चलने लगती है। अब सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात करती है।

जैविक खेती के नाम पर एक जश्न सा है, लेकिन खेतों में जाने पर स्थिति अलग ही दिखती है। जैविक खेती की लागत भी बढ़ी है और इस खेती से जुड़ी जानकारी तक पहुंचना आसान नहीं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि 2024 तक जैविक खेती का लक्ष्य हासिल करना है, लेकिन इसके लिए सही ढांचा चाहिए। किसान जैविक खेती करना चाहते हैं, लेकिन जब वह महंगे जैविक खाद खरीदने जाते हैं, तो मंहगाई उनके हौसले को ढीला कर देती है। खुद सरकार भी जानती है कि जैविक उत्पादों की बाजार तक पहुंच आसान नहीं है। जैविक उत्पाद अभी भी उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले कई मिडिलमैन से गुजरते हैं, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। अब फसल उगाने के बाद किसान को बाजार में ले जाना पड़ता है, जहां उसकी मेहनत का मोल लगाने के लिए एक पूरी व्यवस्था बैठी है।

हर साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ऐलान होता है, लेकिन वह एमएसपी की लिस्ट देखता है जैसे त्योहार की तारीख-देखने में बढ़िया, लेकिन हकीकत में त्योहार कब आता है, पता ही नहीं चलता। मंडी में उसकी उपज का दाम वैसे ही घट जाता है, जैसे सब्जी की तौल में दुकानदार का हाथ थोड़ा हल्का हो जाता है। सरकार कहती है कि "किसानों को उचित मूल्य मिलना चाहिए।" अब किसान कहता है कि "बिल्कुल मिलना चाहिए, पर मिलेगा कैसे?" एमएसपी का नियम तो बना है, पर बाजार का नियम एमएसपी से अलग ही चलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को एमएसपी पर बेच पाते हैं। बाकी लोग तो मंडी के खेल में फंस जाते हैं। किसान के पास मोबाइल है, लेकिन कीमतों की जानकारी से कहीं ज्यादा चिंता उसे ये रहती है कि अगली फसल का कर्ज कैसे उतारेगा। इस सबके बीच, कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके। सरकार कहती है कि वह किसानों के साथ है। अब समय है कि वह अपनी जेब से कुछ मदद दे। हर छोटे किसान को ड्रोन या स्मार्टफोन नहीं चाहिए, उसे एक सस्ता और टिकाऊ हल चाहिए।

क्यों न हर गांव में एक-एक "टेक्नोलॉजी सेंटर" खोला जाए, जहां किसान मुफ्त में अपनी मिट्टी, पानी और फसल का परीक्षण करवा सके? जैविक खेती अच्छी है, पर किसान को इसमें हाथ लगाने के लिए मजबूत कंधा चाहिए। हर राज्य में जैविक केंद्र बनाए जाने चाहिए, जहां किसान बिना महंगे बिल के जैविक खेती के गुर सीख सकें और सस्ते जैविक खाद पा सकें। मंडी का मजमा छोड़, क्यों न अब मंडियों में डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए? एक ऐप हो, जहां किसान अपनी फसल का सीधा मूल्य देख सके और डिजिटल तरीके से बेच सके, ताकि मिडिलमैन की भीड़ कम हो और किसानों को उनका हक मिले। आखिरकार किसान भी तो चाहता है कि उसके पास मदद कम और समझदारी का सिस्टम ज्यादा हो। उसे वही चाहिए जो शहरी लोग अपने व्यापार में करते हैं। आसान, पारदर्शी और बिना रुकावट के। सरकार को नीतियों में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसान के हाथ में 'हल' के साथ-साथ सही तरीके से 'हिसाब' भी आए।

## सोशल फोरम

# अनादि और अनंत

संसार परिवर्तनशील है। ठीक बात है, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क-यह था, है और रहेगा। अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है, तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानी उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पास टाइम होता है।

बुरा आदमी कभी गलती करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो वह परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, वह अभिभूत हो गया था, किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा, जब कि दूसरों की नीयत को बात-बात पर खोटी बताता रहता है।

अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं घूमता। बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है, तो उसके सामने, अकेले में कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# मस्तिष्क और यंत्र का मिलन

लकवाग्रस्त लोगों को चलने-फिरने और बात करने की सुविधा देने वाले उपकरणों में निरंतर परिष्कार किया जा रहा है। इस कड़ी में मनुष्य के विचार और उसकी यादों को समझना एवं उनमें बदलाव लाना भी सम्मिलित है। मनुष्य समझ रहा है कि मानव के विचार क्या होते हैं और हम उन्हें यंत्रों से कैसे जोड़ सकते हैं। वह समझ रहा है कि मनुष्य का 'मैं' क्या होता है और हम उसमें बदलाव कैसे ला सकते हैं। जीव विज्ञान, भौतिकी और तकनीक के क्षेत्र में अब ऐसी खोजें की जा रही हैं जो मनुष्य के विचार को यंत्रों से जोड़ कर मनुष्य की क्षमता को बहुत अधिक बढ़ा देंगी। मस्तिष्क की चिप इस श्रृंखला में नवीनतम खोज है।



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

नोलैंड ऑरबॉ एक लकवाग्रस्त व्यक्ति हैं। वह 2016 में गर्दन के नीचे के हिस्से में लकवे की समस्या से ग्रस्त हो गए थे। उनके मस्तिष्क में अमेरिका की न्यूरालिंक कंपनी द्वारा बनाई गई ब्रेन चिप को शल्य चिकित्सा से प्रत्यारोपित किया गया। इस तरह की ब्रेन चिप का इस्तेमाल करने वाले वह पहले व्यक्ति थे। तब से ऑरबॉ फोन और कंप्यूटर को अपने विचारों से संचालित करते हैं। वह वेब सर्फिंग करते हैं और शतरंज खेलते हैं। यह ब्रेन चिप कैसे सोचने-समझने की क्षमता और शारीरिक क्षमता को बढ़ा सकती है, इसको समझने के लिए एक सामान्य व्यक्ति ने ऑनलाइन गेम 'वेब ग्रिड' खेला। ग्रिड पर अप्रत्याशित रूप से दिखाई पड़ने वाले वर्गों पर क्लिक करने के लिए लैपटॉप के ट्रैकपैड पर उसने अपनी उंगली का उपयोग किया, जिसकी गति 42 वर्ग प्रति मिनट थी। लेकिन जब ऑरबॉ- जो लकवा ग्रस्त थे और जो अपने हाथों का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे - ने अपने मस्तिष्क में स्थापित चिप की मदद से अपने विचारों से इस गेम को खेला तो उन्होंने टेलीपैथिक सिग्नलों द्वारा 49 वर्ग प्रति मिनट की गति से इस खेल को खेला। इसी प्रकार नोलैंड ऑरबॉ ने यह भी प्रदर्शित किया कि वह केवल अपने दिमाग का उपयोग करके शतरंज खेल सकते हैं। 8 साल तक पक्षाघात झेलने के बाद उन्होंने न्यूरालिंक द्वारा डिजाइन की गई ब्रेन चिप की मदद से उन कार्यों को करने की क्षमता हासिल कर ली जो पहले उनके लिए असंभव थे। ऑरबॉ ने एक लाइव स्ट्रीम में कहा, "कर्सर के हिलने की कल्पना करना मेरे लिए सहज हो गया। मैं केवल स्क्रीन पर कहीं भी देखता रहता हूं और यह वहीं चला जाता है जहां मैं चाहता हूं।"

वैज्ञानिकों के अनुसार मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस का उपयोग करके इंसानी मस्तिष्क को मशीनों के साथ मिलाने का यह प्रयोग सफल रहा है। रीढ़ की हड्डी की चोटों, स्ट्रोक या किसी हादसे से लकवाग्रस्त होने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में इस तकनीक से वह अपनी खोई हुई क्षमताओं को वापस पा सकते हैं। कैलिफोर्निया में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के न्यूरोसर्जन जैमी हेंडरसन के अनुसार ये सफलताएं दिखाती हैं कि मनुष्य का विचार क्या है, मनुष्य का 'मैं' क्या है, उसकी स्मृतियां क्या होती है, उसका व्यक्तित्व क्या होता है और हम किस प्रकार इन चीजों को उसके शरीर एवं यंत्रों से जोड़ सकते हैं। कोई बड़ी बात नहीं है कि हम मनुष्य की स्मृतियों को भंडारित कर सकें एवं बाद में उन्हें उसके ही मस्तिष्क अथवा किसी अन्य मस्तिष्क में आरोपित कर सकें। हमारी यह समझ मनुष्य के हित में बहुत कुछ कर सकती है।

# ईपीएफओ में बढ़ रहे निष्क्रिय खाते

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाला एक वैधानिक निकाय है। यह संगठन भविष्य निधि से जुड़े कामों का प्रबंधन करता है और कर्मचारियों को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा से जुड़े फायदे देता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़ा कानून, कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 है। इसे ईपीएफ अधिनियम भी कहा जाता है। फिलहाल ईपीएफओ के सदस्यों के वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का 12 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12 प्रतिशत योगदान में से 8.33 प्रतिशत ईपीएस-95 में जाता है, जबकि शेष 3.67 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जमा किया जाता है।

सरकार कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी बढ़ा सकती है। केंद्र सरकार संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए एंपलॉय प्राविडेंट फंड (ईपीएफ) के तहत न्यूनतम वेतन सीमा को बढ़ाने की योजना बना रही है। कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में निष्क्रिय यानी इनऑपरेटिव अकाउंट में जमा रकम 8,505.23 करोड़ रुपये हैं। यह रकम वित्त वर्ष 2023-24 में जमा हुई है। साल 2018-19 में यह रकम 1,638.37 करोड़ रुपये थी। यानी छह सालों में निष्क्रिय ईपीएफ अकाउंट में जमा रकम पांच गुना बढ़ गई है। निष्क्रिय कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की कुल राशि वित्त वर्ष 2018-19 में 1,638.37 करोड़ रुपये से पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 8,505.23 करोड़ रुपये हो गई है।

लोकसभा में एक लिखित उत्तर में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि ईपीएफओ द्वारा संचालित ईपीएफ योजना में कोई भी दावा रहित खाता नहीं है, उन्होंने बताया कि 2023-24 में 21,55,387 निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में 8,505.23 करोड़ रुपये जमा थे। जागरूक नागरिकों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वो पता करे कि उनका या उनके साथियों का ईपीएफओ का खाता कहीं निष्क्रिय तो नहीं हो गया है?

# सिंगल्स में राजेश व डबल्स में ललित-जितेंद्र ने जीती ट्रॉफी

## हिमालयन स्पोर्ट्स विलेज में चल रही टेनिस प्रतियोगिता संपन्न, विभिन्न आयु वर्गों में एकल व युगल में प्रतियोगिताएं हुईं

संवाददाता, रुद्रपुर



हिमालय स्पोर्टस विलेज में हुई खेल प्रतियोगिता में ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हिमालयन स्पोर्ट्स विलेज जाफरपुर में पिछले पांच दिन से चल रही टेनिस प्रतियोगिता का समापन हो गया है। अंतिम दिन 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सिंगल्स मुकाबले के फाइनल में रुद्रपुर के राजेश कुमार व डबल्स में रामनगर के ललित मोहन जोशी व दिल्ली के जितेंदर गंभीर ने ट्रॉफी पर कब्जा किया।

शुक्रवार को खेले गये 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के फाइनल मैच में देहरादून के ऋषि शर्मा व मनोज गुप्ता ने दिल्ली के डीसी सुयाल व अरविंद नितिन टंडन दिल्ली को डबल्स मुकाबले में पराजित किया। 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सिंगल्स मुकाबले में देहरादून के प्रदीप पंत ने सुनील कुमार को 6-0, 6-0 से हराया। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मैच में दिल्ली के डीसी सुयाल ने इलाहाबाद के ऋषि शर्मा को हराकर खिताब जीता। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मैंस डबल्स मुकाबले में देहरादून के प्रदीप पंत व अनुज कुमार ने आसिम बेग व जगदीश सिंह बिष्ट को 6-0, 6-0 से पराजित कर विजेता बने, जबकि आसिम बेग व जगदीश सिंह बिष्ट उपविजेता रहे।इसी तरह 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के डबल्स मुकाबले में रामनगर के ललित मोहन जोशी व दिल्ली के गंभीर ने रुद्रपुर के राजेश कुमार व नैनीताल के पूरन बिष्ट को 6-1, 5-7, 10-3 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के डबल्स मुकाबले में देहरादून के विजेंद्र चौहान व वर्चस्व तिवारी ने अजमेर के दिनेश कुमार रेगर व देहरादून के सौर्य वर्मा को 6-4, 6-2 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के डबल्स मुकाबले में रुद्रपुर के हेमंत सिंघल व आसिम बेग ने नोएडा के अरून कटारिया व अनूप कुमार साहू को 7-6, 6-4 से पराजित किया। अंत में मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नीरव निमेष अग्रवाल, दीपक, यूटीए देहरादून के सचिव जनरल विजेंद्र चौहान ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए। इस दौरान हिमालयन स्पोर्ट्स विलेज के कोओनर नरेश कुमार गुप्ता, जिला टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष रितेश शर्मा, सचिव हेमंत सिंघल, नैनीताल टेनिस एसोसिएशन के सचिव हेम कुमार पांडे, विशिष्ट सदस्य मनोज गुप्ता, राकेश बंसल, देवेंद्र सिंह रावत, टूर्नामेंट डायरेक्टर आसिम बेग व चीफ रेफरी प्रसाद आप्टे उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सात का चयन

**बाजपुर :** बेरिया रोड स्थित जीनियस ग्लोबल अकादमी की बेटियों ने खेल महाकुंभ की जिला स्तर प्रतियोगिता में बालिका फुटबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्राओं की टीम से 7 छात्राओं का चयन राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित छात्राओं में पलविंदर कौर, अंशिका चौरसिया, सीरत कौर, प्रवलीन कौर, हंसदीप कौर वाजवा, मन्नत यादव, कशिश व अक्शा शामिल हैं। छात्राओं की इस कामयाबी से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। शुक्रवार को विद्यालय में हुए कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के चेरयमेन दर्जा राज्यमंत्री बलराज पासी, निर्देशिका रेखा पासी ने संयुक्त रूप से केक काटकर व टीम में शामिल छात्राओं को मेडल पहनाकर स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य योगेश सक्सेना, कोच आकाश रावत, अर्जुन सिंह गौराया, मो.आरिफ, रंजीत राणा, त्रिलोक यादव, लेफ्टिनेंट अर्शदीप सिंह रहे।



जीनियस ग्लोबल अकादमी में केक काटकर खुशी मनाते मुख्य अतिथि व अन्य।

# अस्पताल से सीपीयू-एलईडी चोरी करने वाला गिरफ्तार

- पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, माल बरामद

संवाददाता, काशीपुर



**अमृत विचार :** एक निजी अस्पताल से कंप्यूटर, एलईडी, सीपीयू आदि चोरी करने के मामले में कुंडा थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया है।

ग्राम महेशपुरा निवासी शानू पुत्र जाकिर हुसैन ने कुंडा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मुरादाबाद रोड पर उनका हॉस्पिटल है। 28 नवंबर की शाम वहां काले रंग की स्कार्पियों गाड़ी लेकर दो लोग पहुंचे। उस समय अस्पताल की ओपीडी समाप्त हो चुकी थी। डॉक्टर और अन्य लोग अस्पताल से निकल चुके थे। काउंटर पर कोई कर्मचारी न होने के कारण दोनों लोग वहां रखे दो एलईडी, दो सीपीयू व दो यूपीएस स्कॉर्पियो कार में रखकर जाने लगे। रिसेप्शन का कर्मचारी वापस लौटा तो वहां से काफी सामान गायब था।

सीसीटीवी कैमरे में दोनों लोग सामान उठाते दिखाई पड़ रहे थे। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरु की। एसआई जगत सिंह शाही ने बताया कि सुरागरसी के आधार पर पुलिस ने थाना क्वारसी, अलीगढ़ निवासी अमित कुमार व दीपेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए कंप्यूटर पार्टस बरामद कर लिए हैं। उनके कब्जे से मिली स्कॉर्पियो सीज कर दी गई है।

# रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने की मांग



जसपुर में एसडीएम को ज्ञापन देते विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता।

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन दिया।

मांग की गई कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में महिलाओं के सम्मान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थापित की जाए। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, दुंगा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका राधिका, गौ रक्षा प्रमुख नीरज चौहान, तनु, चारु, कनक, आशीष चौबे, चमन लाहोरी, नीरज चौहान, आकाश जोशी, तुषार, अजय कुमार, अभिनव कुमार, रोहित गोला, ललित कुमार, वेदान्नद शर्मा, रोहित प्रजापति व रोहित गोस्वामी आदि रहे।

# ग्रामीणों को कुक्कुट पालन की जानकारी दी

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित पशुधन शोध परियोजना-फ्रिजवाल के तहत ग्राम पक्की खमरिया में कुक्कुट प्रशिक्षण एवं कुक्कुट वितरण हुआ।
पशु प्रजनन के विभागाध्यक्ष डॉ. डी. कुमार और परियोजना अधिकारी डॉ. सीबी सिंह ने कुक्कुट पालन, परियोजना के के बारे में बताया। डॉ. एके घोष एवं डॉ. रिपुसुदन कुमार ने कुक्कुट पालन के विभिन्न तकनीकी पहलुओं, कुक्कुट की विभिन्न प्रजातियों, रोग, ब्रूडिंग कुक्कुट पोषण एवं टीकाकरण के बारे में बताया। इस दौरान प्रति किसान 25 चूजे एवं अन्य सामग्री (फीड, दवाई, दाने एवं पानी के बर्तन) का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 32 किसानों ने प्रतिभाग किया। कुक्कुट पालकों का पंजीकरण आराधना फुलारा एवं सामग्री वितरण शिवांषु तिवारी ने किया।

# दर्जा मंत्री गणेश भंडारी ने योजनाओं की समीक्षा की



दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी का स्वागत करते भाजपाई।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** लघु सिंचाई विभाग के दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

ईस्टर इंडस्ट्रीज के गेस्ट हाउस में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी का फूल मालाओं से स्वागत किया। भंडारी ने खटीमा व सितारगंज में चल रही लघु सिंचाई विभाग की योजनाओं में तेजी लाने को कहा। बैठक में एएई राहुल रोहेला और एई राजेंद्र सिंह नेगी मौजूद रहे। वहीं, पहली बार खटीमा पहुंचे दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी ने शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर नंदन सिंह खड़ायत, टीवीएस अध्यक्ष गोपाल बोरा, सतीश गोयल, जीवन धामी, अमित कुमार पांडे, भवानी भंडारी, मानस बत्रा, रामू भारती, रमेश जोशी रहे।

# गौरव व तनीषा ने जीती फर्राटा रेस

- अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिताएं जारी

संवाददाता, खटीमा



खटीमा के अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में दौड़ में हिस्सा लेते बच्चे।

**अमृत विचार :** अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में चल रहे चार दिवसीय वार्षिक खेल समारोह के तृतीय दिवस का शुभारंभ 800 मीटर दौड़ के साथ हुआ। नवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सौ मीटर फर्राटा रेस, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और रिले रेस के साथ ही गोला फेंक और लंबी कूद में प्रतिभाग किया।

तीसरे दिन 800 मीटर दौड़ के साथ खेलों की शुरुआत हुई। 800 मीटर बालक वर्ग में हर्षित खोलिया ने स्वर्ण, रोहित मिस्त्री ने रजत और आयुष बिष्ट ने कांस्य, बालिका वर्ग में तनीषा बोहरा ने स्वर्ण, निकिता थापा ने रजत और महिमा बोहरा ने कांस्य पदक जीता। बालिका वर्ग लंबी कूद निकिता थापा ने स्वर्ण, नेहा जेठी ने रजत और हिमानी फिकाल ने कांस्य, बालक वर्ग में आदर्श ने स्वर्ण पदक, ऋषभ खड़ायत ने रजत और मोहित पांडे ने ने कांस्य पदक जीता। बालक वर्ग सौ मीटर दौड़ में गौरव सिंह ने स्वर्ण, ऋषभ खड़ायत ने रजत और ओम रोतैला ने कांस्य बालिका वर्ग में तनीषा बोहरा ने स्वर्ण, अंजली चंद ने रजत और सीमा नेगी ने कांस्य, बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में गौरव सिंह ने स्वर्ण, आयुष टम्टा ने रजत और युगल किशोर ने कांस्य, बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ में महिमा बोहरा ने स्वर्ण पदक, लता चिल्कोटी ने रजत और अंजली चंद ने कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा, उप प्रधानाचार्य विनोद चंद, खेल प्रशिक्षक दीपक भट्ट और संदीप कुशवाहा, कल्याण सिंह बिष्ट, दीपा बिष्ट, जगदीश सावंत, रंजना चंद, किशन मेहता, दीक्षा देऊपा, मनीष कुमार, दिनेश चंद्र चिल्कोटी, राजीव राना रहे।

# मतदाता जागरूकता के लिए निकाली रैली




पीजी कॉलेज में मतदाता पंजीकरण जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता पंजीकरण जागरूकता रैली निकाली गई।

विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामीण क्षेत्र में रैली निकालकर मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए आमजन को प्रेरित किया गया। स्वीप प्रभारी डॉ. दर्शन सिंह कंबोज ने बताया कि महाविद्यालय में दो दिसंबर को मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए शिविर लगाया जाना प्रस्तावित है। जिसमें महाविद्यालय के ऐसे विद्यार्थी जो 18 वर्ष के हो चुके हैं अपने वोटर कार्ड बनवा सकते हैं। साथ ही अन्य लोग भी अपने वोटर आईडी बनवा सकते हैं। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सैनी रहे।

# बच्चों ने प्रदर्शित किए विज्ञान के मॉडल्स

- रूरल इंडिया सपोर्टिंग ट्रस्ट का वार्षिक कार्यक्रम

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में प्रोजेक्ट शेयर आउट इवेंट के मॉडल प्रदर्शित करते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रूरल इंडिया सपोर्टिंग ट्रस्ट के वार्षिक कार्यक्रम प्रोजेक्ट शेयर आउट इवेंट का समापन राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विज्ञान विषय के निर्धारित संबोधों के अंतर्गत स्टेम आधारित प्रोटोटाइप और मॉडल निर्माण व प्रस्तुतीकरण किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडे ने किया। जिसमें छठवीं से 10वीं कक्षा के करीब सौ बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक प्रतिभागी ने एनसीईआरटी पर आधारित चयनित समस्या पर मॉड्यूल विकसित किया। यह गतिविधि दो वर्गों में आयोजित हुई। अकादमिक समन्वयक भारती शर्मा और स्कूल फैसिलिटेटर सुधा शर्मा के निर्देशन में शिक्षक रत्नाकर पांडे, मेघा जोशी और अदिति वर्मा के मार्गदर्शन में बच्चों ने प्रोग्राम तैयार किया। जिसमें ममता सोरारी, योगेंद्र सिंह, अनिल कुमार राठौर और महेश चंद्र भट्ट का सहयोग मिला। अजय कुमार पाल, निर्मल कुमार न्योलिया और पिंकी सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। जूनियर वर्ग में भूमिका वत्सल का रोड सेफ्टी, तेज प्रताप सिंह का हाइड्रॉलिक लिफ्ट और अमन का नाइफ शार्पनर प्रथम तीन सर्वश्रेष्ठ नवाचार के रूप में चुने गए। सीनियर वर्ग में प्रियंका जोशी का बेसिक साइंस मॉडल, कनिष्क ठाकुर का फ्री एनर्जी जेनरेटर, प्राची का न्यू मिक्सर प्रथम तीन स्थानों पर सर्वश्रेष्ठ नवाचार के रूप में चुने गए। कार्यक्रम संचालन सुधा शर्मा, भारती शर्मा और रत्नाकर पांडे ने किया। कार्यक्रम में हरीश लाल आर्य, होशीला प्रसाद, अच्युत कुमार सिंह, कमला जोशी, दीपिका शर्मा, स्मृति मंडल तथा ललित मोहन जोशी रहे।

# फोटो एडिट कर आठवीं की छात्रा को किया ब्लैकमेल

संवाददाता, रुद्रपुर

**शर्मनाक**

- आरोपी आते-जाते करता था छींटाकशी व कमेंट
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार :** कोतवाली इलाके में कक्षा आठवीं की छात्रा का फोटो एडिट कर ब्लैकमेल किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप था कि युवक आते-जाते अश्लील कमेंट व छींटाकशी भी करता था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार खेड़ा बस्ती की रहने वाली नाबालिग ने तहरीर देते हुए बताया कि वह कक्षा आठ में पढ़ती है। स्कूल आते-जाते या फिर ट्यूशन के दौरान मोहल्ले का ही गौसुल का नाम का युवक अश्लील कमेंट व छींटाकशी करता रहता है। आरोप था कि उसने फोटो निकालकर उसे एडिट किया और ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। जब उसने मामले की जानकारी पिता को दी तो उन्होंने युवक पर नाराजगी जतायी।

इसके बाद बाद युवक ने कुछ दिन तक परेशान करना बंद कर दिया, लेकिन दोबारा से वह फिर हरकत करने लगा है। जिसकी वजह से मानसिक अवसाद से गुजर रही है। साथ ही उसकी पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# धर्म जागरण समन्वय ने देव दर्शन के लिए यात्रियों को किया रवाना

- अनुसूचित जनजाति के 55 लोगों को बस से किया रवाना

संवाददाता, खटीमा




खटीमा से देव दर्शन यात्रा को श्रद्धालुओं को रवाना करते धर्म जागरण समन्वय के लोग।

**अमृत विचार :** धर्म जागरण समन्वय ने अनुसूचित जनजाति समाज के लोगों को सालासर, बालाजी, खाटू श्याम, मथुरा, वृंदावन, मनोना धाम देव दर्शन यात्रा के लिए बस से रवाना किया।

बाईपास स्थित सौभाग्य पैलेस पर एकत्र हुए जनजाति समाज के लोगों से भरी को बस सह नगर संघ चालक महेश ओली और भाजपा वरिष्ठ नेता नवीन वोरा ने फीता काटकर और झंडा दिखाकर रवाना किया। समन्वय के प्रदेश प्रशासन संपर्क प्रमुख सुधीर बंसल और किशन बिष्ट ने यात्रियों को जलपान कराया। उन्होंने कहा कि थारू जनजाति समाज में ऐसी यात्राओं से भक्ति भाव जागेगी।

यह भी कहा कि कुछ लोग हमारे भोले-भाले जनजाति समाज के लोगों को लालच देकर उनका धर्मांतरण कर रहे हैं और अधर्म के रास्ते में ले जा रहे हैं। बंसल ने कहा कि ऐसी यात्राओं से जनजाति समाज के लोगों में जागरुकता आएगी और अपने धर्म के प्रति सब लोग सचेत रहेंगे। इस अवसर पर नरेश राणा, राजू कोरिया आदि मौजूद थे।

# स्कूल प्रबंधक पर हमला करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** तीन दिन पहले सैंजना के चौधरी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक को जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल करने वाले के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घायल का उपचार चल रहा है और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

सैंजना निवासी रतिराम ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि 26 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे उसका छोटा भाई धर्मपाल सैंजना में स्थित दुकान का शटर खोल ही रहा था कि पड़ोस के सुरेश पुत्र राम सिंह ने धर्मपाल पर पाटल से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें धर्मपाल के सिर और हाथ में गम्भीर चोट आई और बेहोश होकर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने परिवार को सूचना दी। मौके पर पहुंचे तो देखा आरोपी हाथ में खून से सने हुए पाटल लेकर खड़ा था और जोर-जोर से कह रहा था कि मैं इसकी हत्या करके ही दम लूंगा। आरोपी पहले भी उसके भाई के ऊपर हमला कर चुका है। बुरी तरह घायल धर्मपाल को नागरिक अस्पताल से हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल में उसकी गंभीर स्थिति बनी हुई है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस ने रतिराम की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दे कि धर्मपाल का सैंजना में ही चौधरी पब्लिक स्कूल है।

# तराई बसाने वाली हरभजन कौर का निधन

- निर्दोष सिक्खों की पैरवी भी की
- शिक्षा के लिए स्कूल की स्थापना की

संवाददाता, बाजपुर



हरभजन कौर।

**अमृत विचार :** तराई को आबाद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली माता हरभजन कौर 86 वर्ष की आयु में परलोक सिधार गईं। वह अपने पीछे पति, एक बेटे और एक बेटी, पुत्रवधु का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

देश विभाजन के वाद पाकिस्तान के लायलपुर चक नंबर-72 (वर्तमान में फैसलाबाद) से उजड़कर आए प्रीतम सिंह व उनके स्वजन सन् 1960 में तराई के वियावान जंगल को आबाद करने बाजपुर के ग्राम हरलालपुर आए थे। लगभग दस वर्ष कड़ी मेहनत के बाद प्रीतम सिंह ने अपने पुत्र सुरेंद्र सिंह काहलो व उनकी पत्नी हरभजन कौर निवासी श्यामपुर गुरदासपुर पंजाब को भी यहां बुला लिया। हरभजन कौर ने अपने पति सुरेंद्र सिंह काहलो के साथ मिलकर जंगल को आबाद करने में अपनी भूमिका निभाई। हरभजन कौर के स्वजन के पास खेती के लिए सुविधाजनक उपकरण नहीं होते थे। बैलों व हल की मदद से खेती की जाती थी। सांप, जंगली जानवर खेतों में ऐसे ही घूमा करते थे। मलेरिया का प्रकोप होता था जिसमें दवा लेने भी ट्रेन अथवा साइकिल से काशीपुर जाया जाता था, लेकिन कठिन हालातों में भी उन्होंने परिवार का साथ दिया। इतना ही नहीं तराई में आतंकवाद के दौरान पकड़े गए निर्दोष सिक्खों की पैरवी के लिए माता हरभजन कौर यूपी सिक्ख प्रतिनिधि बोर्ड के माध्यम से उस समय के राज्यपाल तक से मिलीं और हर जगह निर्दोष लोगों की पैरवी की गई। लगभग छह माह तक ज्यादती का शिकार हुए लोगों के स्वजन के लिए लंगर चलाया गया। उन्होंने बेहतर शिक्षा के लिए ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल की स्थापना कराई। उनके पति सुरेंद्र सिंह काहलो चाहें किसान आंदोलन हो अथवा अन्य कोई सामाजिक लड़ाई यह परिवार बढ़-चढ़कर भाग लेता रहा है। वर्तमान में उनका एक पुत्र है।

### आज होगा अंतिम संस्कार

**बाजपुर :** लंबे जीवन संघर्ष के बाद हरभजन कौर 86 वर्ष की आयु में शुक्रवार की दोपहर स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 नवंबर (शनिवार) को प्रात: साढ़े 10 बजे किया जाएगा। वह अपने पीछे एक बेटा, बेटी का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। इनके निधन पर पूर्व दर्जा मंत्री हरमिंदर सिंह ढिल्लो, हरवीर सिंह गिल, जसवीर सिंह काहलो, भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, हरदयाल सिंह, अवतार सिंह, डा.नरेंद्र खत्री, जोराबर सिंह भुल्लर आदि सैकड़ों लोगों द्वारा श्रद्धांजलि दी है।

## सार-संक्षेप



खटीमा के सिटी कान्वेंट स्कूल में रोल प्ले करते बच्चे। ● अमृत विचार

### सिटी कान्वेंट स्कूल में बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों का प्रदर्शन

**खटीमा :** सिटी कान्वेंट स्कूल में कक्षा छह से नवीं के बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए शुक्रवार को छात्र नेतृत्व सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बच्चों ने, उन्हें दिए गए विषयों का प्रदर्शन चार्ट, पीपीटी, गेम, पहेली अथवा रोल प्ले के रूप में किया। इस दौरान संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान आदि थे।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**खटीमा :** ग्राम रघुलिया में एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। रघुलिया निवासी रजवंत सिंह का भांजा बलजिंदर सिंह उम्र 23 साल 20 दिन पहले चेन्नई से आया था। बलजिंदर अवतार सिंह का बेटा था। मृतक के माता-पिता व अन्य परिवार के लोग हरियाणा में रहते हैं और कभी-कभी घर आते हैं। बलजिंदर ने बुधवार की रात को जहरीला पदार्थ पी लिया था। उसे मझोला के प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। मृतक के मामा रजवंत सिंह ने उसके परिजनों को उसकी मौत की सूचना दे दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पुलिस ने मृतक के फोन को कब्जे में ले लिया है और कमरे को बंद कर सुरक्षित कर दिया गया है। सत्रह मिल चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### नगदी और जेवर लेकर युवक के साथ नाबालिग फरार

**किच्छा :** परिजनों को बिना बताए नाबालिग घर में रखी नगदी एवं जेवर लेकर युवक के साथ घर से चली गई। पुलिस को दी शिकायत में कोतवाली अंतर्गत ग्राम निवासी पीड़िता ने बताया कि वह विधवा महिला है और उसकी 14 वर्षीय पुत्री को ग्राम निवासी आरोपी शाहिद उर्फ भूरा अपने साथ ले गया है। उसकी नाबालिग पुत्री घर से जाते समय घर में रखी नगदी तथा जेवर भी ले गई है। आरोप लगाया कि आरोपी दबंग किस्म का व्यक्ति है। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

### अग्निशमन कर्मियों ने शुरू किया मॉकड्रिल

**जसपुर :** अग्निशमन कर्मियों ने आगजनी की घटनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए मॉकड्रिल अभियान शुरू किया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के नेतृत्व में नैनी पेपर मिल में अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से फायर रिस्क का निरीक्षण किया गया और मॉक ड्रिल किया गया। निरीक्षण के दौरान मिल में अग्निसुरक्षा व्यवस्था सही पाई गई। मॉक ड्रिल करने वाली टीम में संदीप कुमार, भूपेंद्र सिंह बिष्ट व शैलेन्द्र सिंह गुसाईं शामिल रहे।

### जिला उपभोक्ता आयोग में होगा शत-प्रतिशत हिंदी का प्रयोग

**काशीपुर :** जिला उपभोक्ता आयोग ऊधमसिंह नगर की कार्यवाही में शत-प्रतिशत काम हिंदी में होगा। इससे उपभोक्ताओं को भारी राहत मिलेगी और अधिकतर उपभोक्ताओं को अपने मामलों की कार्यवाही समझ में आएगी। टैक्स उपभोक्ता मानवाधिकार विधिज्ञ समिति के अध्यक्ष नदीम उद्दीन ने जिला उपभोक्ता आयोग में सभी काम हिन्दी में कराने की मांग की। जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष को दिए ज्ञापन में कहा कि जिला उपभोक्ता फोरम/आयेग में विशेष रूप से विभिन्न बीमा कंपनियों, बैंकों, कंपनियों आदि की ओर से अपने अभिवचन, प्रार्थना पत्र आदि अंग्रेजी में फाइल किये जा रहे हैं, जिसे सामान्य उपभोक्ताओं को पढ़ने व समझने में कठिनाई होती है। जिला उपभोक्ता आयोग ऊधमसिंह नगर के अध्यक्ष राजीव कुमार खरे ने शत-प्रतिशत तौर पर हिन्दी में काम कराने को लेकर आश्वासन दिया है।

### महाविद्यालय के सेवानिवृत्ति कर्मचारी को विदाई दी

**खटीमा :** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कर्मचारी रणजीत सिंह राणा का 38 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत होने पर सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार ने कालेज परिवार की ओर से उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. रीना सिंह, डॉ. हरेंद्र मोहन सिंह, डॉ. रेखा देव, डॉ. खिलानंद जोशी, डॉ. रोमा गुहा, डॉ. ज्योति अग्रवाल, डॉ. शांति चंद, घनश्याम सिंह राणा, ईश्वर सिंह चौहान, अंचल वर्मा, अमन मंडल, बच्चन सिंह राणा आदि थे।

### एनपीके खाद के अभाव से गेहूं की बुवाई प्रभावित

**जसपुर :** एनपीके खाद का आभाव होने से के कारण गेहूं की फसल की बुवाई प्रभावित हो रही है। भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने कहा कि क्षेत्र के सहकारी समितियों में एनपीए खाद का अभाव है। होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एमपी के खाद का अभाव होने के कारण किसान गेहूं की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। गेहूं की बुवाई का पीक समय चल रहा है। भारतीय किसान यूनियन ने खाद की कमी को शीघ्र पूरा न किये जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

### महिलाओं को दत्तक ग्रहण की जानकारी दी

**रुद्रपुर :** राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण (कारा) जागरूकता माह के तहत महिला कल्याण विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्र भूतबंग्ला में जागरूकता कार्यक्रम किया। महिलाओं को दत्तक ग्रहण की जानकारी दी। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं व टोल फ्री नंबर 1098 के संबंध में बताया। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान बाल कल्याण समिति की सदस्य पुष्पा पानू, चाइल्ड हेल्पलाइन केंद्र समन्वयक चांदनी रावत, काउंसलर स्मिता ने महिलाओं को दत्तक ग्रहण से संबंधित जानकारी एवं शून्य से 18 माह तक के बच्चों को गोद लेने कि प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने टोल फ्री नंबर 1800111311 के बारे में भी बताया। इस मौके पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर रीता, कार्यकर्ती भावना देवी, शीला देवी, राधा देवी, रश्मि देवी, कनिष्का देवी, मधु, शशि देवी समेत कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# तीन दिन बाद भी मोहल्ले में पसरा सन्नाटा

## तीन दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में हो गई थी तीन युवकों की मौत, परिचित अभी भी सदमे में

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** भीषण सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत होने की घटना के तीन दिन बाद भी मोहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतकों के परिजन, सगे-संबंधी और मित्र सदमे से नहीं उबर पा रहे हैं।

सोमवार को देर रात जसपुर-काशीपुर मार्ग पर जसपुर के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए जसपुर के मोहल्ला नई बस्ती निकट चांद मस्जिद निवासी खालिद उर्फ खालिक पुत्र अमीर हुसैन, मोहम्मद शाहरुख पुत्र शफीक अहमद, मोहम्मद आमिर पुत्र मोहम्मद असलम की मौत हो गई थी। बताया गया कि मृतक खालिद बिजनौर जिले में पिछले करीब पांच वर्ष से पैथोलॉजी लैब चल रहा था। मृतक आमिर जसपुर के बारी चौक के पास स्थित रेडीमेड वस्त्रों की एक दुकान पर काम करता था। मृतक शाहरुख की शादी हो गई थी। वह अपने पीछे दो मासूम बच्चे छोड़ गया है। उसका बेटा अभी दुधमुंहा है जो करीब चार माह का बताया गया है। जबकि उसकी बेटी करीब दो साल की है। युवकों की मौत से मोहल्ले में तीसरे दिन भी मातम छाया रहा और सन्नाटा पसरा रहा। मृतकों के परिजन व सगे-संबंधी अभी भारी सदमे में हैं। उनके घरों में चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं। परिजन ही नहीं, बल्कि मृतकों के अजीज दोस्त भी भारी सदमे में हैं। उनके घरों पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। यहां तक कि मृतकों के अजीज दोस्त उनकी कब्रों पर पुष्प चढ़ा रहे हैं।



भीषण हादसे के बाद घटनास्थल पर पड़ी दुर्घटनाग्रस्त कार। ● अमृत विचार

### हादसे में घायल हुए दो युवकों की हालत में सुधार

**जसपुर :** भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए इसी मोहल्ले के नसीम अहमद पुत्र नफीस अहमद व मोहल्ला इमरान चौक, जसपुर निवासी फैज पुत्र मोहम्मद हनीफ गंभीर रूप से घायल हुए थे उनका अलग-अलग अस्पतालों में उपचार के बाद हालत में सुधार हो रहा है।

### हादसे के बाद नहीं हटाई गई दुर्घटनाग्रस्त कार

**जसपुर :** पुलिस ने भीषण हादसे में चकनाचूर हुई कार को घटनास्थल से नहीं हटाया है। लोगों का कहना है कि घटना में क्षतिग्रस्त हुई इस कार को घटना स्थल से तुरंत हटाया जाना चाहिए। यदि उसे वहां से तुरंत न हटाया गया तो क्षतिग्रस्त कर को देखने के लिए सड़क पार करने के चक्कर में वहां कोई और हादसा हो सकता है।

# लोनिवि रिकार्ड बनाने को कर रहा नाप जोख, खलबली

संवाददाता, खटीमा

▶▶ मार्ग के दोनों ओर निशान लगाए जाने से मचा हड़कंप

**अमृत विचार:** मेलाघाट मार्ग के दोनों ओर लोनिवि ने लाल निशान लगा दिए। इसके बाद लोगों में डर हो गया कि कहीं अतिक्रमण हटाने के नाम पर उन्हें उजाड़ न दिया जाए हालांकि लोनिवि ने कहा कि केवल रिकॉर्ड दुरस्त करने के लिए निशान लगाए गए हैं।

नगर के मुख्य चौराहे से मेलाघाट मार्ग के दोनों और की जा रही नाप-जोख से मार्ग के दोनों और बसे लोगों में हड़कंप मचा है। नाप-जोख की जद में आने वाले परिवार कई आशंकाओं को लेकर चिंतित हैं। स्टेशन रोड, राजीव नगर, पकडिया, झनकइया चौकी की ओर मार्ग के बीच से पटरी व नाली के बाहर बसे पक्के आवासों पर लोक निर्माण विभाग द्वारा निशान लगाए जा रहे हैं। यहां के लोग राष्ट्रीय राजमार्ग के टू लेन निर्माण और अतिक्रमण की जद में आने की चर्चाओं को लेकर चिंतित हैं। अतिक्रमण हटाने अथवा रेलवे पटरी पर ओवर ब्रिज बनने आदि आशंकाओं को लेकर यहां के लोगों में भय है। नगर के मुख्य चौराहे से मेलाघाट रोड की ओर नाप जोख के सवाल पर लोनिवि के सहायक अभियंता पीसी तिवारी ने बताया कि इस मार्ग के रख रखाव का दायित्व लोक निर्माण विभाग का है। लोनिवि अपने रिकार्ड दुरुस्त करने के लिए खटीमा चौराहे से मेलाघाट खेलड़िया तक मार्ग की स्थिति का रोड मैप तैयार कर रही है। एई तिवारी ने यह भी बताया कि नगर के मुख्य चौराहे से स्टेशन रोड, मेलाघाट रोड, खेलड़िया तक मार्ग की मौजूदा स्थिति रिकॉर्ड में ली जा रही है।

# पीसीबी ने दिया नोटिस, फ्लाईओवर पर धूल नियंत्रित करो

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** रामनगर रोड पर बन रहे फ्लाईओवर का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। जिसके चलते आरओबी के पास जमी धूल उड़ने पर लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीसीबी ने एनएच हल्द्वानी खंड के ईई को नोटिस भेजकर धूल नियंत्रित करने को कहा है।

बाजपुर रोड एवं रामनगर रोड स्थित स्थित रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर का निर्माण एक साथ शुरू हुआ था। करीब सात साल बाद बाजपुर रोड का फ्लाईओवर बन गया लेकिन रामनगर रोड पर फ्लाईओवर का काम अभी भी बेहद धीमी गति से चल रहा है। इसके अलावा प्रदूषण की मात्रा में भी बढ़ोतरी हो रही है। इसे देखते हुए उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) ने एनएच हल्द्वानी खंड के अधिशासी अभियंता को नोटिस भेजकर धूल कणों की मात्रा को नियंत्रित करने को कहा है। पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि धूल कणों से एक्यूआई में बढ़ोतरी हो रही है। इसी के चलते नोटिस भेजा गया है।

# 78 किलो प्रतिबंधित मांस पकड़ा, तीन फरार

संवाददाता, किच्छा

**अपराध**

▶▶ पुलिस की संयुक्त टीम ने किच्छा कोतवाली अंतर्गत ग्राम दरऊ में की कार्रवाई

▶▶ पुलिस को चकमा देकर तीनों आरोपी हुए मौके से फरार

**अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में गौकशी किए जाने की सूचना पर गौ संरक्षण स्क्वायड टीम एवं कोतवाली पुलिस की ने छापा मार कार्रवाई की और करीब 78 किलो प्रतिबंधित गौमांस बरामद कर लिया। पुलिस ने मौके से प्रतिबंधित पशु का मांस, मांस काटने के उपकरण, तराजू- बाट बरामद कर कब्जे में ले लिए। इस दौरान गौकशी के तीनों आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

गौ संरक्षण स्क्वायड परिक्षेत्र कार्यालय किच्छा टीम के उप निरीक्षक प्रवीण सिंह के अगुवाई में एक टीम सिरौली कला से होते हुए दरऊ चौक पर पहुंची। पुलिस को सूचना मिली कि कोतवाली अंतर्गत ग्राम दरऊ में राजकीय इंटर कॉलेज के पीछे स्थित गन्ने के खेत में कुछ लोगों ने गौवंशीय पशु की हत्या कर गौकशी की जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी। इसी बीच तीन आरोपी अपने कंधों पर कट्टे में सामान भरकर आते दिखाई दिए। आरोपियों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन तीन लोग अपना सामान फेंक कर मौके से भाग गए। पुलिसकर्मी दीवान नाथ और राजकुमार ने मौके से भाग रहे आरोपियों की पहचान ग्राम दरऊ, थाना किच्छा निवासी ताहिर, अलीम और आमिर खान उर्फ भोला के रूप में की। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी पूर्व में भी गौकशी के आरोप में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद तीन कट्टों में रखा करीब 78 किलो प्रतिबंधित गौमांस, मांस काटने के तीन चाकू, तराजू-बाट और पैकिंग करने वाली काली पन्नी को बरामद कर कब्जे में ले लिया। पुलिस की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मृगेश चौधरी मौके पर पहुंच गए और बरामद मांस को जांच के उपरांत गौवंशीय पशु का मांस बताया। उन्होंने बरामद कट्टों से मांस का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेज दिया।

# कार्यकाल खत्म क्षेत्र व ग्राम पंचायतों के प्रशासक नियुक्त

**खटीमा, अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही शासन ने प्रशासक नियुक्त कर दिए हैं।

क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष रंजीत सिंह नामधारी का 29 नवंबर को कार्यकाल समाप्त हो गया। इनका कार्यभार एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा गया है जबकि ग्राम पंचायतों का 27 नवंबर को समाप्त हुए कार्यकाल पर इनका दायित्व एडीओ पंचायत कृष्ण सिंह सैनी को सौंपा गया है। खंड विकास अधिकारी एनसी उपाध्याय ने बताया कि शासनादेश के तहत 64 ग्राम पंचायतों के प्रशासक एडीओ पंचायत सेनी तथा क्षेत्र पंचायत का कार्यभार प्रशासक/ उप जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह बिष्ट नियुक्त हुए हैं। इधर विकास के नजरिए से 64 ग्राम सभाओं के लिए एक प्रशासक नियुक्त होना मुश्किल माना जा रहा है। 64 ग्राम प्रधानों के साथ ग्राम विकास अधिकारी एवं सहायक ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायतों का विकास कार्य संपन्न कराते थे। वहीं, अब इनका दायित्व एक अधिकारी के पास होने से पंचायतों का भविष्य चिंताजनक माना जा रहा है।

# ससुराल वालों ने महिला से की मारपीट, केस दर्ज

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** एक महिला ने अपने ससुराल वालों पर गाली-गलौज कर जान से मारने की नीयत से मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच कर शुरू कर दी है।

पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम पंतपुरा निवासी सुमित्रा गंगवार ने बताया कि उसका विवाह एक मई 2021 को उत्तरांचल कॉलोनी, वार्ड नंबर 8, किच्छा निवासी रवि प्रकाश पुत्र रामेश्वर दयाल के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिनों बाद से ससुराल पक्ष के लोग पीड़िता के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। पीड़िता ने बताया कि चार दिन पूर्व 25 नवंबर की सुबह वह कपड़े धोने के बाद सुखाने के लिए छत पर डालने गई थी। इसी दौरान सास सावित्री देवी ने पीड़िता को गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार गालियों का विरोध करने पर सावित्री देवी ने अपने बेटे और पति रामेश्वर दयाल के साथ मिलकर उसे लात घूंसों से मारना शुरू कर दिया। इस दौरान तीनों ने पीड़िता की हत्या कर हमेशा के लिए किस्सा खत्म करने की भी धमकी दी। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से बचकर पीड़िता ने अपने पिता को घटना की जानकारी दी।

### लेनदेन के मामले में दो पक्षों मारपीट

**बाजपुर :** मजदूरी के रुपये के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज व मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों के पांच लोगों के चोटें आई हैं। ग्राम शांति कालोनी निवासी अतर सिंह का मजदूरी के 700 रुपये को लेकर गांव के ही एक युवक से विवाद हो गया। आरोपित ने अपने कुछ साथियों को बुला लिया और घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए हमलावर हो गए जिसमें अतर सिंह उसकी पत्नी कुसुम, सुरेंद्र तथा चंदन घायल हो गए। शोरगुल होने पर एकजुट हुए ग्रामीणों ने आरोपी युवकों को घेर लिया। आरोपियों में से भी एक युवक के चोटें आई हैं। बरहैनी चौकी पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर एक युवक को हायर सेंटर भेज कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित तहरीर नहीं दी गई है।

## वर्ग पहेली-267

**बाएं से दाएं**

1. वध, मारण।
4. 1. सब्ज़ी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्ज़ी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।
5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।
7. बड़ी खुरपी।
8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।
2. मूर्ख, बेवक़ूफ़।
3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।
4. अविवाहित, अपरिणीता, कुमारी लड़की, कुंआरी।
5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।
6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| | ■ | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | 5 | | | | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 7 | | |
| 8 | | | | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -266 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | ■ | ■ | 2 सें | ■ | ■ | 3 फ़ |
| त | ■ | ■ | 4 स | ह | चा | री |
| ति | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ज़ा |
| ■ | 5 नि | वे | शि | त | ■ | ■ |
| ■ | रो | ■ | प | ■ | ■ | 6 चिं |
| ■ | ध | ■ | ■ | ■ | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | ■ | ड़ा |

## सुडोकू -180

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | |
| | 1 | | | | | | 5 | |
| | | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 9 | | |
| | | | 1 | | | 3 | | |
| | | 4 | | | | | | |
| 7 | | | | | 9 | | | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| 8 | | | | | | | | 2 |

### सुडोकू - 179 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 8 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 3 | 5 | 7 | 2 | 1 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 नवंबर, शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 10 .29 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग

शु. 9 | 10 | चं. बु. सू. 8 | 7 | के. 6 | श. 11 | 5 | रा. 12 | 1 | 2 गु. | 3 | 4 मं.

**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 12 .35 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** — आज आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय बर्बाद न करें। माइग्रेन के रोगियों को यात्रा से बचना चाहिए। बड़ा काम करने की इच्छा होगी। व्यापार में सहयोगियों के साथ अनबन हो सकती है।

**वृष** — आज आपको घर पर भी कार्यक्षेत्र का काम करना पड़ेगा। जॉब में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लें। प्रभावशाली लोगों से मैत्रीपूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की परेशानियां दूर होंगी।

**मिथुन** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी उदासीन रहेगी। आलस्य के कारण आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं। व्यापार में उधारी न करें। आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ेगा। जल्दबाजी वाले स्वभाव से आपको बचना चाहिए।

**कर्क** — आज आप अपने मित्रों के बीच खासे लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**सिंह** — आज नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का माहौल रहेगा। सभी काम मन लगाकर करें। धीरे-धीरे आप कारोबार में बड़ा लाभ कमा लेंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी।

**कन्या** — आज भावनाओं में आकर निर्णय न लें। भूमि और संपत्ति को लेकर बड़ी डील होने की संभावना है। आय के साधनों में वृद्धि होगी। सुबह सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला** — आज आप कार्यक्षेत्र में काफी लोकप्रिय रहेंगे। मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनाएंगे। आप दूसरों की भावनाओं का काफी ध्यान रखते हैं। इसीलिए लोगों के चहेते बने रहेंगे। पर्यटन की योजना से घूमने जा सकते हैं। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें।

**धनु** — आज कारोबार के लिए दिन बहुत अच्छा नहीं है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना सफल हो सकती है। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। आपको अपनी बात मनवाने के लिए जोर देना पड़ेगा।

**मकर** — आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए। व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। मनोवान्छित कार्य पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आज शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा।

**मीन** — आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें। इससे आप अपने हितों के चुनाव में गलतियां कर सकते हैं। यात्रा से लाभ होगा। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मि. इंडिया — दोपहर : 12 .11
रास्कल्स — रात : 07 .16

&pictures
टॉइलेट-एक प्रेम कथा — सुबह : 10 .52
विवाह — रात : 07 .30

SONY PIX
बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 11 .01
द 355 — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 10 .49
औरों में कहां दम था — रात : 08 .00

ZEE ACTION
बदला नाग का — सुबह : 11 .23
मोहरा — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 10 .49 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर - आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की - क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर - नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की - ओह! नो अब मैं अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर- धीरज रखिए।
लड़की - अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों, जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो, चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

# धौलादेवी ब्लॉक में छह करोड़ की लागत से बनेंगी दो सड़कें

## विधायक महरा ने किया शिलान्यास, हजारों लोगों को मिलेगा लाभ



जागेश्वर विकासखंड की दो सड़कों का शिलान्यास करते विधायक महरा। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** धौलादेवी ब्लॉक के लिए 6.38 करोड़ की लागत से दो सड़कों का निर्माण होगा। जागेश्वर विधायक मोहन सिंह महरा ने सड़कों का शिलान्यास किया। सड़कों के निर्माण से क्षेत्र की हजारों की आबादी को लाभ मिलेगा।

शुक्रवार को शिलान्यास के लिए पहुंचे विधायक महरा का स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि पीएमजीएसवाई के तहत स्वीकृत 327.80 लाख की लागत से चौसला से चिल 12 किमी मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग की ओर से 310.33 लाख रुपए की लागत से शहीद लांस नायक दिनेश गैड़ा के नाम ध्याडी-मिरगांव-मानेश्वर तक दस किमी मोटर मार्ग का भी शिलान्यास किया गया है। कहा कि मोटर मार्गों के बनने से मिरगांव मानू, पल्ला भीड़ा, आरा सहित कई गांव की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ तय समय पर मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर यहां लोनिवि के एई आलोक ओली, कनिष्ठ अभियंता वीरेंद्र दानू, महेश कफलियां, प्रताप गैड़ा, नारायण सिंह, मोहन सिंह सिंगवाल, आनंद सिंह डसीला, लक्ष्मण सिंह, खीमानंद पालीवाल, जितेंद्र सिंगवाल, जगदीश फुलारा, महेश भट्ट, हयात सिंह, बब्लू रावत, आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# कक्ष संख्याएं लिखने और बोर्ड बनाने की उठाई मांग

- छात्रों ने समस्याओं को लेकर निदेशक को ज्ञापन सौंपा
- जल्द समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** एसएसजे में विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर छात्र-छात्राएं मुखर हो गए है। शुक्रवार को छात्रों ने परिसर निदेशक को ज्ञापन सौंप समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन में कहा कि इन दिनों एसएसजे में परीक्षाएं चल रही हैं, लेकिन छात्र-छात्राओं को परीक्षा कक्षों को खोजने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने सभी कमरों में कक्ष संख्याएं लिखने और इसके लिए एक अलग से बोर्ड बनाने की मांग की। वहीं, छात्रों ने आरोप लगाया कि पूर्व भी कई समस्याओं को लेकर परिसर प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया। लेकिन उनकी मांगें अब तक पूरी नहीं हुई है। जिससे छात्र-छात्राओं में परिसर प्रशासन के प्रति भारी रोष व्याप्त है। चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो समस्त छात्र-छात्राएं उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व छात्रसंघ महासचिव गौरव भंडारी, गिरीश पांडे, पंकज कनवाल, निशांत पांडे, आशु रौतेला आदि छात्र मौजूद रहे।



समस्याओं के निदान के लिए परिसर निदेशक को ज्ञापन सौंपते छात्र। ● अमृत विचार

# डॉक्टर पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

**रानीखेत, अमृत विचारः** स्थानीय राजकीय गोविंद सिंह मेहरा नागरिक चिकित्सालय में तैनात एनेस्थीसिया चिकित्सक द्वारा मरीजों से दुर्व्यवहार को लेकर रानीखेत विकास समिति के सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

स्वास्थ्य मंत्री को भेजे पत्र में रानीखेत विकास समिति के सदस्यों ने कहा कि नगर के नागरिक चिकित्सालय में तैनात एनेस्थीसिया के चिकित्सक आए दिन मरीजों से दुर्व्यवहार करते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उक्त चिकित्सक प्राइवेट चिकित्सालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मरीज के साथ इस तरह का व्यवहार करने से मरीज नागरिक चिकित्सालय में उपचार न कराकर प्राइवेट चिकित्सालयों में महंगा उपचार करने के लिए भी विवश हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उक्त चिकित्सक के खिलाफ कई बार शिकायत करने की उपरांत भी चिकित्सालय प्रशासन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री सहित स्वास्थ्य निदेशक, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी पत्र प्रेषित किया है। गिरीश भगत ने कहा कि जल्द उक्त चिकित्सक के व्यवहार में परिवर्तन नहीं हुआ और उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो समिति के बैनर तले आंदोलन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# कटखने बंदरों के आंतक से निजात दिलाने की मांग



डीएफओ को ज्ञापन सौंपते 'आप' विंग कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**परेशानी**

- 'आप' यूथ विंग कार्यकर्ताओं ने डीएफओ को ज्ञापन सौंपा
- कटखने बंदरों के बढ़ते आंतक पर जताई चिंता

**अमृत विचारः** जिले में बढ़ते जा रहे बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाए जाने की मांग फिर उठने लगी है। शुक्रवार को 'आप' यूथ विंग कार्यकर्ताओं ने डीएफओ को ज्ञापन सौंप जल्द बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन में कहा कि नगर में इन दिनों कटखने बंदरों का आंतक लगातार बढ़ रहा है। आए दिन बंदर लोगों को काटकर घायल कर रहे है। कहा कि इससे सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। कार्यकर्ताओं ने जल्द कटखने बंदरों के आंतक से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में यूथ विंग जिलाध्यक्ष दानिश कुरैशी, शिफत कुरैशी, वसीम कुरैशी, हिमानी नेगी, अमित भट्ट, मनव्वर अंसारी, शाकिर कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# परीक्षा फार्म जमा करने का आज अंतिम दिन

**बरेली, अमृत विचारः** रुहेलखंड विवि की स्नातक और परास्नातक परीक्षा के फार्म भर 28 नवंबर तक भरे गए। शनिवार तक विद्यार्थी भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा कर सकेंगे और महाविद्यालयों को भी ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे। परीक्षा में करीब सवा चार लाख छात्र शामिल होंगे।

विवि ने 11 दिसंबर से स्नातक और 4 जनवरी से परास्नातक की परीक्षाएं निर्धारित की हैं। परीक्षा के दौरान ही मिड टर्म कराई जाएंगी, जल्द ही विवि इसके लिए तिथि निर्धारित कर महाविद्यालयों को निर्देश जारी करेगा। विवि ने परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। परीक्षा फार्म जमा होने के बाद केंद्र निर्धारित किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार परीक्षा का आयोजन पूरी तरह से पारदर्शी और सुचारू रूप से किया जाएगा।

# 600 मीटर दौड़ में दिया विजयी



अल्मोड़ा में खेल महाकुंभ प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- गोला फेंक में किरन और लंबी कूद में रुचि रही प्रथम
- हवालबाग खेल मैदान में खेल महाकुंभ प्रतियोगिता जारी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता जारी है। शुक्रवार को प्रतियोगिता के दौरान बालिकाओं की अलग-अलग वर्गों में दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद प्रतियोगिता हुई। जिसमें विभिन्न विकासखंडों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

हवालबाग खेल मैदान में वरिष्ठ खिलाड़ी सोबन सिंह कनवाल और राजकीय शिक्षक संघ के महामंत्री भुंवन चिलवाल ने संयुक्त रूप से आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद अंडर-14 बालिका वर्ग की 60 मीटर दौड़ में अनुष्का फुलारा, 600 मीटर में दिया आर्या, गोला फेंक में किरन और लंबी कूद में रुचि सुप्याल ने बाजी मारी। सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर यहां धन सिंह धौनी, शिवदत्त पांडे, गोविंद सिंह, पूनम बिष्ट, तुलसी बिष्ट, लता वर्मा, महेंद्र सिंह भैसोड़ा, अशोक कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

# अवैध खनन करते 2 डंपर सीज किए

**टनकपुर, अमृत विचारः** टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल्थी पुलिस चौकी के पास से बेधड़क हो रही खनन चोरी पर आखिरकार पुलिस की नींद अब खुल गई है। चल्थी की लधिया नदी में जेसीबी से हो रही खनन सामग्री चोरी को खनन विभाग द्वारा पकड़ने के दो दिन बाद पुलिस ने भी अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। चल्थी चौकी की पुलिस ने अवैध खनन करने वाले 2 डंपरों को पकड़कर सीज किया।

पुलिस के मीडिया ग्रुप के मुताबिक चल्थी पुलिस चौकी के प्रभारी निर्मल सिंह लटवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो डंपरों (यूके 03 सीए 1889 और यूके 03 सीए 1990) को अवैध खनन करते दबोचा। दोनों डंपरों को सीज कर वैधानिक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उप जिला मजिस्ट्रेट को भेजी गई है।

# प्रशासन की टीम ने डोबा-चौसली से वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा-हल्द्वानी एनएच पर क्वारब के पास दरक रही पहाड़ी के बीच खतरा बरकरार है। प्रशासन और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने वैकल्पिक मार्ग के लिए निरीक्षण किया। हालांकि हाईवे शुक्रवार को पर यातायात सुचारू रहा। वहीं, पहाड़ी के ट्रीटमेंट के लिए प्रशासन भू-वैज्ञानिकों की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।

दरअसल, बीते तीन माह से क्वारब के पास पहाड़ी से लगातार भूस्खलन जारी है। इससे दिन में कई बार यातायात प्रभावित हो रहा है। वहीं, अब यात्रियों की परेशानी को देखते हुए प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग के लिए कवायद तेज कर दी है। शुक्रवार को प्रशासन की टीम ने डोबा-चौसली और खूंट-काकड़ीघाट मोटर मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान मोटर मार्ग से बसों के संचालन को लेकर रिपोर्ट तैयार की गई। हालांकि दोनों मार्ग के अधिकांश जगह पर क्षतिग्रस्त होने से यह मार्ग बसों के संचालन के उपयुक्त नहीं पाया गया।



वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण करती प्रशासन और परिवहन विभाग की टीम।

**अतिरिक्त फेरा लगाने को मजबूर**

क्वारब के पास आए दिन सड़क पर मलबा और बोल्डर आने से यातायात बाधित हो रहा है। एहतियातन रोडवेज-केएमओयू समेत भार वाहनों को अतिरिक्त फेरा लगाकर हल्द्वानी पहुंचना पड़ रहा है। ऐसे में पहाड़ी दरकने का स्थायी समाधान नहीं होने से यात्रियों की जेब ढीली हो रही है।

# धोखाधड़ी में बैंक प्रबंधक समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** योगेशा एंड यार्स लिकर फर्म के पार्टनर दुगालखोला निवासी करन दुर्गापाल ने बैंक मैनेजर समेत तीन लोगों के खिलाफ 5.75 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया हैं। मामले में पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग उठाई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

करन दुर्गापाल कहना है कि फर्म की एक महिला पार्टनर ने उन्हें अल्मोड़ा अर्बन को ऑपरेटिव बैंक नैनीताल शाखा के प्रबंधक रोमित साह से मिलवाया। रोमित साह ने स्वयं के बैंक कर्मचारी होने के कारण अपनी पत्नी गुंजन साह को फर्म में जुड़वा लिया। रोमित साह ने बैंक प्रबंधक होने के नाते फर्म के नाम 5.75 करोड़ रुपये का ऋण दिलवा दिया। इसके बदले गुंजन साह को हर माह दो लाख रुपये एडवांस प्रॉफिट देने का अनुबंध हुआ। मामला खुलने पर बैंक प्रबंधक ने ऋण खाता दूसरे बैंक में स्थानांतरित करने का दबाव बनाया। इसके बदले ढाई लाख रुपये देने का दबाव बनाया। तीसरे आरोपी लोनिवि में कार्यरत अशोक सिंह भी जालसाजी में शामिल रहा। तीनों ने जाली दस्तावेज लगाकर फर्म में गारंटर बनवा दिए। विरोध किया तो रोमित साह ने तमंचा दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# एआई तकनीक से रोबोट किया तैयार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** सेंट फ्रांसिस विद्यालय सभागार में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने इनोवेटिव सोच के साथ अलग-अलग प्रकार के 300 से अधिक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। जिसमें चंद्रयान-3 व कंप्यूटर से संबंधित प्रोजेक्ट बनाए गए।

छात्रों ने एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के माध्यम से रोबोट भी बनाया। इससे पूर्व प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक एनएचपीसी राजिल व्यास व इलेक्टिक महाप्रबंधक मोहम्मद जावेद अंसारी ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्तराखंड की संस्कृति के बारे में बताते हुए रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। महाप्रबंधक व्यास ने बताया कि आने वाला युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास का युग है, जिसमें युवा पीढ़ी का योगदान अत्याधिक महत्व का है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के हर क्षेत्र में भारत के लोग बेहतर प्रदर्शन कर नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल राहुल जायसवाल, विद्यालय के प्रबंधक ब्रदर टॉम एलेन, प्रधानाचार्य ब्रदर मेरियादास, शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



टनकपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि।

**उत्तर प्रदेश**

# एफआर लगाने के नाम पर 2.30 लाख वसूले

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पीड़ित ने एक मामले में फाइन रिपोर्ट लगाने के नाम पर दरोगा और सिपाही पर 2.30 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने अधिवक्ता के माध्यम से सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर किया है। इस मामले में 12 दिसंबर को सुनवाई होगी। दरोगा और सिपाही को नोटिस भी जारी किए गए हैं।

शाहबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला नालापार वार्ड 46 के सभासद सदाकत खां के अनुसार 12 दिसंबर 2023 को दिव्यापुर गांव निवासी नंदकिशोर ने सभासद और उनके बेटे तैयब के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसकी जानकारी दरोगा मनोज चौधरी व सिपाही नरेंद्र को थी। यह दोनों उनके पास आए और कहा कि यह राजनैतिक मुकदमा है। कुछ पैसे दे दो मुकदमा एक्सपंज करा देंगे। पीड़ित ने कहा कि समझौता हो गया है। तक दरोगा जेल भेजने की धमकी देने लगा। इसके बाद शाहबाद की चेयरमैन के यहां 12 दिसंबर 2023 को दरोगा को 4 बार में 2.30 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद दरोगा ने मुकदमा एक्सपंज करके चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी। इसमें आरोपियों को जमानत करानी पड़ी।

# जमीयत देगी मारे गए लोगों के परिजनों को 5-5 लाख

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर में गुरुवार को हुई जमीयत उलमा-ए-हिंद की बैठक में संभल की जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा में मारे गए पांच लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख की आर्थिक सहायत देने का ऐलान किया गया। इसमें जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमदू मदनी ने संभल के जिम्मेदारों से हिंसा के बारे में जानकारी ली। बैठक में घायलों के उपचार के लिए निर्णय लिया गया।

जमीयत के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने आरोप लगाया कि प्रशासन के जरिये जो अमानवीय कृत्य किया गया है, वह किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है। हम न्याय के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।

# पुष्पा देवी व दान सिंह पंच विभूति सांस्कृतिक कला रत्न से सम्मानित

संवाददाता, जैंती

**अमृत विचारः** भातृ सेवा संस्थान दिल्ली की ओर से कलाकार पुष्पा देवी व दान सिंह फर्त्याल को पंच विभूति सांस्कृतिक कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। जैंती के डोल गांव का रहने वाला दंपती बीते चार दशक से कुमाऊंनी लोक-संस्कृति संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि दिव्यांग दान सिंह फर्त्याल अपनी पत्नी पुष्पा देवी के साथ कुमाऊंनी कठपुतली नृत्य के साथ ही कुमाऊंनी लोकगीतों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करते आ रहे हैं। इधर, सम्मानित होने के बाद गांव लौटने पर ग्रामीणों ने उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित कर फर्त्याल दंपत्ति को बधाई दी। इस मौके पर चतुर सिंह फर्त्याल, प्रधान भैरव दत्त थुवाल, दीवान सिंह, बहादुर सिंह, चनर राम, धीरज, मोहित, मीना, खीला, दीपा, मंगलम फर्त्याल आदि उपस्थित रहे।



दान सिंह फर्त्याल व पुष्पा देवी को पंच विभूति कला रत्न सम्मान से सम्मानित करते हुए।

# टिकाऊ और भविष्य के लिए भी फायदेमंद है अक्षय ऊर्जा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय ने कहा कि अक्षय ऊर्जा के माध्यम से न केवल सुदूर के क्षेत्र जगमगाएंगे, बल्कि ग्रीन एनर्जी के जरिए पर्यावरण संरक्षण भी किया जा सकेगा।

सोलर पॉलिसी एवं उरेडा (उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चम्पावत जिला पंचायत सभागार में हुई एक दिनी कार्यशाला में उन्होंने कहा कि ऊर्जा के संरक्षण को लेकर उरेडा द्वारा संचालित योजनाएं टिकाऊ और भविष्य के लिए लाभदायक है। अध्यक्ष राय ने लोगों से इस अपारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करने की अपील की।

मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ संजय कुमार सिंह ने कहा कि उरेडा के सोलर वाटर हीटर कार्यक्रम, ऊर्जा संरक्षण, राष्ट्रीय बायोगैस कार्यक्रम न केवल लोगों की ऊर्जा बचत करेंगे, बल्कि स्वरोजगार का भी मौका दे रहे हैं। उरेडा के परियोजना अधिकारी धीरेंद्र पटवाल ने उरेडा द्वारा संचालित सोलर वाटर हीटर कार्यक्रम, राष्ट्रीय बायोगैस कार्यक्रम, उत्तराखंड राज्य सौर नीति 2023, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, रूफ टॉप सोलर पावर प्वाइंट योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट, जल विद्युत नीति की जानकारी दी।

# कोर्ट में पेश नहीं होने पर दो गवाहों के वारंट जारी

**रामपुर, अमृत विचार :** यतीमखाने से जुडे़ मामले में कोर्ट में पेश नहीं होने पर दो गवाहों के वारंट जारी कर दिए गए हैं। अब इस मामले में 4 दिसंबर को सुनवाई होनी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के तोपखाने के पास यतीमखाने में बने मकानों पर बुलडोजर चलवा दिया गया था। पीड़ितों ने सपा नेता आजम खां सहित कई सपाइयों और पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को इस मामले में दो गवाहों को आना था। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गवाह सुरजीत सिंह और अनिल कुमार के नहीं आने पर उनके खिलाफ कोर्ट ने जमानती वारंट जारी कर दिए हैं।

# सुरक्षा इंतजामों के बीच अदा हुई जुमे की नमाज

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में जुमे की नमाज को लेकर शहर छावनी बना रहा। बेहद कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच जामा मस्जिद में सीमित संख्या में मुसलमानों ने नमाज अदा की। संभल में पुलिस बल की तैनाती के साथ सतर्कता अभी जारी रहेगी। शुक्रवार शाम को छठे दिन इंटरनेट से पाबंदी हटी तो लोगों ने राहत की सांस ली। संभल में माहौल बिगड़ने की आशंका से बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि शनिवार से बाजार में चहल पहल की उम्मीद जाहिर की जा रही है। समाजवादी पार्टी के शिष्टमंडल ने आज संभल आने की घोषणा की है लेकिन प्रशासन सपा नेताओं को आने देगा ऐसा अभी नजर नहीं आ रहा है।

जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान रविवार को हुई हिंसा के बाद से संभल में तनाव के माहौल के बीच भारी पुलिस बल तैनात है। बवाल के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज पर शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन ने संभल को छावनी में तब्दील कर दिया। डीआईजी मुनिराज जी सुबह 9 बजे सड़क पर उतर आए थे। उन्होंने सबसे पहले जामा मस्जिद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर पुलिस कर्मियों को उनकी जिम्मेदारी समझाई। इसके बाद वह आरएएफ के जवानों की बड़ी टुकड़ी लेकर संभल में पैदल मार्च के लिए निकल पड़े।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,802.79 | 24,131.10 |
| बढ़त | 759.05 | 216.95 |
| प्रतिशत में | 0.96 % | 0.91 % |



## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2325, राज श्री 1790, फॉर्चून कि. 2290, रविन्द्रा 2310, फॉर्चुन ली. 2100, जय जवान 1990, सचिन 2125, सूरज 2015, अवसर 2150, राग गोल्ड 2270, गृहणी ली 2090, क्लासिक (किलो) 2190, मोर 2185, चक्र टिन 2095, ब्लू 2260, आशीर्वाद मस्टर्ड 2230, स्वास्तिक 2295 । किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 16000, जीरा 30500, लाल मिर्च 18000-20000, धनिया 8500-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-780, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1100 । चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9900, स्पाइस 6800, शरबती कच्ची 4750, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8500, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4650, खजाना 4600 । दाल दलहन --मूंग दाल इंदौर 10000, मूंग धोवा 10400, राजमा चित्रा 12000-13000, राजमा भूटान नया 10200, मलका काली 7250-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छॉटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8450, दाल चना 8350, लाल हिंदुस्तान 8550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9750, चना अकोला 8600, डबरा 10000-11200, सच्चा हीरा 12500, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 10600, अरहर पटका मोटा 11100, अरहर कोरा मोटा 11500, अरहर पटका छोटा 15000-15700, अरहर कोरी छोटी 16800 । चीनी - डालमियां 3970, पीलीभीत 3950, नवाबगंज 3940

## हल्द्वानी मंडी

चावल :शरबती- 5300 मसूरी- 5150 बासमती- 9200 परमल- 3800 दाल दलहन : काला चना- 8600 साबुत चना दाल- 9200 मूंग साबुत- 10600 राजमा- 11300-15600 दाल उड़द- 10700 साबुत मसूर दाल- 7400 मसूर दाल- 8700 उड़द साबुत- 11400 काबुली चना- 12600-14500 अरहर दाल- 12700-14200 लोबिया/करमानी- 8400 सोयाबीन- 5500 मूंगफली- 11800 मटर (सूखी)- 5700 मक्का- 3700



## सर्राफा



बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 79300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 78300 |
| सिल्वर ( पक्की) | 910 (अनुमानित) |

# आवास मूल्य सूचकांक 4.3% बढ़ा : आरबीआई

## एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 और पिछले साल 3.5 प्रतिशत की हुई थी वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी**



- 10 प्रमुख शहरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर केंद्रीय बैंक ने जारी किया आंकड़ा
- बेंगलुरु में सर्वाधिक 8.8 तो कानपुर में दर्ज की गई 2 प्रतिशत की गिरावट

अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 प्रतिशत और पिछले साल इसी तिमाही में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

आरबीआई ने शुक्रवार को 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपना आवास मूल्य सूचकांक जारी किया। यह 10 प्रमुख शहरों में पंजीकरण अधिकारियों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों पर आधारित है। ये शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं। आरबीआई ने कहा कि वार्षिक एचपीआई वृद्धि विभिन्न शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही। बेंगलुरु में यह सर्वाधिक 8.8% रही। जबकि कानपुर में दो प्रतिशत की गिरावट तक देखी गई। तिमाही आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में जुलाई-सितंबर अवधि में 0.1 प्रतिशत की कमी आई। अहमदाबाद, लखनऊ, कोलकाता और चेन्नई में सितंबर तिमाही के दौरान मकान की कीमतों में पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### उद्योगों के लिए बैंक ऋण आठ प्रतिशत बढ़ा

वाणिज्यिक बैंकों ने अक्टूबर 2024 में उद्योगों को सालाना आधार पर 8% अधिक ऋण दिया, जबकि एक साल पहले यह वृद्धि 4.8 % थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चला कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर 15.5% बढ़ा। इसमें पिछले साल 17.4% की वृद्धि हुई थी। प्रमुख उद्योगों में, रसायन और रासायनिक उत्पाद, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा इंजीनियरिंग के लिए एक साल पहले के मुकाबले अक्टूबर 2024 में ऋण वृद्धि अधिक रही। अक्टूबर में व्यक्तिगत ऋणों की वृद्धि दर घटकर 15.8% रह गई, जबकि एक साल पहले यह 18% थी। ऐसा मुख्य रूप से अन्य व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण और क्रेडिट कार्ड बकाया की वृद्धि में कमी के चलते हुआ। समीक्षाधीन अवधि में व्यक्तिगत ऋण खंड के सबसे बड़े घटक आवास में पिछले साल की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### सेवा निर्यात 22.3% बढ़कर 34.3 अरब डॉलर पर

भारत का सेवा निर्यात लगातार दूसरे महीने बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में यह 22.3 प्रतिशत बढ़कर 34.3 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर, अक्टूबर में आयात 27.9 प्रतिशत बढ़कर 17.21 अरब डॉलर हो गया है। जुलाई के मुकाबले अगस्त में गिरावट के बाद सितंबर में सेवा निर्यात बढ़कर 32.57 अरब डॉलर हो गया था। आयात में भी लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई।

# चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक हो जाएगा 20 अरब डॉलर : सीआईआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- निर्यात में तेजी के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता

देश में चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक 20 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, इस क्षेत्र को निर्यात में तेजी लाने के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता है। उद्योग मंडल सीआईआई ने शुक्रवार को यह कहा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी मंच के अध्यक्ष हिमांशु बैद ने कहा कि चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना फिलहाल चुनिंदा चिकित्सा उपकरणों के लिए उपलब्ध है। इसके दायरे में सभी उत्पादों को लाने की आवश्यकता है, जबकि विनिर्माताओं को छिपी लागत को पूरा करने के लिए निर्यात प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हम देश में जरूरत के हिसाब से 60 से 70% मेडिकल उपकरण आयात कर रहे हैं। जबकि, हमारा विनिर्माण अभी भी बहुत कम है क्योंकि 30% उपकरण देश में ही बनते हैं। हमारा आयात हमारे निर्यात से ज्यादा है। हमारा आयात आठ अरब डॉलर है और हमारा निर्यात चार अरब डॉलर है। बैद ने कहा कि भारत में इस उद्योग को अगले स्तर तक बढ़ाने की सबसे अच्छी क्षमता है तथा वह एक विशेष देश पर आयात निर्भरता कम करने के लिए विश्व द्वारा अपनाई जा रही चीन प्लस वन रणनीति का लाभ उठा सकता है। सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और चीन की तुलना में कम लागत वाले श्रम के मामले में भारत में उपलब्ध प्रतिभा के आधार पर देश इसका लाभ उठाने को तैयार है। भारतीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग की निर्यात क्षमता पर उन्होंने कहा कि 2030 तक भारत का निर्यात 15 से 20 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है और हमारा आयात आठ अरब डॉलर से घटकर तीन से चार अरब डॉलर रह जाएगा।

# सोना 700 रुपये तेज, चांदी 1,300 बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सोने की कीमत 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी हुई 92,200 रुपये प्रति किलो

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली बढ़ने से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये की तेजी के साथ 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये उछलकर 92,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि बृहस्पतिवार को चांदी 4,900 रुपये टूटकर 90,900 रुपये प्रति किलो रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 79,000 रुपये पहुंच गया जो गुरुवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में वृद्धि से बाजार धारणा मजबूत हुई, जिससे मुख्यतः सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण एमसीएक्स पर सोने में सकारात्मक कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 20.60 डॉलर प्रति औंस या 0.77 प्रतिशत बढ़कर 2,685.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि खरीदारी और फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावना से तेजी आई।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर पर

- सितंबर के अंत में 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा था

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.76 अरब डॉलर की रिकॉर्ड गिरावट के साथ 657.89 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.04 अरब डॉलर घटकर 566.79 अरब डॉलर रही।

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन वृद्धि घटकर 3.1 प्रतिशत पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अक्टूबर की वृद्धि दर सितंबर में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रहा। पिछले साल के इसी महीने में यह 12.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अक्टूबर 2024 की वृद्धि दर हालांकि इससे पिछले महीने सितंबर 2024 में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। अक्टूबर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कमी आई है। कोयला, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि क्रमशः 7.8 , 0.4 , 4.2 और 0.6 प्रतिशत रही। पिछले साल अक्टूबर में यह आंकड़ा क्रमशः 18.4, 5.3, 16.9 और 20.4 प्रतिशत था। समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली - की वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.8 प्रतिशत थी। ये आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

## राष्ट्रीय

# वे अब चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते : मोदी

## विपक्ष पर प्रधानमंत्री ने किया कटाक्ष, बोले- सत्ता के भूखे लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं

- ओडिशा में पार्टी के कार्यक्रम में मोदी ने कहा- सत्ता के लिए विपक्ष जनता को कर रहा गुमराह

**भुवनेश्वर, एजेंसी**



भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर सत्ता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। उन्होंने इस क्रम में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए गए चौकीदार चोर है अभियान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो चौकीदार 2019 में उनके लिए चोर था, वह साल 2024 आते-आते ईमानदार हो गया और अब वे एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते।

उन्होंने कहा कि इनका (विपक्ष का) मकसद सिर्फ किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिए सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके। लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वे अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुट गए हैं और गुस्सा जनता पर निकालने लगे हैं। भाजपा की ओडिशा इकाई के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका एक झूठ लोगों पर काम नहीं करता, तो उससे बड़ा दूसरा झूठ ये गढ़ते हैं। ये अपने कार्यकर्ताओं को भी झूठा दिलासा देने के लिए यही करते हैं। उन्होंने विपक्ष के कारनामों को बहुत बड़ी चुनौती करार दिया और देशवासियों से हर पल सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी कार्यकर्ताओं में विश्वास भर दिया है और यही भाजपा की विशेषता और उसके कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ सुबह शाम दुष्प्रचार करते रहते हैं। लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है।

### राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने ओडिशा को केंद्र से मिलने वाले बजट को तीन गुणा किया, नई-नई योजनाएं चलाईं। उन्होंने कहा कि इसलिए ओडिशा की जनता भाजपा की नीति और कार्यशैली को जान सकी। उनके मन में भाजपा को लेकर विश्वास पैदा हुआ और उन्होंने भाजपा को अशीर्वाद दिया। मोदी ने कहा कि दुनिया में भारत का प्रभाव 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कई गुना अधिक हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है, लेकिन कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव यह हुआ है कि संविधान की भावनाओं को कुचल दिया जाता है और लोकतंत्र की सारी मर्यादाओं को अस्वीकार किया जाता है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज केंद्र सरकार ओडिशा के गौरव को बड़ी प्राथमिकता दे रही है और वह इस राज्य को देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के नक्शे पर लाना चाहती है।

## गुणवत्ता संबंधी याचिका पर विचार से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंदिरों में बांटे जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर नियमन की मांग वाली याचिका पर विचार से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को कहा था कि कार्यपालिका अपनी सीमा में कार्य कर रही है। पीठ ने कहा कि हम इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि यह सरकार के नीति क्षेत्र के अंतर्गत आती है। यदि याचिकाकर्ता चाहे तो वह उचित प्राधिकार के समक्ष निवेदन कर सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने प्रसाद खाने के बाद लोगों के बीमार पड़ने की बात का जिक्र करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर नहीं की गई है।

# टूटे हुए रिश्ते आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आते

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मंदिरों में प्रसाद का मामला



- सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को पलटा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि टूटे हुए रिश्ते भावनात्मक रूप से कष्टदायक होते हैं और यदि आत्महत्या के लिए उकसावे का कोई इरादा न हो तो यह खुद-ब-खुद उकसाने के अपराध की श्रेणी में नहीं आते। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने एक फैसले में यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कमरुद्दीन दस्तगीर सनदी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में दोषी ठहराया गया था। फैसले में कहा गया कि यह टूटे हुए रिश्ते का मामला है, न कि आपराधिक आचरण का। सनदी पर शुरू में आईपीसी की धारा 417 (धोखाधड़ी), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 376 (दुष्कर्म) के तहत आरोप लगे थे। निचली अदालत ने उसे सभी आरोपों से बरी किया, जबकि उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की अपील पर उसे धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया तथा पांच साल कैद की सजा सुनाई। मां की दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, उसकी 21-वर्षीय बेटी 8 साल से आरोपी से प्यार करती थी और अगस्त 2007 में उसने आत्महत्या कर ली थी।

## एक नजर

### 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में कोलकाता में व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। अदालत ने प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रवर्तक बासुदेब बागची और उनके बेटे अविक को दस दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने 26 नवंबर को कोलकाता-मुंबई में इन दोनों और कुछ अन्य के परिसरों पर छापा मारा थस।

### पूर्व प्रवर्तकों की नकदी और लग्जरी कारें जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने 1,400 करोड़ के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों की तलाशी के बाद 1.3 करोड़ नकद और मुखौटा कंपनियों से संबंधित साक्ष्य जब्त किए है। ईडी ने शुक्रवार को कहा कि साढ़े छह करोड़ मूल्य के लग्जरी वाहन और डीमैट खाते भी फ्रीज किए गए हैं। संघीय एजेंसी ने इस मामले में 27 नवंबर को दिल्ली व एनसीआर में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी।

### तमिलनाडु में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

**तिरुपुर।** तिरुपुर के गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग, उनकी पत्नी और बेटे की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घायल देवसिगामनी ने अस्पताल में दम तोड़ा, उनकी पत्नी अलामेलु व बेटे सेंथिलकुमार घर के अंदर मृत मिले।

# दिल्ली में धमाके के एक दिन बाद स्कूल को मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- प्रशांत विहार में हुए विस्फोट स्थल से एक किलोमीटर दूर है स्कूल

दिल्ली में रोहिणी के स्कूल को शुक्रवार को बम की धमकी का ईमेल मिला। यह स्कूल प्रशांत विहार के उस स्थल के एक किलोमीटर दायरे में है जहां गुरुवार को कम तीव्रता का धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में गहन तलाशी के बाद धमकी अफवाह साबित हुई। स्कूल को सुबह 10.57 बजे आए बम की धमकी के ईमेल की पुलिस को जानकारी मिली। स्कूल उस जगह से एक किलोमीटर की दूरी है, जहां गुरुवार को धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्तों का दस्ता ने स्कूल परिसर की तलाशी ली और कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। स्कूल अधिकारियों ने अभिभावकों को सुबह 11 बजे तक बच्चों को स्कूल से ले जाने का अनुरोध किया था। स्कूल से अभिभावकों को भेजे संदेश में कहा गया है कि स्थिति नियंत्रण में है।

## मृत बच्चे के पिता को गुमराह करने में 6 चिकित्सकों पर केस

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में निजी अस्पताल के 6 चिकित्सकों के खिलाफ उपचार के दौरान जान गंवाने वाले बच्चे के पिता को गुमराह करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी चिकित्सकों ने साक्ष्यों से छेड़छाड़ भी की। पांच वर्षीय बच्चे को 26 अप्रैल को सुतगिरणी में वेदांत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 दिन बाद बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के पिता अविनाश अघव के आरोप है कि गलत उपचार से उनके बेटे की मौत हुई। साक्ष्य मिटकर संबंधित कागजात उन्हें नहीं दिए गए।

# 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, मंदिर कैसे आया

**अजमेर, एजेंसी**

अजमेर दरगाह



- दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान बोले- सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती

अजमेर दरगाह शरीफ के दीवान और ख्वाजा साहब के वंशज दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान ने कहा है कि दरगाह का इतिहास 800 वर्ष पुराना है, जब गरीब नवाज यहा आए, यह कच्चा मैदान रहा, 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, फिर नीचे मंदिर कैसे आ गया।

आबेदीन ने शुक्रवार को दरगाह में मंदिर विवाद पर पहली बार मीडिया के सामने कहा कि द प्लेस ऑफ वर्शिप 1991 में स्पष्ट है कि 15 अगस्त 1947 को भारत के अंदर जितने भी धर्मस्थल हैं, उनको वैसे ही रखने का सरकार का आदेश है। सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती। उन्होंने सवाल किया कि वाद दायर करने वाले की पृष्ठभूमि क्या है, इसे भी देखना चाहिए। ख्वाजा के वंशज को पक्षकार ही नहीं बनाया गया। जबकि एएसआई का यहां से कोई लेना देना नहीं है। तो फिर सर्वे कैसा? हमारे पास भी कानूनी अधिकार है, हम भी न्यायालय में जाएंगे, लेकिन आम जन कोई ऐसा काम न करें, जिससे विवाद पैदा हो।

### बाबर-औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनाईं: दिलावर

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनवाई थीं। अदालत खुदाई का आदेश देती है तो मिलने वाले अवशेषों के आधार पर फैसला होगा। दिलावर का यह बयान दरगाह शिव मंदिर पर बने होने के दावे से संबंधित विवाद के बीच आया।

## वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ नहीं देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ देने के आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया। राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने यह जानकारी दी। राज्य प्रशासन ने एक दिन पहले एक सरकारी प्रस्ताव जारी कर प्रदेश के वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ की निधि जारी करने का आदेश दिया था। सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 2024-25 के वास्ते 20 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई थी। इसमें से दो करोड़ रुपये बोर्ड को हस्तांतरित किये गए थे।

# महंगी गाड़ियों के मालिक ले रहे पेंशन का लाभ

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

- वित्त विभाग के गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की समीक्षा में सच हुआ उजागर

केरल के वित्त विभाग ने एक नगरपालिका में गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों की समीक्षा की है, जिसमें पता चला है कि बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि मलप्पुरम जिले में कोट्टक्कल नगर पालिका के अंतर्गत की गई समीक्षा में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। इसके बाद राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने अधिकारियों को पूरे राज्य में ऐसा ऑडिट करने और लाभार्थी सूची से सभी अपात्र व्यक्तियों को हटाने का निर्देश दिया है। केरल में राजपत्रित अधिकारियों और कॉलेज के प्रोफेसरों समेत 1,500 सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने से जुड़ी खबरों को लेकर व्याप्त आक्रोश के बीच यह नया खुलासा हुआ है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय स्वशासी निकायों को बैंक खातों से पेंशन राशि प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की पात्रता का नियमित मूल्यांकन करने का निर्देश दिया जाएगा। राज्य के वित्त मंत्री ने कोट्टक्कल मामले पर शुक्रवार को उन अधिकारियों की सतर्कता जांच के आदेश दिए, जिन्होंने योजना में समृद्ध व्यक्तियों को शामिल किया था। वित्त मंत्री ने पात्रता का सत्यापन करने वाले, आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारियों और पेंशन को मंजूरी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सतर्कता जांच की बात कही है।

## मप्रः खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान 30 लोग झुलसे

खंडवा (मप्र)। मध्यप्रदेश के खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खंडवा के एसपी मनोज राय ने बताया कि यह घटना गुरुवार आधी रात की है जब जुलूस शहर के क्लॉक टॉवर पर समाप्त हो रहा था। जलती मशालों को उल्टा करके बुझाने के लिए पानी से भरे कंटेनर में डाला जा रहा था, तभी आग की लपटें धधक उठीं। कुछ सेकेंड तक इन लपटों से आसपास के लोग झुलस गए। महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया। प्रतिबंधित छात्र इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्यों द्वारा 2009 को मारे गए पुलिसकर्मी सीताराम सहित तीन लोगों की याद में हर साल ये जुलूस निकाला जाता है।

# मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन में : शिंदे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार गठन पर गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ हुई सकारात्मक बातचीत

महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सरकार गठन के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ उनकी अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई।

शिंदे ने मुंबई जाने से पहले कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर फैसला एक या दो दिन में महायुति की बैठक में होगा। शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य में सत्ता साझेदारी समझौते पर बातचीत के लिए गुरुवार रात शाह और नड्डा से मुलाकात की थी। निवर्तमान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक या दो दिन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर निर्णय लेंगे। हमने चर्चा की है और यह जारी रहेगी। जब हम अंतिम निर्णय लेंगे तो आपको पता चल जाएगा। शिंदे ने कहा कि वह राज्य में सरकार गठन में बाधा नहीं बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शाह द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि लाडका भाऊ (प्यारा भाई) का दर्जा मेरे लिए किसी भी अन्य चीज से ऊपर है।

# लक्ष्य, प्रियांशु और पीवी सिंधु सेमीफाइनल में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप
- कपिला-तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल और अश्विनी-तनीषा महिला युगल के अंतिम चार में



**अमृत विचार :** शीर्ष वरीय स्टार भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। साथ ही पुरुष एकल में शीर्ष वरीय भारतीय शटलर लक्ष्य सेन व दूसरी वरीय प्रियांशु राजावत भी जीत के साथ अंतिम चार में पहुंच गए हैं। महिला युगल में दूसरी वरीय त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. भी सेमीफाइनल में पहुंच गईं। 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल व पिछली उप विजेता भारत की शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो महिला युगल के अंतिम चार में जगह बना चुकी हैं।

गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में चैंपियनशिप में राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को जीत के लिए शुक्रवार को अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने हमवतन माइसनम लुआंग मेरबा को 21-8, 21-19 से हरा कर आसान जीत दर्ज की। लक्ष्य सेन को दूसरे गेम में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा। एक समय ऐसा भी लगने लगा था कि लक्ष्य यह गेम गवां बैठेंगे। अंतिम पलों में लक्ष्य ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए आसानी से जीत अपने नाम की। लक्ष्य ने जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा कि दूसरे गेम में कुछ कठिनाई हुई थी, लेकिन जीतना अच्छी बात है। पुरुष एकल में दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के गुयेन हे डांग को आसानी से 21-13, 21-8 से हराया। महिला एकल में शीर्ष वरीय भारत की पीवी सिंधु ने चीन की डाई वांग को 21-15, 21-17 से हराया।

### इशान और शंकर प्रसाद ने भी किया अंतिम चार में प्रवेश

पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में भारत के इशान भटनागर व शंकर प्रसाद, उदय कुमार के साथ साई प्रतीक व पृथ्वी के.राय भी अंतिम चार में पहुंचे गए। महिला एकल में थाईलैंड की एल. चाइवान ने भारत की तसनीम मीर को 21-13, 21-15 से और चीन की वू लुओ यू ने भारत की श्रीयांशी वली शेट्टी को 20-22, 21-14, 21-19 से हराया।

### इन भारतीय स्टार खिलाड़ियों पर आज होंगी सभी की निगाहें

- लक्ष्य का मुकाबला आज जापान के शोगो ओगावा से होगा, जिन्होंने 8वीं वरीय भारत के आयुष शेट्टी को 21-7, 21-14 से हराया।
- प्रियांशु की अब सेमीफाइनल में सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जेसन तेह से टक्कर होगी, जिन्होंने भारत के आर. संजीवी सतीश कुमार को हराया।
- पीवी सिंधु की टक्कर अब भारत की उन्नति हुड्डा (ओडिशा ओपन 2022 विजेता) से होगी, जिन्होंने एक अन्य मुकाबले में अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-16, 21-9 से हराया।

### आज के अन्य परिणाम

- मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो ने मलेशिया के लू बिंग कू व हो लो यी को 21-16, 21-13 से हराया।
- महिला युगल में ओलंपियन अश्विनी पोनप्पा के साथ उतरी तनीषा क्रैस्टो ने 5वीं वरीय हमवतन श्रुति मिश्रा व प्रिया कोन्जेंगबम को 21-12, 17-21, 21-16 से हराया।
- महिला युगल क्वार्टर फाइनल में त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. ने छठीं वरीय मलेशिया की गो पेई की व तेओह मेई जिंग को 21-8, 21-15 से और चीन की बाओ ली जिंग व ली कियान ने रूतुपर्णा पांडा व स्वेतपर्णा पांडा को 21-9, 21-4 से हराया।
- मिश्रित युगल में थाईलैंड के डी. पुवारानुक्रोह व सुपिसारा पेवसम्प्रान ने भारत के दूसरी वरीय सतीश कुमार करुणाकरन व आद्या वरियानाथ को हराकर बड़ा उलटफेर किया।



## गुकेश-लिरेन ने ड्रॉ खेली चौथी बाजी

विश्व शतरंज चैंपियनशिप

सिंगापुर, एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की चौथी बाजी ड्रॉ खेली जिससे दोनों खिलाड़ी बराबरी पर बने हुए हैं।

दोनों खिलाड़ियों ने 42 चाल के बाद बाजी ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। इस तरह से 14 दौर के इस मुकाबले में चार दौर के बाद दोनों खिलाड़ी दो-दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला खेल रहे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश ने बुधवार को तीसरी बाजी जीतकर बराबरी की थी। चीन के 32 वर्षीय खिलाड़ी लिरेन ने पहली बाजी जीतकर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरी बाजी ड्रॉ रही थी।

## खेल डायरी

### मालागा गोल्फ में संयुक्त दूसरे स्थान पर प्रणवी

**मालागा (स्पेन)।** भारत की प्रणवी उर्स ने एंडालुशिया कोस्टा डेल सोल ओपन डे एस्पाना गोल्फ के पहले दौर के बाद बोगीरहित छह अंडर 66 स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वह फिनलैंड की नूरा कोमुलेनेन से एक शॉट पीछे है। लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली बार खेल रही प्रणवी ने छह बर्डी लगाए। उनके साथ जर्मनी की हेलेन ब्रीम, पैट्रिशिया इसाबेल एस और स्पेन की अना पालेज ट्रिविनो दूसरे स्थान पर है। भारत की अदिति अशोक संयुक्त 20वें, दीक्षा डागर संयुक्त 32वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 41वें स्थान पर हैं।

### श्रीलंका सीरीज से बाहर हुए चोटिल मुल्डर

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर अंगुली में चोट लगने के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। किंग्समीड स्टेडियम में खेले जा रहे टेस्ट के दूसरे दिन वियान मुल्डर दाएं हाथ की अंगुली में चोट लगने के कारण फ्रेक्चर हो गया था। इस चोट के कारण मुल्डर श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान मुल्डर के हाथ में चोट लग गई थी और बाद में एक्स-रे से फ्रेक्चर की पुष्टि हुई। इस पारी में मुल्डर नौ रन बनाकर नाबाद रहे थे।

### हॉकी इंडिया ने लॉन्च किया आधिकारिक मोबाइल एप

**नई दिल्ली।** खेल की अधिक लोगों तक पहुंच और प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग से पहले आधिकारिक रूप से मोबाइल एप लॉन्च किया है। करीब सात वर्ष के अंतराल के बाद हो रही हॉकी इंडिया लीग की वापसी को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक उत्साहित है। इस एप के लिए अब दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक जुड़े रह सकते है। यह एप नवीनतम फोटो और प्रेस रिलीज से लेकर आंकड़ों की विस्तृत जानकारी का अनुभव प्रदान करता है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने एप को लेकर कहा आधिकारिक हॉकी इंडिया और हॉकी इंडिया लीग एप खेल को अपने प्रशंसकों के करीब लाने की दिशा में एक कदम है। हमारा लक्ष्य अपडेट, लाइव एक्शन और विशेष सामग्री सहजता प्रदान करना है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा यह एप न केवल प्रशंसकों के लिए है, बल्कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए भी है, जो खेल का जश्न मनाने और खेल को आगे बढ़ाने के लिए एक एकीकृत मंच बना रहा है। कई विशेषताओं को एकीकृत करके हमारा लक्ष्य खेल और प्रशंसकों के बीच की खाई को पाटना है। यह एप सभी के लिए सुलभ एक जीवंत हॉकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है।

### भारतीय महिला टीम की वनडे जर्सी का अनावरण



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में टीम की वनडे के लिए नई जर्सी का अनावरण किया। महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से वडोदरा में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला के दौरान नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने कहा जर्सी का अनावरण करना सम्मानजनक है और वास्तव में खुशी है कि हम पहली टीम हैं जो वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ यह जर्सी पहनने जा रही है। मुझे यह जर्सी बहुत अच्छी लगी और यह वास्तव में खुशी की बात है कि हमें वनडे के लिए विशेष जर्सी मिली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू शृंखला से पहले हरमनप्रीत की अगुवाई वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जहां वह पांच से 11 दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे शृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम की जर्सी पहनना हमेशा खास होता है क्योंकि इसे हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। मैं चाहती हूं कि भारतीय प्रशंसक भी यह जर्सी पहन कर गर्व महसूस करें।

### कैनबरा में आज से शुरू होगा दो दिवसीय अभ्यास मैच, बल्लेबाजी संयोजन तय करना चाहेगी भारतीय टीम

# बल्लेबाजों को परखेगी पिंक बॉल

कैनबरा, एजेंसी



**मैच : सुबह 9:10 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश :** जैक एडवर्ड्स (कप्तान), चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, स्कॉट बोलैंड, जैक क्लेटन, एडेन ओकोनोर, ओली डेविस, जेडेन गुडविन, सैम हार्पर, हान्नो जैकब्स, सैम कोंस्टास, लॉयड पोप, मैथ्यू रेनशॉ, जेम रियान।

ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम एडीलेड में दिन रात के टेस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन-रात के चार टेस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय चार साल पहले एडीलेड में मिली जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टेस्ट मैचों की शृंखला जीती थी।

गुलाबी गेंद सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना चाहेंगे। पर्थ टेस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रेक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टेस्ट में जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ये प्रयोग करने होंगे।

यह दो दिवसीय मैच ही है जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है। सरफराज खान जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। गिल ने नेट्स पर टीम के साथ अभ्यास किया। भारतीय टीम इस दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेल रही है क्योंकि अमूमन वे प्रतिस्पर्धी नहीं होते। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवर्ड्स के हाथ में है । टीम में आस्ट्रेलिया के अंडर 19 स्टार चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमेन, एडेन ओकोनोर और सैम कोंस्टास भी हैं।

### तैयार है मैकस्वीनी : हैरिस

**मेलबर्न।** नाथन मैकस्वीनी भले ही अपने टेस्ट पदार्पण में संघर्ष करते दिखे हों लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इस युवा सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए कहा कि वह इस भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार हैं। डेविड वॉर्नर की जगह मैकस्वीनी को टीम में जगह मिली थी लेकिन वह पर्थ में पहले टेस्ट में भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ महज 10 रन और शून्य ही बना सके। हैरिस दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की प्रथम श्रेणी टीम में मैकस्वीनी को कोचिंग देते हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है लेकिन हर किसी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है।

### ऑस्ट्रेलिया ने विराट कोहली को शतक बनाने का मौका दिया : एलन बॉर्डर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने पर्थ में पहले टेस्ट के दौरान विराट कोहली के बल्ले पर अंकुश लगाने में उनकी टीम की असमर्थता पर निराशा जताते हुए कहा कि इससे मेजबान को पांच मैचों की शृंखला गंवानी पड़ सकती है। पिछले डेढ साल में एक भी टेस्ट शतक नहीं लगा सके कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में फॉर्म में लौटे और नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने वह टेस्ट 295 रन से जीता। बॉर्डर ने सेन रेडियो से कहा जिस तरह से उन्होंने कोहली को शतक बनाने दिया, मैं बहुत निराश हूं। हम नहीं चाहते कि पूरी शृंखला में कोहली इस तरह आत्मविश्वास के साथ खेले। बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की रणनीति पर भी सवाल उठाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू शृंखला में जूझते नजर आए कोहली को उन्होंने फॉर्म मे लौटने का मौका दिया। पूर्व सलामी बल्लेबाजी मैथ्यू हेडन ने कहा विराट को उसकी पारी की शुरूआत में ही आउट करना चाहिए था। फील्ड प्लेसमेंट ऐसे थे कि उसने आसानी से रन बनाए जबकि वह इससे पहले दबाव में था। शॉर्ट गेंद डालने में भी आस्ट्रेलिया ने देर की। जायसवाल शॉर्ट गेंद नहीं खेल पा रहा था।

### राहुल करें पारी का आगाज और तीसरे नंबर पर उतरें रोहित : पुजारा

**कैनबरा।** चेतेश्वर पुजारा चाहते हैं कि केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत करें और कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर उतरें। रोहित की गैर मौजूदगी में पर्थ में पहले टेस्ट में राहुल ने मध्यक्रम की बजाय शीर्षक्रम पर बल्लेबाजी की थी। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों पर भारतीय बल्लेबाजी की रीढ रहे पुजारा का मानना है कि पहले टेस्ट में 295 रन से मिली जीत के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव नहीं होना चाहिए। जायसवाल ने पहले टेस्ट में शतक जमाया जबकि राहुल ने 26 और 77 रन की पारियां खेली। पुजारा ने कहा मुझे लगता है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव नहीं होना चाहिए। केएल और यशस्वी पारी का आगाज करें और रोहित तीसरे, शुभमन पांचवें नंबर पर उतरें । अगर रोहित पारी की शुरूआत करना चाहते हैं तो केएल तीसरे नंबर पर उतरें लेकिन उससे नीचे नहीं। मुझे लगता है कि उसे शीर्षक्रम में ही उतरना चाहिए क्योंकि यह उसकी शैली को रास आता है। अंगूठे के फ्रेक्चर के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे गिल छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाला दिन रात का टेस्ट खेलेंगे। पुजारा ने कहा गिल को पांचवें नंबर पर उतरना चाहिए क्योंकि इससे उसे समय मिलेगा। दो विकेट जल्दी गिरने पर भी वह नई गेंद को बखूबी खेल सकता है। तीन विकेट जल्दी गिरने पर वह आ सकता है और पुरानी गेंद के लिए ऋषभ पंत रहेगा।

## बोपन्ना-नागल ने आईओसीएल के लिए पीएसपीबी टेनिस खिताब जीता

पुणे, एजेंसी

इंडियन ऑयल कोरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की पुरुष और महिला टीमों ने क्रमशः ओएनजीसी और गेल को हराकर पीएसपीबी अंतर इकाई लॉन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

आईओसीएल ने ओएनजीसी को पुरुष टीम के फाइनल में 2-1 से हराया जबकि मिला टीम ने गेल को 2-0 से मात दी। डेविस कप खिलाड़ी दिविज शरण और रोहन बोपन्ना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विष्णु वर्धन और युकी भांबरी के खिलाफ तीन सेट का रोमांचक मुकाबला 6-7(5), 7-6(5), 10-7 से जीत लिया। दोनों टीमों ने एक एक एकल मुकाबले जीते थे। ओएनजीसी के वर्धन ने शुरूआती एकल में दिविज को 6-3, 6-3 से हराया जिसके बाद सुमित नागल ने युकी को 6-2, 6-3 से हराकर आईओसीएल को बराबरी पर ला दिया। महिलाओं की टीम स्पर्धा में आईओसीएल की रिया भाटिया ने गेल की लक्ष्मीसिरी दांडू को 6-3, 6-3 से ओलंपियन प्रार्थना थोम्बरे ने भी सोहिनी मोहंती को समान अंतर से मात दी।

## ब्रूक के शतक ने इंग्लैंड की तरफ मोड़ा मैच का रुख

क्राइस्टचर्च, एजेंसी

- न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे दिन इंग्लैंड ने पांच विकेट गवांकर बनाया 319 रन का स्कोर



<< पारी के दौरान शॉट लगाते स्टोक्स

हैरी ब्रूक ने सातवां टेस्ट शतक लगाया और ओली पोप के साथ पांचवें विकेट के लिए 151 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच का रुख अपनी तरफ मोड़ दिया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ब्रूक 132 और बेन स्टोक्स 37 रन पर खेल रहे थे। यह दोनों छठे विकेट के लिए अभी तक 97 रन जोड़ चुके हैं।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 319 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से केवल 29 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए थे। ब्रूक और पोप के बीच साझेदारी कितनी महत्वपूर्ण रही इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब ब्रूक ने क्रीज पर कदम रखा तब इंग्लैंड तीन विकेट पर 45 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। जल्द ही यह स्कोर चार विकेट पर 71 रन हो गया। पोप ने यहां से ब्रूक का अच्छा साथ निभाया और वे स्कोर को 222 रन तक ले गए। पोप अंतिम सत्र में 77 रन बनाकर आउट हुए।

न्यूजीलैंड का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा और उसने ब्रूक को 18, 41, 70 और 112 रन के निजी योग पर जीवनदान दिये। ब्रूक ने इसका पूरा फायदा उठाया। वह अभी तक 163 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगा चुके हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट 319 रन से आगे बढ़ाकर 348 रन तक पहुंचाई। उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

## बॉलीवुड हलचल



### बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रभलीन संधू आगामी फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम में काम करती नजर आयेंगी। वास्तविक घटनाओं से प्रेरित, फिल्म बेस्टसेलर द किडनी स्कैम भारत के सबसे बड़े मानव अंग तस्करी रैकेट के उजागर होने की दिलचस्प सच्ची घटनाओं को उजागर पर आधारित है। इस फिल्म में प्रभलीन संधू काम करती नजर आयेंगी। उन्हें फिल्म बकिंघम मर्डर्स में उनके अभिनय के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा मिली है। फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम की कहानी तीन युवा मेडिकल कॉलेज के छात्रों की है, जिन्हें सड़क के बीच में एक गरीब रिक्शा चालक मिलता है, जिसके घाव गहरे हैं। उन्हें नहीं पता था कि वे भारत के सबसे बड़े किडनी घोटाले का भंडाफोड़ करने वाले हैं। गरीब पीड़ितों की मदद करने के लिए, कीर्ति, राहुल और गुरकीरत अपने कॉलेज के अधिकारियों, प्रमुख डॉक्टरों और यहां तक कि राजनेताओं से भी संपर्क करते हैं। अपनी जान को खतरे में डालने, सबूतों को गायब करने और अपने परिवारों पर मंडराते खतरे के बीच, क्या वे अंत तक लड़ने का साहस कर पाएंगे? प्रभलीन संधू ने कहा, यह हाल के समय की सबसे प्रासंगिक, महत्वपूर्ण और डरावनी कहानियों में से एक है जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है।

### पॉप-स्टार एड शीरन भारत के छह शहरों में देंगे प्रस्तुति



**मुंबई।** वैश्विक पॉप स्टार एड शीरन 2025 में छह भारतीय शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन मार्च 2024 में अपने मुंबई कॉन्सर्ट के बाद भारत के अपने अब तक का सबसे बड़ा दौरा करने वाले हैं, जहां वह अपने संगीत के साथ दिल्ली सहित छह शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों के साथ रोमांचक खबर साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, आपके खूबसूरत देश के अपने अब तक के सबसे बड़े दौरे के लिए भारत वापस आ रहा हूं। साथ ही पहली बार भूटान में भी आ रहा हूं, एक दशक में पहली बार कतर वापस आ रहा हूं और बहरीन के खूबसूरत एम्फीथिएटर में फिर से आने वाला हूं। वर्ष 2025 की शुरुआत कितनी अच्छी हो रही, आप सभी को वहां देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। भारत में 11 दिसंबर से टिकट की बिक्री, भूटान में 30 नवंबर को, कतर और बहरीन में छह दिसंबर को। दौरे का भारत चरण 30 जनवरी को पुणे में शुरू होगा और इसमें हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, शिलांग और दिल्ली भी शामिल होंगे। चुनिंदा कार्डधारकों के लिए प्री-सेल टिकट बुकमायशो पर नौ दिसंबर से उपलब्ध होंगे, जबकि सामान्य टिकटों की बिक्री 11 दिसंबर से शुरू होगी। एड शीरन पुणे : 30 जनवरी यश लॉन्स में, हैदराबाद : 2 फरवरी रामोजी फिल्म सिटी में, चेन्नई : 5 फरवरी वाईएमसीए ग्राउंड में, बेंगलुरु : 8 फरवरी एनआईसीई ग्राउंड्स में, शिलांग : 12 फरवरी जेएन स्टेडियम में और दिल्ली एनसीआर : 15 फरवरी लेजर वैली ग्राउंड में प्रदर्शन करेंगे।

### मुनव्वर फारुकी ने मॉरीशस में पूरी की फर्स्ट कॉपी की शूटिंग

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी ने अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी की पूरी कर ली है। फर्स्ट कॉपी का अंतिम शेड्यूल मॉरीशस के शानदार स्थानों पर शूट किया गया, जो इस रोमांचक प्रोजेक्ट का एक बेहतरीन समापन था। मुनव्वर ने फर्स्ट कॉपी के साथ अभिनय में कदम रखा है, यह एक ऐसी सीरीज़ है जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा के एक नए पहलू को उजागर करने का वादा करती है। शूटिंग के आखिरी दिन की एक तस्वीर पहले ही वायरल हो चुकी है, जिसमें कलाकार- मुनव्वर फारुकी, क्रिस्टल डिसूजा और आशी सिंह- नाव पर आराम करते हुए, सौहार्द और खुशी का इजहार करते हुए नजर आ रहे हैं। मुनव्वर ने अपने दिल की बात साझा की और बताया यह यात्रा अविश्वसनीय से कम नहीं रही है। मॉरीशस में फर्स्ट कॉपी को पूरा करना एक अवास्तविक एहसास है- जैसे इस प्रोजेक्ट में की गई सारी मेहनत, रचनात्मकता और जुनून का सही समापन हो। किरदार, कहानी और इस लुभावने स्थान ने इस अनुभव को वाकई खास बना दिया। मैं इस प्रक्रिया के माध्यम से एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में बहुत आगे बढ़ा हूं। मैं हर किसी को यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि हमने क्या बनाया है। फरहान पी जम्मा द्वारा निर्देशित और साल्ट मीडिया और आरवीसीजे द्वारा निर्मित फर्स्ट कॉपी दर्शकों को 1990 के दशक के उत्तरार्ध में ले जाती है, जो डीवीडी युग के दौरान फिल्म पाइरेसी की दुनिया में ले जाती है।

## फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

**लखनऊ।** नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले केसीसी फाइटनाइट की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए जो एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले में जोर आजमाइश करेंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे।

इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइट से दर्शक रुबरु होंगे।

## उत्तराखंड को मिली नेशनल विंटर गेम्स की मेजबानी

ब्यूरो, देहरादून



- चमोली जिले के औली में 29 जनवरी से होगा आयोजन

**अमृत विचार :** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के साथ ही उत्तराखंड को इस बार नेशनल विंटर गेम्स की भी मेजबानी मिल गई है। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के अनुरोध पर 29 जनवरी से मौसम को देखते हुए विंटर गेम्स करवाने के लिए अनुमति दी है।

राज्य में विंटर गेम्स को लेकर लगातार उत्तराखंड विंटर गेम संगठन कई सालों से काम कर रहा है। उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के प्रेसिडेंट हर्ष मणि व्यास के मुताबिक इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में अध्यक्ष शिवा केशवन द्वारा स्की एंड स्नो फेडरेशन इंडिया को उत्तराखंड में इस बार नेशनल विंटर गेम्स अलॉट हुए हैं। उम्मीद है कि इस साल अच्छी बर्फबारी देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में विंटर गेम्स आयोजन की जो टेंटेटिव डेट्स उन्हें प्राप्त हुई हैं, वह 29 जनवरी से 2 फरवरी तक दी गई हैं। हालांकि यह पूरी तरह से मौसम और बर्फबारी पर निर्भर करता है।

विंटर गेम के क्षेत्र में उत्तराखंड देश के सभी राज्यों में अग्रणी है। चमोली जिले के औली में पूर्व आईएएस अधिकारी के नाम पर बना एसएस पांगती स्लोप इंटरनेशनल स्की एंड स्नो बोर्ड फेडरेशन (एफआईएस) से अप्रूव्ड स्लोप मौजूद है। ऐसा पूरे देश में केवल उत्तराखंड में है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

